


प्रयागराज, शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

माघ मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 264, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00



अन्दर : इसी महीने शादी करेंगे राहुल-अथिया धोनी और विराट कोहली को न्यौता





अंदर - भारत जोड़ो यात्रा, मीडिया और आगामी चुनाव



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# युवाओं की उड़ान के लिए रनवे तैयार

## युवा शक्ति का दोहन करने के लिए विचारों से युवा होना होगा : पीएम मोदी

**राष्ट्रीय युवा उत्सव**

**हमारा लक्ष्य भारत को शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना**

**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया संबोधित**



**हुबली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के हुबली में 12 जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। हुबली में युवा महोत्सव के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'उठो, जागो और लक्ष्य से पहले मत रुको'- विवेकानंद जी का यह उद्घोष भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है। कर्नाटक से स्वामी विवेकानंद के जुड़ाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अपने जीवनकाल में कर्नाटक की बहुत यात्राएं की थी। इन यात्राओं ने उनके जीवन में बहुत मदद की थी। मैसूर के महाराजा ने स्वामी जी की शिकागो यात्रा में उनकी बहुत मदद की थी। पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति के सपने भारत की दिशा तय करते हैं। युवा शक्ति की आकांक्षाएं भारत की मंज़िल तय करती है। युवा शक्ति का जुनून भारत का रास्ता तय करता है और युवा बने रहने का मतलब अपनी सोच, मेहनत, आकांक्षाओं और लगन में युवा होना है। आज गांव-शहर या कस्बा हर जगह युवाओं का जज्बा उफान पर है।

पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति का दोहन करने के लिए हमें अपने विचारों से युवा होना होगा। युवा होना हमारे प्रयासों में गतिशील होना है। युवा होना हमारे परिप्रेक्ष्य में मनोरम होना है। युवा होना व्यावहारिक होना है। अगर दुनिया समाधान के लिए हमारी ओर देखती है, तो यह हमारी अमृत पीढ़ी के समर्पण के कारण है।

युवा शक्ति भारत की यात्रा की प्रेरक शक्ति है। अगले 25 साल राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। युवा शक्ति के सपने भारत की दिशा तय करते हैं। युवा शक्ति की आकांक्षाएं भारत की मंजिल तय करती हैं। युवा शक्ति का जुनून भारत की शक्ति तय करता है। भारत के हर हिस्से में हमारे युवाओं की प्रतिभा और क्षमता के अविश्वसनीय उदाहरण हैं। आज भी, गणित से लेकर विज्ञान तक, जब वैश्विक मंचों पर प्रतियोगिताएं होती हैं, तो भारतीय युवाओं की प्रतिभा दुनिया को चकित करती है। पीएम मोदी ने कहा कि हर मिशन के लिए बुनियाद की जरूरत होती है, चाहे अर्थव्यवस्था हो या शिक्षा, खेल हो या स्टार्ट अप, कौशल विकास हो या डिजिटलाइजेशन हर क्षेत्र में एक मजबूत बुनियाद पिछले 8-9 साल में रखी गई है। आपकी उड़ान के लिए रनवे तैयार है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य इसे दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में ले जाना है। देश की यह आर्थिक वृद्धि हमारे युवाओं के लिए अपार अवसर लाएगी। पीएम ने कहा कि आज हम कृषि में अग्रणी वैश्विक शक्ति हैं। कृषि क्षेत्र में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन से एक नई क्रांति आने वाली है। यह युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा, नई ऊंचाइयों को छूने का एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों में भी भारत बड़ी वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह भारत के युवाओं की क्षमता के कारण संभव हो रहा है। उन्होंने महिला शक्ति के बारे में कहा कि भारत की महिलाएं आज लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। सेना में जुझारू भूमिकाएं निभा रही हैं। विज्ञान-प्रोद्योगिकी, अंतरिक्ष, खेल, ऐसे हर क्षेत्र में महिलाएं बुलंदियां छू रही हैं। ये उद्घोष है कि भारत अब पूरी शक्ति से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है।

# उत्तर भारत में 14 से 19 तक कड़ाके की ठंड



**मौसम का कहर**

**उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में पारा गिरने की आशंका, हीटर-गीजर सब हो जाएंगे फेल**

**फिलहाल उत्तर भारत में कोहरे की स्थिति में है सुधार**

**नई दिल्ली।** ठंड से जूझ रहे उत्तर भारत के लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में पारा गिरने की संभावना है। ये न्यूनतम -4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। हालांकि पिछले कुछ दिनों में उत्तर भारत में कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ की वजह से चल रही तेज हवाओं के कारण, मौसम विशेषज्ञ के अनुसार यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रहेगी और कोहरा जल्द ही लौटेगा। मौसम विशेषज्ञ ने कहा कि 14 से 19 जनवरी के बीच बर्फीली, भीषण ठंड का अनुभव होगा और 16 से 18 जनवरी तक इसके चरम पर रहने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञ ने एक ट्वीट किया कि एक सप्ताह में उत्तरी मैदानी इलाकों में शीतलहर चलेगी। भारत में शीतलहर का आगामी दौर 14-19 जनवरी 2023 के दौरान वास्तव में चरम पर होगा. मैदानी इलाकों में -4 से +2 डिग्री तक का तापमान रह सकता है। इस बीच, दिल्ली में आज (गुरुवार) हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। नई दिल्ली में क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने गुरुवार, 12 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहने और बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। सफदरजंग में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे तक न्यूनतम तापमान 9.3 डिग्री जबकि पालम में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की स्थिति बनी हुई है। जम्मू और कश्मीर, जो बर्फ से ढका हुआ है, उसे भी ठंड से कोई राहत नहीं मिलेगी। पारा के न्यूनतम -6 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की भविष्यवाणी की गई है। पंजाब, हरियाणा, नई दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश सप्ताह के दौरान भीषण शीतलहर की चपेट में रहेंगे. यहां न्यूनतम तापमान 0 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी भागों में 12-13 जनवरी को बादल छाए रहेंगे। हालांकि इस दौरान व्यापक स्तर पर बारिश या मावठ होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं है। विभाग के अनुसार, 14 जनवरी से राज्य के अधिकतर भागों में एक बार पुनः उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बड़ी गिरावट होने से राज्य में शीतलहर का नया दौर बीकानेर संभाग से शुरू होगा, जबकि 15 जनवरी से शीतलहर की तीव्रता में बढ़ोतरी होने से बीकानेर, जयपुर, अजमेर व भरतपुर संभाग के अधिकतर भागों में शीतलहर से तीव्र शीतलहर दर्ज होने की प्रबल संभावना है। बीते चौबीस घंटे में राज्य में न्यूनतम तापमान अलवर में 8.8 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 9.1 डिग्री व संगरिया में 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शेष जगहों में से ज्यादातर स्थानों पर यह 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।






# वाराणसी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

**अफरातफरी**

**घर में घुसकर मां-बेटे और बेटी की हत्या**

**दामाद पर हत्या का संदेह गिरफ्तारी के लिए चार टीम**



**वाराणसी।** राजातालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्कीपुर गांव में घर में घुसकर मां-बेटा और बेटी की निर्मम हत्या कर दी गयी। हत्या का शक दामाद अरविंद गुप्ता पर है, क्योंकि घटना के बाद से उसका मोबाइल ऑफ है और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने चार टीमें गठित कर तलाश तेज कर दी है।

वहीं इस मामले में एक अन्य नाम सामने आने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे पूछताछ के लिए उठाया। ट्रिपल मर्डर की सूचना पर एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह, डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। साक्ष्य संकलन के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सुराग जुटाए गये। एडिशनल सीपी संतोष कुमार सिंह, डीसीपी विक्रांत वीर और एसीपी ने बताया कि घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जायेगा। हिरासत में लिए गये व्यक्ति पर मृतका रानी गुप्ता से अवैध संबन्ध का आरोप है। जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना के मिल्कीपुर गांव में रानी गुप्ता (50) अपने पति भोलानाथ गुप्ता से छह साल से अलग रहती थी। रानी का भोलानाथ से न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। भोलानाथ और उसका बड़ा बेटा दीपक मिल्कीपुर से कुछ दूर पनियरा गांव में रहते हैं।

ग्रामीणों की मानें तो दो दिन से रानी के घर में कोई हलचल नहीं थी। गुरुवार को पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसी तो रानी (50), उसकी बेटी पूजा गुप्ता (28) और छोटे बेटे मोहन (24) का लहूलुहान शव घर में जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस की मानें तो रानी कुछ सालों से अपने पति और बड़े बेटे से अलग रहती थी।

उसकी शादीशुदा बेटी पूजा उसके घर आती-जाती रहती थी। पूजा की शादी वंदेपुर गांव निवासी अरविंद गुप्ता के साथ हुई है। दामाद का भी रानी के घर पर आना-जाना लगा रहता था। बुधवार को आखिरी बार उसे देखा गया। महिला के पति और बड़े बेटे ने दामाद पर हत्या की शंका जताई है। मृतका के पति भोला नाथ गुप्ता का आरोप है कि उनकी पत्नी का एक व्यक्ति अवैध संबन्ध है। ऐसे में क्राइम ब्रांच ने उक्त व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं आरोपी दामाद का मोबाइल बंद है और वह घर से गायब है। एडिशनल सीपी ने बताया कि घटना का जल्द ही खुलासा पुलिस करेगी।

## दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट फ्लाइट में बम की सूचना

**पुणे।** दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट के विमान में बम होने का दावा करने वाले फोन कॉल के बाद तलाशी ली जा रही है। विमान को आज शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। बम की धमकी के बारे में कॉल मिलने पर एयरलाइन के अधिकारियों ने बोर्डिंग को रोक दिया और बम दस्ते को बुलाया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उड़ान भरने से पहले दिल्ली से पुणे जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट में बम होने की कॉल आई थी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट की जांच की जा रही है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है लेकिन एसओपी के अनुसार सुरक्षा ड्रिल का पालन किया जाएगा।



## उत्तर प्रदेश में 22 आईपीएस अफसरों का तबादला



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने 22 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। मुजफ्फरनगर एसएसपी समेत 22 आईपीएस का गुरुवार को ट्रांसफर कर दिया। संजीव सुमन मुजफ्फरनगर के नए एसएसपी बने। इराज राजा एसपी जालौन बनाए गए। अभिषेक वर्मा हापुड़ के नए पुलिस कप्तान होंगे।

जारी आदेश के मुताबिक सत्यजीत गुप्ता एसपी संतकबीर नगर बने. केशव कुमार एसपी बलरामपुर बनाए गए। दीपक भूकर डीसीपी प्रयागराज कमिश्नरेट, सोनम कुमार डीसीपी आगरा कमिश्नरेट बने। राजेश सक्सेना सेनानायक 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, हेमंत कुटियाल एसपी विशेष सुरक्षा लखनऊ बने। अरविंद मौर्या एसपी यातायात निदेशालय बनाए गए. अनिरूद्ध कुमार एसपी ग्रामीण मेरठ बनाए गए। विनीत जायसवाल डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध हुए। कमलेश दीक्षित डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध, जबकि बीबीजीटीएस मूर्ति एसपी कानपुर देहात बने।

# हुबली में पीएम मोदी की सुरक्षा में भारी चूक

**मचा हड़कंप**

**रोड शो के दौरान माला लेकर गाड़ी के नजदीक पहुंचा युवक**

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का बड़ा मामला सामने आया है। यहां रोड शो के दौरान एक युवक पीएम मोदी की गाड़ी के करीब पहुंच गया। इस दौरान उसके हाथ में एक माला थी। जिस वक्त ये वाकया हुआ, उस दौरान पीएम मोदी की कार का दरवाजा खुला हुआ था और वह जनता का अभिवादन कर रहे थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने इस युवक को पीएम के पास पहुंचते ही पकड़ लिया और पीछे की ओर धकेल दिया। बता दें कि पीएम मोदी कर्नाटक में 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने हुबली में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। इसी दौरान उनकी सुरक्षा में चूक हुई। हालांकि पुलिस कमिश्नर ने इस मामले पर बयान देते हुए कहा है कि ये सुरक्षा में चूक नहीं है। सूत्रों के हवाले से पुलिस कमिश्नर ने कहा है कि जहां से वह लड़का आया था, उस बाड़े में सभी लोगों की एसपीजी द्वारा ठीक से तलाशी ली गई थी और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा ठीक से चेक किया गया था। यह कोई गंभीर चूक नहीं है। जानकारी के मुताबिक, रोड शो के दौरान एक शख्स अचानक उनके वाहन के नजदीक पहुंच गया। व्यक्ति ने पीएम मोदी को माला पहनाना चाह रहा था। हालांकि, व्यक्ति को पीएम की तरफ आता देख, सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और उसे बीच में ही रोक दिया। उसे तत्काल पीएम के काफिले से दूर किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने डॉ. स्वामी की याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'रामसेतु' को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की मांग वाली भाजपा के नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्र सरकार को फरवरी के पहले सप्ताह तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद डॉ. स्वामी की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद सरकार को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक अपना जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में करेगी। डॉ. स्वामी ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने 12 दिसंबर तक अपना जवाब दाखिल करने को वचन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा अदालत के समक्ष दिये गये वचन का पालन नहीं करने पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव को समन जारी करने की मांग की, लेकिन पीठ ने उनकी इस गुहार को अस्वीकार कर दिया।

# बक्सर में फूटा प्रदर्शनकारियों का गुस्सा

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के काफिले पर हुआ पथराव

**आक्रोश**

**केंद्रीय मंत्री को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला**

**लाठीचार्ज के बाद भड़के किसानों ने फूंक दी थीं गाड़ियां**



**बक्सर।** बिहार के बक्सर में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा है। इस दौरान उनके काफिले पर पथराव किया गया। उनके खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान अश्विनी चौबे मुर्दाबाद के नारे सुनाई दिए। बक्सर-चौसा के बनारपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री को सुरक्षाकर्मियों के घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थर्मल पावर प्लांट पर आगजनी के बाद किसानों से बातचीत करने बनारपुर गांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ देर के लिए किसानों से बातचीत भी की, लेकिन यहां उमड़ी भीड़ उग्र हो गई। चौबे बक्सर से सांसद भी हैं। बिहार के बक्सर में किसानों ने जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, बक्सर के चौसा गांव में सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) के थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। किसान इसका उचित मुआवजा मांग रहे हैं। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार देर रात किसानों के घर में घुसकर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज भी किया था।

आरोप है कि पुलिस ने घर में घुसकर महिलाओं-पुरुषों के साथ बच्चों पर भी बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाईं गई थीं। लाठीचार्ज की घटना का वीडियो किसानों के परिजन साझा कर यह पूछ रहे हैं कि अपराधियों के सामने घुटने टेक देने वाली पुलिस ने आखिर हमें इतनी बर्बरता से क्यों मारा है। मंगलवार रात घरों में घुसकर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाए जाने की घटना के बाद किसान भड़क गए थे। उन्होंने गाड़ियों को फूंक दिया था। चौसा पावर प्लांट में भी तोड़फोड़ कर दी गई थी। किसानों ने मोर्चा खोल दिया और रात भर बवाल करते रहे। किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और बसों में आग लगा दी। पुलिस की गाड़ियां भी फूंक डालीं। किसान पिछले दो महीने से मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# योगी सरकार के दावों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**प्रेसवार्ता**

**पूछा- पहले साइन हुए एमओयू कितना जमीन पर उतरे**

**सोशल मीडिया की टीम में किया गया बदलाव**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार के प्रदेश में निवेश के दावों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार को ये भी बताना चाहिए कि पहले निवेश के लिए जो एमओयू साइन हुए थे। उनमें से कितना निवेश जमीन पर उतरा और कितने लोगों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि ये इंवेस्टर्स समिट केवल चुनाव की तैयारी है। भाजपा की सरकार जनता को धोखा दे रही है। कुछ दिन चमक-दमक दिखेगी जमीन पर कुछ नहीं उतरेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि प्रदेश में निवेश के लिए 16 देशों में रोड शो किए गए थे जिससे 7 लाख 12 हजार करोड़ के निवेश का रास्ता साफ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने अब जिलों में भी इस तरह के इंवेस्टर समिट का आयोजन करने के लिए जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट केवल दिखावा है। भाजपा चुनाव की तैयारी कर रही है। इससे पहले जो एमओयू साइन हुये थे,उस पर कितना काम हुआ यह भी सरकार को बताना चाहिए। पहले हुये एमओयू जमीन पर नहीं आया तो इस बार हुये एमओयू का क्या होगा। यह तो आने वाला समय बतायेगा। इसके अलावा उन्होंने सवाल उठाते हुये कहा कि गोमती रिवर फ्रंट में नाव चलाने का काम होना था,मौजूदा सरकार ने उसे क्यों बंद कर दिया।

अखिलेश यादव ने गुरुवार को युवा दिवस के मौके पर प्रेस कांफ्रेंस में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के संघर्षों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन नेताजी के काम और संघर्ष को याद किया गया। अखिलेश ने कहा कि युवा दिवस पर सभी युवा संकल्प लें कि नफरत की राजनीति खत्म हो क्योंकि तभी तरक्की संभव है। अखिलेश यादव ने कहा कि गंगा नदी की सफाई के लिए सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे। गंगा तो साफ नहीं हुई पर इसके लिए आवंटित किया गया हजारों करोड़ साफ हो गया। गंगा की सफाई के लिए नालों को नदी में गिरने से रोकना होगा। हमने गोमती नदी साफ की सरकार ने इसे भी बर्बाद कर दिया। यहां पर नाव लाई गई पर इसे दूसरी जगह भेज दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हमने अपनी सोशल मीडिया टीम बदल दी है। भाषा के स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा के लोगों को अपनी भाषा ठीक करनी चाहिए। भाजपा विभिन्न संस्थाओं के जरिए लोगों को चिह्नित कर उनका उत्पीड़न कर रही है। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है योगी सरकार के बनाए हुए आयोग पर नहीं। *एजेंसी*

# वंदे भारत पर फिर पथराव खिड़की का टूटा शीशा

**दबंगई**

**आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन को तोड़ा**

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे यार्ड में खड़ी नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे पर पथराव किया, जिससे उसकी खिड़की का शीशा टूट गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सिकंदराबाद और विशाखापत्तनम के बीच चलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसे 15 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाई जानी है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कंचारपालेम में कोच परिसर के पास खेल रहे कुछ बच्चों ने बुधवार रात कथित तौर पर शरारत में ट्रेन के एक डिब्बे पर पथराव किया, जिससे उसकी खिड़की का शीशा टूट गया। घटना की जांच में विशाखापत्तनम पुलिस भी अब आरपीएफ के साथ शामिल हो गई है। पुलिस के मुताबिक, वंदे भारत एक्सप्रेस का एक रेक रखरखाव संबंधी जांच के लिए बुधवार को चेन्नई से विशाखापत्तनम पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि विशाखापत्तनम में रेक को कंचारपालेम स्थित नए कोच परिसर में ले जाया गया था, जहां यह घटना हुई। पुलिस के अनुसार, पथराव में ट्रेन की एक खिड़की का शीशा पूरी तरह से टूट गया, जबकि दूसरे में मामूली दरार आई। *एजेंसी*




## संक्षेप

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**माण्डा।** माण्डा क्षेत्र अन्तर्गत टिकरी निवासी रोहित पांडेय जो कि मेजा थाना में मुकदमा दर्ज था जिसमें रोहित गैंगस्टर एक्ट आरोपी था कई दिनों से फरार चल रहा था जिसको मांडा पुलिस ने गुरुवार सुबह सुरवांदलपुर से गिरफ्तार किया अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा।

### वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**थरवई।** गुरुवार को थाना थरवई की पुलिस टीम द्वारा थरवई के ग्राम धरमपुर धुरवा का वांछित अभियुक्त सतेंद्र यादव उर्फ पलटू पुत्र स्व त्रिभुवन यादव जो थाना थरवई में मुकदमें में पंजीकृत के साथ ही अन्य थानों में भी दर्ज हैं मुकदमे। गुरुवार को उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत शिवकली राम सहाय यादव इंटर कॉलेज के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### साइबर अपराधियों ने रू0 109000 खाते से उड़ाए

**थरवई।** थाना क्षेत्र के बेरुई गांव निवासी कमला शंकर भारतीया पुत्र मातादीन भारतीय का प्रयागराज के चौक में स्थित एक्सिस बैंक में खाता है बुधवार की देर शाम साइबर शातिर ने कमला शंकर के मोबाइल नंबर पर कॉल करके गुमराह करते हुए इनका एटीएम का पिन नंबर ले लिया उसके बाद कमला शंकर के खाते में पड़े रू0 109000 पार कर दिया। भुक्तभोगी कमला शंकर ने गुरुवार की सुबह थाना थरवई में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसमें पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही के आश्वासन दिया गया।

### डिम्पल यादव के जन्म दिन पर नारी शक्ति सम्मान 15 को

**मेजा।** मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव का जन्म दिन सपा नेता व निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम धाम से मनाएंगे। नरेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी 15 जनवरी को लोकप्रिय सांसद डिम्पल यादव के जन्म दिन पर कम्बल वितरण व महिला शक्ति का सम्मान किया जाएगा साथ ही समाजसेवा से जुड़े सम्मानित विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। नरेंद्र सिंह ने बताया सम्मान समारोह व कम्बल वितरण कार्यक्रम अपने निजी आवास पर भड़ेवरा गाँव मे आयोजित करेंगे।

# महर्षि विद्या मन्दिर में ज्ञान युग दिवस मनाया गया



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

**नैनी।** महर्षि विद्या मंदिर नैनी में 12 जनवरी 2023 को महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह की ओर से परमपूज्य महर्षि महेश योगी जी के 106 वे जन्म दिवस के शुभ अवसर पर ज्ञान युग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के जन्म लेते ही ज्ञान की धारा भूतल पर प्रवाहित होने लगी। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व में अपने दिव्य आभा से ज्ञानामृत धारा प्रवाहित किया। पूरे विश्व में सहज एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से भावातीत ध्यान से विश्व शांति आन्दोलन का शंखनाद किया। जिसका ध्वज आज पूरे विश्व में लहरा एवं फहरा रहा है। इस पावन बेला पर विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परम्परा के अनुसार श्री गुरू पूजन से हुआ तत्पश्तात दीप प्रज्ज्वलन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चंदोला जी एवं सभी शिक्षकगण तथा आगंतुक गणमान्य जन विद्यालय सभागार में उपस्थित रहे। गुरूपूजनोपरान्त सभी लोगों ने प्राणायाम एवं भावतीत ध्यान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने गुरू की महिमा का गुणगान करते हुए भजन प्रस्तुत किया। कुछ छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा बारहवीं की छात्रा खुशी शुक्ला द्वारा आध्यात्मिक नृत्य को प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने उपस्थित गणमान्य जनों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कहा कि ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी जी आज हमारे बीच में नहीं हैं, फिर भी उनका शुभाशीष हमारे साथ निरंतर रहता है। उन्होंने पूरे विश्व में अपने पूज्य गुरूदेव ब्रह्मानंद सरस्वती जी के दैवीय निर्देशन पर ज्ञान एवं शान्ति का प्रचार-प्रसार किया जिसका लाभ पूरा विश्व उठा रहा है। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्या जी ने सभी का धन्यवाद एवं साधुवाद व्यक्त किया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# लेखपाल का घूस लेते वीडियो वायरल

**फाफामऊ।** सोरांव तहसील के अंतर्गत मलाक हरहर क्षेत्र के लेखपाल द्वारा एक फरियादी से घूस लेने का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है की लेखपाल फरियादी से पैसे की मांग करता है और फरियादी द्वारा पैसा देने पर लेखपाल पैसा गिनकर अपने जेब में रख रहे है और काम हो जाने की बात कह रहे है। हला कि यह वीडियो कुछ माह पुराना बताया जा रहा है। फरियादी का काम न होने पर गुरुवार को यह वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरुवार को सोशल मीडिया पर मलाक हरहर क्षेत्र के लेखपाल का फरियादी से घूस लेने का वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो कुछ माह पहले पुराना बताया जा रहा है वीडियो की पड़ताल की गई तो पता चला कि सुमेरी का पूरा मलाक हरहर के शिव कुमार कुछ माह पहले जमीन संबंधी शिकायत ले कर लेखपाल के ऑफिस गए थे जहां पर लेखपाल ने काम के एवज में पैसा लिया था लेकिन काम न होने पर फरियादी ने वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### विद्यालय से घर आ रही छात्रा का अपहरण, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विद्यालय से घर आ रही हाईस्कूल की छात्रा का रास्ते में एक युवक अपहरण कर ले गया। छात्रा की माता ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री 11 जनवरी को विद्यालय गयी थी। छुट्टी के बाद घर आ रही थी। तभी रास्ते में बहला फुसलाकर एक युवक उसकी पन्द्रह वर्षीय पुत्री का अपहरण कर ले गया। तमाम पता करने के बाद गुरुवार को छात्रा की मां ने मऊआइमा थाने में ग्राम दांदूपुर निवासी मोहम्मद फैय्याज पुत्र दस्तगीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### सुबह बिजली कटौती से जनता परेशान

**माण्डा।** मांडा क्षेत्र के ज्यादातर गांव में इस समय लोग बिजली कटौती से बेहाल हैं सुबह छः वजह से ग्यारह बजे के आसपास तक लगातार कटौती से जनता परेशान है। तकरीबन पन्द्रह दिनों से सुबह छः बजे तक बिजली कटौती कर दी जाती है जिससे सुबह लोगों की दिनचर्या शुरू होती है लेकिन बिजली नदारद रहती है स्थानीय कर्मचारी किसी को कुछ भी बताना उचित नहीं समझते बिजली विभाग इस समय बेलगाम हैं। उत्तर प्रदेश सरकार नित निरंतर 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए कह रही है और ग्रामीणों में न्यूनतम 20 घंटे का देने का संकल्प है। जोकि मांडा क्षेत्र बुंदेलखंड में आता है जिसमें बिजली चौबीस घंटे देने का संकल्प सरकार का है लेकिन सुबह के पांच घंटे कटौती और दोपहर में दो से तीन घंटे कटौती होती है शाम को भी लगभग दो घंटे कटौती होती है लगभग आठ घंटे तक क्षेत्र में बिजली कटौती होती है किसान अपने खेतों में गेहूं तो लगा लिए हैं लेकिन दिन में बिजली ना के बराबर मिल रही है और इस ठंड में रात में कौन अपने खेतों में पानी लगाएं लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी रोस्टर प्रणाली में अनियमितता के कारण लोग बेहाल हैं जनता परेशान है सुनने वाला कोई नहीं।

# तैय्यब शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 21वॉं उर्स हर्षोल्लास से हुआ सम्पन्न

**उर्स**

**जामिया अशरफिया यूनिवर्सिटी मुबारकपुर के पूर्व कुलपति निजामुद्दीन के आने से काफी मजमा उनको सुनने के लिए जुटा रहा**

**मांडा।** सूफी फकीर सैय्यद तैय्यब मियां रहमतुल्लाह अलैह का उर्स उनके मानने वालों ने उत्साह पूर्वक मंगलवार व बुधवार को दो दिन पूर्ण आस्था व अकीदत के साथ भारी संख्या में मनाया। जिसमें हिन्दुस्तान लेवल के शायर व मौलानाओं की भी आमद विभिन्न प्रदेशों व जनपदों से रही।

बताते चलें कि 21 वर्ष पूर्व तैय्यब मियां साहब का नगर पंचायत भारतगंज में विशाल हुआ था। इसलिए इनका मजार भी यहीं है जब कि आप सतना जिला के अमरपाटन के रहने वाले थे। उक्त उर्स में मुम्बई, मध्य प्रदेश तथा अन्य जनपदों के अकीदत मन्द व उनके शिष्य भारी संख्या में आये। कस्बे में भी आपके मानने वालों की संख्या है। जामिया अशरफिया यूनिवर्सिटी मुबारकपुर के पूर्व कुलपति निजामुद्दीन के आने से काफी मजमा उनको सुनने के लिए जुटा रहा। आपने जलसे में बोलते हुए कहा कि तालीम हासिल करो बच्चों को पढ़ाओ हर तरह की शिक्षा दिलाओ। बच्चों को हाफिजे कुरान, मुफ्ती, मौलाना, वकील, डाक्टर, इंजिनियर, जज बनाओ ताकि सभी क्षेत्रों में स्वच्छ प्रतिस्पर्धा कर मुल्क के तरक्की में भागीदार बनो। सज्जादा नशीन कामिल मियां ने सबका खैर मखदम व शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि सभी से मिलजुलकर रहें और देश व मुल्क से मोहब्बत करें। कमेटी के सदर कमरुद्दीन खां व उप प्रबंधक शकील अहमद टंकी के साथ सभी सदस्य कमेटी के दो दिन बाहर से आये जायरीन के सेवा में डटे रहे। मेला में दुकानदारों की भी खूब बिक्री रही।

# घर से नाराज छात्र ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के भीरपुर रेलवे स्टेशन के सामने दिल्ली हावड़ा रेल रूट मार्ग पर ट्रेन के आगे कूदकर 9वीं कक्षा की छात्र ने जान दे दी। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के मझुआ गांव निवासी हेमराज पटेल का 17 वर्षीय बेटा नवदीप पटेल उर्फ चौहान गुरुवार सुबह 8 बजे के करीब घर से साइकिल लेकर स्वजनों को बिना कुछ बताए ही निकला था। जहां नौ बजे के करीब घर से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित भीरपुर रेलवे स्टेशन के सामने साइकिल खड़ी कर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिसे देख वहीं पर काम कर रहे रेल कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना होने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। वही उपस्थित लोगों से मृतक की पहचान नवदीप पटेल के रूप में किया गया। घटना की जानकारी पुलिस ने फोन के माध्यम से स्वजनों को देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर यंग इंडिया रन मिनी मैराथन का आयोजन



विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण

**नैनी।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रयागराज यमुनापार द्वारा यंग इंडिया रन मिनी मैराथन का आयोजन नैनी सेल्फी प्याइंट से किया गया। प्रतिभागियो को नगद राशि ट्राफी प्रमाणपत्र जनप्रतिनियो एवं पदाधिकारियो द्वारा दिया गया।

गुरूवार को सुबह मैराथन की शुरूआत बारा विधायक डॉं. वाचस्पति, कोराव विधायक राजमणि कोल, करछना विधायक पियूष रंजन निषाद,किसान मोर्चा क्षेत्रिय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा,भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा डॉं. कृतिका अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आकांक्षा सोनकर, डॉं. देवी सिंह पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरूण सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष युवामोर्चा पिन्टू नेता आदि ने सयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर किया। मैराथन दौड़ अरेल सेल्फी प्याइंट से शुरू कराकर इलेक्ट्रॉनिक बस अड्डा, लेप्रोसी चौराहा से होते हुए वापसी सेल्फी प्याइंट पर लगभग 5 किमी की दौड़ समापन हुआ।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**मेजा।** पुलिस ने गुरुवार को एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया। गौरतलब हो कि प्रभारी निरीक्षक मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व में गुरुवार को उ0नि0 संजय यादव ने मय फोर्स मुखबिर की सूचना पर वारंटी अभियुक्त अनूप कुमार तिवारी पुत्र राम अभिलाष निवासी करदहा थाना मेजा प्रयागराज उम्र करीब 35 वर्ष सम्बन्धित मुकदमा नम्बर 1503/06 थाना मेजा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय यादव के साथ कांस्टेबल घनश्याम रहे।

# माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज में मनी विवेकानंद जयंती

**जयंती**

**मुख्य अतिथि अंबरीश जी, विशिष्ट अतिथि डॉ शत्रुघ्न मिश्रा एवं डॉ अवनींद्र पांडे ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का किया उद्घाटन**



स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते मुख्य अतिथि व अन्य

**नैनी।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन पर माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं पुरातन छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबरीश जी प्रांत संगठन मंत्री गंगा समग्र योजना काशी प्रांत, विशिष्ट अतिथि डॉ शत्रुघ्न मिश्रा जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज जारी में संस्कृत के प्रवक्ता एवं अध्यक्ष डॉ अवनींद्र पांडे सामाजिक कार्यकर्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हिंदी अंग्रेजी व संस्कृत में दिए गए भाषण ने दर्शकों का दिल जीत लिया विद्यालय की बहने नंदिनी निषाद, काजल तिवारी, अनामिका, तृप्ति, अंजलि, आयुषी, शिवानी द्वारा बनाई गई रंगोली ने सभी का मन आकर्षित किया, उक्त कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बहन बिंदु मिश्रा तथा भैया भास्कर पांडे ने किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र अजीत तिवारी, डॉक्टर विकास यादव, प्रभाकर तिवारी, अमन शास्त्री विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री राधेश्याम तिवारी, सभाजीत पाल सुरेश्वर प्रसाद मिश्रा, चंद्रजीत यादव, अमित नायक, बनवारीलाल चौरसिया, विभूति नारायण सिंह, रामकरण सिंह, विजय कुमार सिंह, श्रीमती पदमा सिंह, सविता त्रिपाठी ,वंदना सिन्हा व विद्यालय के अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बढ़े विद्युत बिल को लेकर व्यापार मंडल ने जताई नाराजगी

**मेजा।** उत्तर प्रदेश में विजली का बिल बढ़ सकता है क्यों कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग में वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता दाखिल किया है,इसके साथ ही लाइन हानियां और घाटे को दिखाते हुए बिजली कंपनियों ने बिजली दरों में 15.50% वृद्धि का प्रस्ताव दाखिल किया है। यदि आयोग से प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तो घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरें 18 से 23 फीसदी तक बढ़ जाएंगी, अगर बिजली की बढ़ोतरी होती है तो आम जनमानस के साथ व्यापारी भी प्रभावित होंगे बिजली के बढ़े दामों को लेकर मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को अपने फैसले पर पुनः करना चाहिए क्योंकि कोरोना काल से अभी तक व्यापारियों के साथ आम लोगों की आजीविका पटरी पर नहीं लौटी है। अगर बिजली की बढ़ोतरी हुई तो लोगों के लिए यह चोट असहनीय होगी। पप्पू उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों की हितों को देखते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें।

# बिजली की भीषण कटौती से लोगों में मचा हाहाकार

**नैनी।** नैनी से सड़वा फीडर से संबंधित दर्जनों बस्तियों में बिजली की भीषण कटौती के कारण क्षेत्रीय लोगों को पूरे दिन बिजली नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। संडवा फीडर से अरैल के निषाद बस्ती, कुशवाहा नगर, करबला, मुराद पुर, नई बस्ती, शिव नगर, कृष्णा नगर, नंदन तालाब, चक हीरा नंद, बहुगुणा नगर, सुरिया भीट, सोमेश्वर मंदिर, सच्चा बाबा नगर, संत नगर, टीचर कालोनी, मवैया के टिकुरी, निषाद बस्ती, गंगेश्वर महादेव, पाल बस्ती, यादव बस्ती, हरिजन बस्ती, लवायन के तालाब बस्ती, शोध्याय बस्ती, होलिका बस्ती आदि बस्तियों में बिजली आपूर्ति होती है/ जबकि पूरे दिन बिजली न आने के कारण पीने के पानी भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। स्थानीय विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि सड़वा फीडर से बिजली नहीं आ रही है। ऊपर से ही बंद करने का आदेश पर इस संबंध में क्षेत्रिय जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान गण, भा0 ज0पा0 कार्यकर्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण, जिला पंचायत सदस्य, आदि संभ्रांत व्यक्ति के समक्ष एक प्रतिनिधि मंडल क्षेत्रीय विधायक मा0 पीयूष रंजन निषाद जी से मिलकर विद्युत समस्या को अवगत कराया। उन्होंने शीघ्र ही विद्युत समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप महरा शास्त्री, परतिनिधिराम नरेश तिवारी, ओंकार नाथ मिश्र, प्रवेश पाण्डेय, मुरलीधर निषाद, शिव शंकर दीक्षित, उमाशंकर, लल्लू कुशवाहा, प्रमोद महरा, देवी चरण, इस्तियाक अहमद, पिंकू जोशी, फूलचंद्र गौड़, उमाशंकर मिश्र, विकास तिवारी, संतोष दीक्षित, अमृत लाल, छोटू सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, कुलभूषण पाण्डेय, रामू निषाद, अनिल निषाद, शिव तिवारी, बबलू शर्मा, राजेश पूरी, अजय गिरी आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।



परीक्षा देते परीक्षार्थी

# सिरसा के डिग्री कालेज में बिषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में 14 छात्राएं रही अनुपस्थित**

**मेजा।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की बुधवार से विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हैं। इसी क्रम में लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज में गुरुवार से भी परीक्षा शुरू हुई। डिग्री कालेज को 10 महाविद्यालय का नोडल केंद्र तथा तीन महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया है इसमें स्वकेंद्र भी है। गुरुवार को सुबह की पाली में गृह विज्ञान की परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। परीक्षा में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 52 थी जिसमे 14 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। उक्त परीक्षा केंद्राध्यक्ष डा. महेंद्र कुमार जायसवाल, प्राचार्य, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज की निगरानी में किया गया।

### तीन दिवसीय मखदूमी कॉन्फ्रेस सोमवार से

**लालगोपालगंज।** विकास खंड श्रृंगवेरपुर अंतर्गत आनेवाली ग्रामसभा कस्बा मेंडारा स्थित खानकाह आलिया, शाहिया, जलालिया के तत्वावधान में उर्स सैयद शाह अब्दुल करीम बुखारी के उपलक्ष में तीन दिवसीय मखदूमी काफन्फ्रेंस एवं जश्न दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन दिनांक 16 जनवरी से आरंभ होकर 18 जनवरी को इसका समापन होगा। संयोजक सैयद शाह जुनैद अमद बुखारी ने बताया कि प्रथम दिवस सोमवार को सुबह दस बजे से असर नमाज से पूर्व तक कार्यक्रम चलेगा। पहले दिन मौलाना मो. तौसीफ रजा खान कादरी रिजवी का खुसूसी खिताब होगा। इनके साथ देशभर से आए विशिष्ठ उलेमाओं के द्वारा तकरीर एवं शायरों के द्वारा नातिया कलाम पेश किया जाएगा। इसी दिन मदरसा छात्रों को हाफिज,कारी और आलिम की उपाधि देकर उनकी दस्तारबंदी होगी। द्वितीय दिवस मंगलवार को बाद नमाज जुहर परचमकुशाई, तत्पश्चात मजा मुबाक का गुस्ल शीरफ, बाद में महफिले समा, गागर एवं फतेहा ख्वानी। अंतिम दिन बुधवार को सुबह के समय कुरआनख्वानी, तत्पश्चात खुसूसी तबरूर्कात का दर्शन, महफिले समा के बाद कुल शरीफ और लंगरआम के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन मंडल ने क्षेत्रीय लोगों से कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने की अपील किया है।

# लोकपाल मनरेगा ने होलागढ़ ब्लाक में किया निरीक्षण



निरीक्षण करते लोकपाल मनरेगा

**होलागढ़।** प्रयागराज के मनरेगा लोकपाल ने बृहस्पतिवार को होलागढ़ ब्लाक क्षेत्र के दो ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए

होलागढ़ ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर अकबर और यादवपुर में प्रयाग राज के लोकपाल विजय कुमार ने मनरेगा द्वारा कराया गाए कार्यों का निरीक्षण किया सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सुल्तानपुर अकबर में अमृत सरोवर और इंटरलाकिंग का निरीक्षण किया उसके बाद यादवपुर में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया और कहा की तालाब का पानी निकलवा कर अमृत सरोवर का कार्य जल्द पूर्ण कराए इस मौके पर ए पी ओ विनोद कुमार गुप्ता सचिव देवेंद्र कुमार रोजगार सेवक सोमेश त्रिपाठी तकनीकी सहायक जगतपाल पटेल हरिनंद श्रीकांत पटेल मोहम्मद अजीम सुरेंद्र पटेल संजय आदि लोग मौजूद थे।

### चौराहे पर अलाव जलाने से राहगिरों में खुशी की लहर

**मऊआइमा।** इस भीषण शीतलहरी से हर कोई परेशान है। लोग अधिकतर घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। बहुत जरुरी काम से ही घरों से निकल रहे हैं। बताते हैं कि नगर पंचायत क्षेत्र में जगह जगह अलाव जला हुआ है। अब ग्राम हरखपुर में नदीम सादिक ,डाक्टर यादव ,जुनैद ,रामलखन ,शफीक आदि के सहयोग से चौराहे पर अलाव जला दिया गया है। जिससे राहगीरों को काफी राहत मिल रही है।

### होलागढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त

**होलागढ।** होलागढ़ थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में दूधिया बीर बाबा पर चेकिंग अभियान के दौरान वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र कंधई निवासी सुल्तानपुर जयसिंह को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए भेजा जेल।

# करछना विकास खंड में धनाभाव के चलते अमृत सरोवर का कार्य प्रभावित



**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत गांवों में तालाबों को सवारने का कार्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में एक है जिसे सरकार ने प्रभावी ढंग से गांव में तालाबों को अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कायाकल्प कराने में प्रयासरत है वही मनरेगा योजना के अंतर्गत बनने वाले गांव में अमृत सरोवर कार्य पूरी तरह प्रभावित हों रहें हैं बता दें कि विकासखंड करछना के अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगभग 40 गांव में अमृतसर सरोवर का निर्माण कार्य कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है लेकिन वही सरकार द्वारा धन उपलब्ध ना होने के कारण यह योजना पूरी तरह ठप पड़ी हुई है अधिकांश गांव में अधूरे कार्य के बाद पैसे की कमी के कारण कार्य बाधित हैं जिसके चलते यह योजना कच्छप गति से चल रही है कुछ प्रधानों का कहना है कि सरकार द्वारा निर्देशित किया गया कि गांव में तालाबों का कायाकल्प कर अमृत सरोवर के नाम से जाना जाने लगेगा जिसके तहत व्यापक पैमाने पर गांव में चिन्हित कर अमृत सरोवर कार्य शुरू कराया गया था बता दें कि चार-पांच महीने से अमृत सरोवर स्वीकृति के बाद भुगतान के अभाव में कार्य अधर में लटके हैं पंचायत सचिव कमल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत नीबी में 8.50 लाख रुपए का 3 माह पूर्व अमृत सरोवर कार्य स्वीकृत किया गया था अभी तक ?4000 मजदूरी का भुगतान हो सका है लाखों रुपए का कार्य प्रधान द्वारा अपने से करा दिया गया है लेकिन योजना के अंतर्गत पैसे के लिए आगे का कार्य ठप पड़ा हुआ है उन्होंने बताया कि आगे मनरेगा योजना में धन उपलब्ध होने पर आगे सरोवर का कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा इसी तरह अधिकांश गांव में मनरेगा योजना के अंतर्गत बनने वाले अमृत सरोवर कार्य धन के अभाव में कार्य बाधित हैं खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने बताया कि सरकार की यह योजना तेजी से गांव में अमृत सरोवर का कार्य कराया जा रहा है तथा कुछ गांव में भुगतान को लेकर कार्य लंबित हैं जिसे जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा

# पुरानी रंजिश में मार पीट, तोडफोड़-लूट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी दम्पत्ति ने एक घर पर ईट पत्थर चलाए। तथा तोड फोड लूटपाट किए। पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर निवासी आशीष कुमार पुत्र बच्चू लाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी दम्पत्ति उसके घर पर चढ आए ईट पत्थर चलाए तोड फोड किए और मोबाइल को लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारे पीटे। आशीष कुमार ने मऊआइमा थाने में सन्त लाल और उनकी पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि बारकाउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में रजिस्टर्ड अधिवक्ता अवनीश चन्द्र त्रिपाठी पुत्र अशोक कुमार त्रिपाठी जिनका रजिस्ट्रेशन नं0 UP11052/10 हैं इनका बार काउंसिल प्रमाण पत्र दि0 10/01/22 को कही खो गया है। अगर किसी को कही मिल जाए तो 9452802953 पर संपर्क करें।



गंगा पूजन करते साधु संत

# प्रयागराज माघ



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 21.00 |
| न्यूनतम : | 7.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### असहायों का सहारा बनी : ग्राम प्रधान सरिता तिवारी

**थरवई।** वर्तमान की मौजूदा स्थिति में गरीबों व असहायों की बढ़ती ठंड में उनकी मुश्किलों बढ़ती जा रही। ऐसी मुश्किल दिनों का साथ बनी बहमलपुर ग्राम प्रधान सरिता देवी लेखपाल महेन्द्र पाल की उपस्थिति में मंगलवार को ग्राम पंचायत बहमलपुर के चकिया घाट में कई असहाय महिलाओं को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण किया। जिसमें सभी के द्वारा ग्राम प्रधान सरिता तिवारी व लेखपाल के कार्यों की सराहना की। कंबल पाकर सभी के खिले चेहरे।

# बिना महर्षि के प्रयागराज अधूरा : न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी

**जयंती समारोह**

**प्रयागराज तीर्थों का राजा है और गुरुकुल का क्षेत्र : न्यायमूर्ति**

**पुष्प अर्पण के बाद महर्षि भरद्वाज की निकाली गयी शोभा यात्रा**



महर्षि भरद्वाज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते न्यायमूर्ति

**प्रयागराज।** बिना महर्षि के प्रयागराज अधूरा है, महर्षि पहले व्यक्ति थे जिन्होंने इस स्थान को जागृत किया। यहां पर मानव सभ्यता और जीवन जीने की कला का विकास हुआ। प्रयागराज तीर्थों का राजा है और गुरुकुल का क्षेत्र। उक्त बातें प्रयागराज दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय महर्षि भरद्वाज जयंती समारोह पर न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने कही। इस अवसर पर न्यायविद व प्रशासनिक अधिकारी, साधु संत व. गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम, विशाल प्रतिमा स्थल पर महर्षि भरद्वाज की 5 फुट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया। इस अवसर न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी, न्यायमूर्ति नीरज तिवारी मंडलायुक्त विजय, विश्वास पंत पुलिस कमिश्नर रमिश शर्मा जिला अधिकारी, माघ मेला अधिकारी अरविंद चौहान, एसएसपी माघ मेला राजीव नारायण मिश्र, प्रयागराज विकास प्राधिकरण सचिव अजीत सिंह, संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद सहित साधु संत, विद्वत जन व गणमान्य नागरिकों ने महर्षि की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया।

प्रयागराज विद्वत परिषद भारत भाग्य विधाता व अन्य संस्थाओं के सहयोग से तीन दिवसीय प्रयागराज दिवस मनाया जा रहा है। इसके संयोजक समन्वयक, वीरेंद्र पाठक ने कार्यक्रम का संचालन किया।

संतो ने कहा कि महर्षि भरद्वाज प्रयागराज की प्रयागराज की अस्मिता के प्रतीक हैं। इनके पुण्य स्मरण के बिना प्रयागराज की महिमा पूर्ण नहीं जा सकती। हम सबको स्थान के देवता और तीर्थ के नायक महर्षि भरद्वाज की परंपरा को कायम रखते हुए सांस्कृतिक विकास की धारा को बढ़ाना होगा।

इस अवसर पर स्वामी हरी चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि महर्षि भरद्वाज ही वह महान ऋषि है जिनकी वजह से आज माघ और कुंभ मेला है। जगतगुरु श्रीधराचार्य, ने कहा की अस्सी हजार शिष्य महर्षि भरद्वाज के थे, हर छह से दस शिष्य पर एक गुरु थे । इतनावह बड़ा गुरुकुल था। पृथ्वी के पहले कुलपति थे। जगतगुरु घनश्याम आचार्य ने कहा कि राम की कथा का विस्तार इसी पावन भरद्वाज आश्रम से शुरू हुआ। प्रोफेसर के बी पांडे, पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग ने बताया कि पृथ्वी पर हवा में उड़ने वाले विमानों के अविष्कारक महर्षि भरद्वाज ही थे। महंत यमुना पुरी जी महाराज ने कहा कि महर्षि भरद्वाज, प्रयागराज के प्रवर्तक हैं। उनके महिमामंडन के लिए हम सब तैयार हैं। भरद्वाज आश्रम का विकास आश्रम की तरह ही होना चाहिए।

श्री राम गोपाल दास जी ने कहा कि महर्षि भरद्वाज का यह आश्रम जहां पहली बार राम कथा गायी गई। इस स्थान पर राम कथा की परंपरा शुरू की जाएगी।

महर्षि भरद्वाज की तीन दिवसीय जयंती व प्रयागराज दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इसके प्रथम दिन विशाल प्रतिमा स्थल पर सजावट की गई साथ ही लोगों को महर्षि भरद्वाज के बारे में जानकारी दीं गई।

सवेरे पुष्प अर्पण के बाद महर्षि भरद्वाज की शोभा यात्रा भरद्वाज आश्रम से निकलकर अल्लापुर मटियारा रोड होते हुए किला चौराहा पहुंची जहां से संगम पर विराम लिया। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। संगम पर साधु-संतों और यात्रा में गए लोगों ने गंगा पूजन किया साथ ही महर्षि भरद्वाज के कार्यों पर चर्चा की। मेला अधिकारी अरविंद चौहान तथा एसएसपी मेला राजीव नारायण मिश्र ने भी गंगा पूजन में भाग लिया।

वक्ताओं में उक्त कार्यक्रम में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से ,, बिहार राज्य विद्वततक्षक परिषद के पीठाधीश्वर, रविशंकर जी, चंद्र देव जी सच्चा आश्रम लाल जी शुक्ला, अंशुल जी सिया रामशास्त्री, पूर्व प्राचार्य पीयूष रंजन अग्रवाल पूर्व कुलपति जानकी शरण दास जी, ज्योतिषाचार्य ब्रजेन्द्र मिश्र विशाल जी चंद्र विजय चतुवेर्दी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता डॉ प्रमोद शुक्ला सुधीर द्विवेदी डॉ रंजन बाजपेई अभिषेक मिश्रा शशिकांत मिश्रा, देवेंद्र सिंह दिव्यांशु मेहता, राजीव भारद्वाज प्रदीप पांडे मनोज पांडे, अशोक पाठक पंकज, डॉ विनोद त्रिपाठी विजय मिश्रा, श्रीमती रानीजी, उत्तम बनर्जी, अनु घिल्डियाल अनिल गुप्ता कुलदीप शुक्ला अमित मिश्रा शुक्ला दीपू त्रिपाठी। कार्यक्रम के पूर्व भजन आयोजित किया गया लोक गायकों व लोक वादको के दलों ने लोगों का मन मोह लिया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के बीन वादको और लोक जनजाति कला, संस्कृति संस्थान, संस्थान के दल ने हिस्सेदारी की।

## संक्षेप

### बीएसएनएल के दफ्तर में लगी आग



**प्रयागराज।** सिविल लाइन थाने के पास स्थित बीएसएनएल के दफ्तर मे गुरुवार को भीषण आग लग गई। इससे हजारों फाइलें जलकर राख हो गईं। बीएसएनएल के इसी भवन के दूसरे तल पर प्रवर्तन निदेशालय का दफ्तर भी है। आग लगने के बाद हड़कं मच गया। भूतल पर लगे आग को फायर विभाग ने बुझाया। सिविल लाइन थाने के पास स्थित बीएसएनएल दफ्तर में आग लग गई। ग्राउंड फ्लोर स्थित लेखा विभाग में भड़की आग से कई फाइलें जलकर राख हो गईं। इसी बिल्डिंग में ऊपरी तल पर प्रवर्तन निदेशालय का दफ्तर भी स्थित है।

### कलना गांव में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत कलना गांव में ग्राम चौरा माता मंदिर प्रांगण में स्थित नीम के पेड़ से लटकर युवक ने जान दे दिया। पिता सोहनलाल की तीन वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है उसके तीन पुत्रों में सबसे बड़े अनिल कुमार जो कि गांव में ही मकैनिक का काम करता था ग्रामीणों के अनुसार अनिल नशे का सेवन करता था और हमेशा इसी को लेकर परिवार में कलह लड़ाई झगड़ा होता रहता था। मंगलवार देर रात ग्राम चौरा माता मंदिर में स्थित नीम की पेड़ पर चढ़ गया और फांसी लगाकर जान दे दिया।परिजनों को लगा कि कहीं गया होगा आ जाएगा घने कोहरे और ठंड के कारण रात में कहीं खोजबीन नहीं किया। बुधवार सुबह ग्रामीणों को अनिल का शव? पेड़ से लटका दिखाई दिया तो परिजनों को सूचना दिया। देखते देखते सैकड़ों लोग जुट गए और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सरायममरेज पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया।मां सीता देवी, पत्नी पिंकी देवी और 12 वर्ष के बेटे, 7 एवं 3 वर्ष की बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है अनिल की आकस्मिक मौत से परिजन एवं ग्रामीण हतप्रभ हैं।

### गड्ढा युक्त सड़क से लोगों को हो रही परेशानी, आक्रोश



**नैनी।** लोकपुर नैनी स्वामी स्वीट हाउस और आनंदन कुशवाहा सब्जी वाली दुकान के बीचों बीच में एक गड्ढा है जो कि आने-जाने में लोगों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है वही 2 दिन बाद मेला आगमन है जिससे गडढों को लेकर गांव के लोग बहुत आक्रोशित हैं और उन्होंने विभागीयों से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### विकास से कोसो दूर जोधी गांव



**लालापुर।** क्षेत्र के जोधी गांव में आज भी मुख्य रास्ता को इंटरलॉकिंग नही किया गया,जिससे ग्रामीणों को बारिश में अपने दरवाजे से लेकर मुख्य सड़क पर जाने से कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इस रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने कई बार तहसील समाधान दिवस पर शिकायत किया लेकिन ट्राली दो ट्राली मिट्टी डालकर इति कर दिया। ब्लाक शंकरगढ़ अंतर्गत सोनवै डाँडी,के मजरा जोधी गांव को मुख्य सड़क को जोड़ने वाला लगभग 150 मीटर आज भी सौन्दरी करण से कोसो दूर है। जिस गांव में बसा होता है ग्राम प्रधान उसी गांव का सबसे ज्यादा होता है विकास,बाकी मजरा उपेक्षा के होते है शिकार।इस गांव को न ही किसी जनप्रतिनिध ने ध्यान दिया न ही ग्राम प्रधान, आखिर सवाल ए उठता है कि इस गांव के मुख्य रास्ते को इंटरलॉकिंग व नाली क्यो नही बनाई गई।ग्रामीण गुड्डू पाण्डेय, बाबू जी यादव,त्रिवेणी पाण्डेय का कहना है इस रास्ते को बनाने में जनप्रतिनिधियों से लेकर सम्बंधित अधिकारी आज तक अनदेखी किए।

## माघ मेले के त्रिवेणी हॉस्पिटल में महिला ने बच्ची को दिया जन्म



**प्रयागराज।** माघ मेले में गंगा-यमुना के संगम पर बने त्रिवेणी हास्पिटल में बृहस्पतिवार को महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। माघ मेले के हास्पिटल में यह पहली डिलीवरी हुई है। सकुशल प्रसव होने पर जिलाधिकारी ने डिलीवरी संपन्न कराने वाली डॉक्टर और उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। नवजात बच्ची का नाम गंगा रखा गया है।मध्य प्रदेश में सीधी जिले की रहने वाली महिला माघ मेले में दुकान लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करती है। दो दिन पहले उसे प्रसव पीड़ा होने पर माघ मेले में बने त्रिवेणी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। बृहस्पतिवार को महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। त्रिवेणी अस्पताल की अधीक्षक डॉ. अंकिता और उनके सपोर्ट स्टाफ ने सकुशल प्रसव कराया। बच्ची का वजन तीन किलो है।जच्चा एवं बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ है महिला को मेला क्षेत्र में स्थित त्रिवेणी हॉस्पिटल में डॉक्टर अंकिता एवं उनकी टीम के पर्यवेक्षण में रखा गया है। डॉ. अंकिता ने बताया कि बच्चे को ओरल पोलियो वैक्सीन, हेपेटाइटिस बी, बीसीजी वैक्सीन भी लगा दी गई है। टीकाकरण कार्ड उसके परिवार को सौंप दिया गया है।

## नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ आप का जोरदार प्रदर्शन



प्रदर्शन करते आप पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** गूंगे-बहरे नगर निगम प्रशासन प्रयागराज को जगाने के लिये एवं ठंडी से लोगों की जान बचाने हेतु शहर के हर वार्ड के हर चौराहों पर अलाव जलाये जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी प्रयागराज के कार्यकताओं द्वारा पत्थर गिरिजाघर सिविल लाइंस में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये एवं नगर निगम प्रयागराज के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुये आप जिलाध्यक्ष प्रयागराज डॉ अलताफ अहमद ने कहा कि विगत दस दिनों से विभिन्न माध्यमों से नगर निगम प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह अलाव की समुचित व्यवस्था कर लोगों की व जानवरों की जान बचाये लेकिन नगर निगम प्रशासन ने नहीं सुना।

आज के विरोध प्रदर्शन के बावजूद यदि नगर निगम प्रयागराज किंकर्तव्यविमूढ़ बना बैठा रहा तो यह अब बरदास्त नहीं किया जाएगा बल्कि इसके खिलाफ आप कार्यकर्ता आगे के आंदोलन व कुछ कठोर निर्णय लेने को बाध्य होंगे। आम आदमी पार्टी का मूल सिद्धांत ही है कि वह जनमानस की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती आई है और आगे भी करती रहेगी। प्रदर्शन स्थल पर नगर आयुक्त के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया गया। पार्टी की इसी कार्यशैली व विचारधारा की देन है कि आज वह देश की तीसरी राष्ट्रीय पार्टी है।

आज के विरोध प्रदर्शन में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों में जिला महासचिव नितिन सिंह पटेल, आप जिला सचिव रविन्द्र श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, महिला जिला महासचिव आलमआरा सिद्दीकी, आप जिला उपाध्यक्ष डॉ0आजमा परवीन, स्वाती चौरसिया, हमीदा बानो, जिला उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश चौबे, मोहम्मद जैद, मोहम्मद मसूद, यूथ प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम, अजय कुमार निषाद, यूथ जिलाध्यक्ष विशाल सिंह यादव, अभय सिंह, सचिन पटेल, रविकांत, सौरभ सिंह, जिला उपाध्यक्ष आर0आर0मिश्रा, साहिल साहू, गजनफर अब्बास, रेणुका राय शहबाज, दीपक श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, संजीव तिवारी उर्फ बाबी तिवारी, अश्विनी, सौरभ शुक्ला, हरेंद्र ठाकुर, अर्पित साहू, मोहम्मद अली जफर, इरफान, फैजनुल हक, इरशाद, इफ्तिखार अहमद, आनन्द कुमार राव, राममणि सोनी, फैजी भाई, अक्षय यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मना प्रियंका का जन्मदिन



प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**प्रयागराज।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व यूपी कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका गांधी का जन्म दिन कांग्रेसियों ने महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया। गुरुवार को बालसन चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा पर ढोल नगाड़े के साथ पहुंचें जिला शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने केक काटकर और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर प्रियंका गांधी के जन्म दिवस की बधाई दी। गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और यमुनापार जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा की देश में राजनैतिक और सामाजिक स्तर पर महिलाओं के समान अधिकारों की आवाज प्रियंका गांधी ने मुखर होकर उठाई। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने पार्टी नेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की समाज का दर्पण हैं महिलाएं। कहा की प्रियंका गांधी के पहल से प्रदेश की राजनीति में महिलाओं को 40 फीसदी हिस्सेदारी देकर उनको सम्मान दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी के जन्म दिवस पर जशन मनाते हुए उनके दीधार्यु होने की कामना भी की।

इस मौके परः शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, प्रदेश सचिव संजय तिवारी, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, राकेश पटेल, रईस अहमद, मनोज पासी, मो०असलम, दिवाकर भारतीय, रचना पाण्डेय, दिनेश सोनी, विजय यादव, धर्मेंद्र पासी, सुनील यादव, एहतेशाम अहमद, भानू कुशवाहा, राकेश पाठक, गुलाब यादव, मो०अजमल, सत्यम कुशवाहा, लाल सिंह पटेल, विनय पाण्डेय, दरख़्शा कुरैशी, प्रवीण गुप्ता समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## पीडीए की कार्रवाई में दीवार गिरने से एक घायल

**हादसा**

**झूंसी में अवैध निर्माण ध्वस्त कराने गई थी विकास प्राधिकरण की टीम**



घायल रामचंद भारतीय का हॉस्पिटल में चल रहा इलाज

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम गुरुवार को झूंसी क्षेत्र में महमूदाबाद गंगादीप कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने के लिए गई थी। यहां पर एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही थी। पीडीए की जेसीबी बाउंड्रीवाल तोड़ रही थी। उस्तपुर महमूदाबाद के रहने वाले 58 वर्षीय रामचंद्र पुत्र सोहनलाल भारतीया भी वहीं पर खड़े थे। बाउंड्री वॉल गिरने के दौरान रामचंद्र अपनी साइकिल हटाने के लिए पास में चले गए तभी दीवार उनके ऊपर गिर गई और उसमें दब गए। आस पास मौजूद लोग उन्हें किसी तरह बाहर निकले लेकिन वह गंभीर रूप घायल हो गए।

### एसआरएन अस्पताल में चल रहा इलाज

दर्द से कराह रामचंद्र को लोगों ने तत्काल स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर लिया। डाक्टरों ने बताया कि सिर में ज्यादा चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि रामचंद्र किसी काम से वहां पर गए थे। संयोग ही था कि दीवार उनके ऊपर गिर गई। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने पीडीए की लापरवाही बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पीडीए को अतिक्रमण पर कार्रवाई करनी थी तो पहले वहां आसपास के लोगों को हटाना चाहिए था। पीडीए के अफसर इस पर कुछ बोलने से बचते रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे द्वारा स्क्रैप बिक्री से रु. 200 करोड़ का राजस्व अर्जित

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने 'जीरो स्क्रैप मिशन' के तहत 12 जनवरी 2023 तक, स्क्रैप विक्रय से कुल रुपए 200.83 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। इस प्रकार उत्तर मध्य रेलवे. द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए निर्धारित रुपए 200 करोड़ के लक्ष्य को पार कर चुका है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक कुल रुपए 171 करोड़ मूल्य के स्क्रैप का निपटान किया गया था । इस तरह वित्?त वर्ष में 14.5 % की वृद्धि दर्ज हुई है। महाप्रबंधक, सतीश कुमार के दिशा निर्देशन में तेजी से चलाये जा रहे स्क्रैप - निष्पादन अभियान में उ.म.रे. के सभी मंडलों एवं कारखानों में पड़े अनुपयोगी व स्क्रैप मदों को एकत्र करके बिक्रय कर, राजस्व अर्जन किया जा रहा है। इस अभियान से कार्य-स्थल व पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने में भी मदद मिल रही है ।

उत्तर मध्य रेलवे. ने इस राजस्व को जुटाने के लिए करीब 19095 मीट्रिक टन रेल पथ लौह, 17772 मीट्रिक टन वर्कशॉप का लौह-स्क्रैप तथा 415 मीट्रिक टन नॉन-फेरस स्क्रैप के साथ 231 मालडिब्बे, 14 सवारी डिब्बे तथा 04 इंजन की ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की गयी। उत्तर मध्य रेलवे के सभी मंडल, कारखाने व अन्य संस्थान इस अभियान से रेलवे को स्क्रैप मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध व सतत प्रयासरत हैं।

## स्वामी विवेकानंद की मनाई गई जयंती



स्वामी विवेकानंद जी के उपलब्धियां तथा जीवनी पर भाषण प्रस्तुत करते हुए

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को भारत स्काउट गाइड परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुबेर सिंह प्रशिक्षण केंद्र प्रमुख,जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे, लेखाकार अदनान उल्ला खाँ, जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह, ए एस ओ सी शिव प्रताप सिंह ,वार्डेन उषा कुशवाहा, राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा उपस्थित रहे। सभी अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के हुबली में 12 जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन किया जिसको लाइव प्रसारण सभी युवाओ ने सुना। अतिथि कुबेर सिंह ने कहा विवेकानंद का मानना था कि दूसरों की सेवा करना आत्म-शुद्धि का मार्ग है। उन्होंने लोगों से निःस्वार्थ सेवा के कार्य करने और समाज को बेहतर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी ने कहा स्वामी विवेकानंद का शिक्षा में उनके योगदान और भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने की उनकी पहल के लिए भी प्रसिद्ध हैं। आध्यात्मिकता, राष्ट्रवाद और शिक्षा पर उनके विचार आज भी महत्वपूर्ण हैं' युवाओ को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह द्वारा युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे सफल जीवन जी सके' कार्यक्रम में स्काउट्स ने स्वामी विवेकानंद जी के उपलब्धियां तथा जीवनी पर भाषण कविता गायन गीत प्रस्तुत किया।

### मेले में ड्यूटी से गायब हुए तो होगी कार्रवाई

**प्रयागराज।** माघ मेले में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने के लिए महानिदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डॉ. लिली सिंह आज मंगलवार को मेला क्षेत्र में पहुंची थीं। यहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और डाक्टरों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि माघ मेला में जिन डॉक्टरों या कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह पूरी ईमानदारी से यहां पर कार्य करें। श्रद्धालुओं की सेहत का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई डाक्टर या कर्मचारी मेले से ड्यूटी छोड़कर गायब हुआ तो उसके खिलाफ विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूरी जानकारी दी।उन्होंने मेले में अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर वहां की व्यवस्था देखी। संगम नोज पर बनाए गए अस्थाई फर्स्ट एड पोस्ट, काली रोड पर बने 20 बेड के त्रिवेणी हास्पिटल और कोविड हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। त्रिवेणी हॉस्पिटल का निरीक्षण करते समय महानिदेशक द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। यहां अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

## संक्षेप

### फेरी वाले ने मासूम बच्ची को किया अगवा

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव में बुधवार की शाम बर्तन की फेरी लगाने वाले युवक ने आठ साल की मासूम बच्ची को अगवा कर लिया। बच्ची के चीखने की आवाज सुन आस.पास मौजूद लोगों ने अपहर्ता को दौड़ाकर पकड़ लिया। मासूम बच्ची को आरोपित से छुड़ाते हुए परिजनों को सौप आरोपित युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है।गौसपुर निवासी सचेन्द्र कुमार किसान है। बुधवार की शाम उसकी आठ वर्षीय बेटी श्रेया अपने घर से दादी के घर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बर्तन बेचने वाले युवक को मासूम बच्ची पकड़कर गाड़ी में बैठा लिया। बच्ची शोर मचाने लगी। बच्ची का शोर सुन गांव के लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद बच्ची को छुड़ाने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। देर शाम पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित युवक धर्मेंद्र कुमार निवासी सकरेज कानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### युवक को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी निवासी राम सागर का पट्टीदार से जमीन बंटवारे का विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच बिवाद हो गया। इसके बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल युवक को पीट दिया। युवक के साथ मारपीट देख घर परिवार के साथ गांव के अन्य लोग भागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित कही भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जगह-जगह गड्ढे, आवागमन हुआ मुश्किल

**कौशाम्बी।** सिराथू.भरवारी मार्ग से पतेरिया गांव को जाने वाली सड़क पर जगह.जगह पर गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। आए दिन इस मार्ग पर बाइक व साइकिल सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं। गड्ढों में गिट्टी डालने के बाद ठेकेदार फरार हो गया। शिकायत के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है।

# पम्पिंग सेट निर्माण में अनियमितता को नगर पंचायत कार्यालय का घेराव

**अझुवा,कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में पेयजल योजना के तहत विभिन्न वार्डों में मिनी पंपिंग सेट का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें वार्ड नंबर 1 भौतर एवं वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर में जिस ठेकेदार द्वारा मिनी पंपिंग सेट का निर्माण कराया जा रहा है उस ठेकेदार की मनमानी चलते कस्बाइयो ने नगर पंचायत कार्यालय का गुरूवार को घेराव किया। हालांकि नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी नही मिले।

बता दे कि नगर पंचायत अझुवा में वार्ड नंबर 1 भौतर में जहां पर मिनी वाटर सप्लाई टंकी पंपिंग सेट का निर्माण कराया जा रहा है वह वार्ड से काफी दूर है, जिसके चलते वाटर सप्लाई की पाइप लाइन वार्ड की आबादी तक पहुंचने में भी बल है। प्रत्येक पंपिंग सेट का बजट नौ लाख रुपये है, जिसमें मिनी वाटर स्टोर रूम के साथ.साथ टंकी एवं 400 मीटर पाइप लाइन का विस्तार किया जाना है, लेकिन बाहरी ठेकेदार द्वारा दबंगई से बिल्डिंग निर्माण में घटिया किस्म की पटसेम ईंट एव अन्य सामग्री प्रयोग की जा रही है, यही नही वाटर हेड टैंक की ऊंचाई और चौड़ाई के मानक को भी ताक में रखा गया है जिसमें बिल्डिंग के उचाई डेढ़ मीटर और चौड़ाई 2 मीटर की कटौती की गई। इसके साथ ही घटिया किस्म की पाइप लाइन डाली जा रही है। कार्यालय के जिम्मेदारों की माने तो ठेकेदार अधिशासी अधिकारी के करीबी रिश्तेदारों में से हैं जिससे कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी उनकी खिलाफत नहीं कर सकते, इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से कस्बाई काफी नाराज है। वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर में डाली जा रही पाइप लाइन बस्ती के अंदर न डालते हुए बस्ती के बाहर सड़क किनारे डालते हुए लम्बाई का कोरम पूरा किया जा रहा है। लोगों की माने तो बस्ती के अंदर लाइन डालने में आरसीसी रोड की खुदाई करना पड़ सकता है जिसे ठेकेदार के धन का खर्च न हो उसके चलते कच्ची मिट्टी में खुदाई कराकर के पाइप लाइन डालने का काम कर रहे हैं, जबकि पंपिंग सेट में खुदाई से लेकर प्लास्टरिंग का भी धन अवमुक्त किया गया है। यही नही खुदाई के नाम पर मात्र 4 इंच के गहरे नाली में ही पाईप लाइन को ढकने का काम किया जा रहा है। हालांकि खबर के बाबत ईओ से जरिए दूरभाष उनका पक्ष जानना चाहा गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हो सका। बहरहाल मामले में कितनी सच्चाई है यह तो उच्चाधिकारियों के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।



नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते लोग

## पेयजल की किल्लत पर बिफरीं महिलाएं, किया प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** पेयजल की किल्लत से जूझ रहीं अजुहा के मौलाना आजाद नगर (बहुआं) वार्ड की महिलाओं का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। ईओ को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान करने की मांग की। चेताया कि मांग पूरी नहीं होने पर बेमियादी आंदोलन किया जाएगा।

बहुआं गांव अजुहा के मौलाना आजाद नगर वार्ड में शामिल है। यहां की निवासी सरवसी बेगम, जानकी देवी, कुसुमलता, माला देवी, मोसमा बानो, गीता देवी आदि का कहना है कि वार्ड में पांच हजार लीटर की मिनी पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। इससे गैर आबादी वाले क्षेत्रों में सप्लाई की जाती है। बहुआं में पानी की समस्या सिर चढ़कर बोल रही है। बताया कि इसकी शिकायत कई बार जिम्मेदारों से की गई लेकिनए किसी ने भी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। इसी से नाराज महिलाएं गुरुवार को बिफर पड़ीं और नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नगर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ईओ सुभाष चंद्र का कहना है कि शीघ्र की पानी की दिक्कत दूर कर दी जाएगी।

### शीत लहर से कांप रहे लोग

**कौशाम्बीं।** पखवाड़ा भर से मौसम का मिजाज बिगड़ा है। कोहरे के साथ शीत लहर का प्रकोप जारी है। सुबह शाम घने कोहरे के बाद दोपहर धूप के साथ हवा भी चलती रहती है। गुरुवार की सुबह से ही शीत लहर चलती रही। इसके बाद अचानक तेज धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद जैसे.जैसे दिन ढलता गया कोहरे छाने लगा।कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते जन जीवन पूरी तरह अस्त.व्यस्त हो गया है।

## साहब... सूदखोर से बचा लो चायल सीओ से न्याय की गुहार

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखऊपुर गाँव मे एक मजदूर सूदखोर की प्रताडना से तंग आकर परिवार समेत घर छोड़ने को मजबूर है। बुधवार को पीड़ित मजदूर ने मामले की शिकायत सीओ से करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

शिकायतकर्ता बृजेश कुमार ग्राम मखऊपुर मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। उसने बताया कि दो साल पहले उसकी पत्नी की तबियत खराब हो गई थी। पत्नी का इलाज करने के लिए उसने तिल्हापुरमोड़ निवासी एक साहूकार से 45 हजार रुपये उधार लिया था। आरोप है कि रुपया देते समय साहूकार पहले ही दस प्रतिशत के हिसाब से सूद काटकर रुपया दिया था।

अब वह सूदखोर जबरन सवा दो लाख रुपये मांग रहा है। बृजेश के मिन्नत करने पर सूदखोर जबरन घर कब्जा करने और जान से मार देने की धमकी देता है। इससे तंग आकर बुधवार को मजदूर ने मामले की शिकायत सीओ से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सीओ चायल ने पिपरी पुलिस को मामले की जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

### घर में घुसकर विवाहिता से किया रेप का प्रयास

**कौशाम्बी।** इलाके की एक महिला ने बताया कि बुधवार रात वह अपने कमरे में सो रही थी। इस दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर भीतर घुस आया और दुराचार का प्रयास किया। शोर सुन मौके पर पहुंचे पति व ससुर ने आरोपित को पकड़ लिया। इसी बीच मोहल्ले वालों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ में आरोपित हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। करारी इंस्पेक्टर सीबी मौर्य का कहना है कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एनएचएआई एवं सेतु निगम के कार्य को जल्द कराएं पूरा : डीएम

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने गुरूवार को एनएचएआई एवं सेतु निगम के द्वारा जनपद में किये जा रहें कार्यों तथा राम वनगमन मार्ग की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान एन0एच0-2 के चौड़ीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने निमार्णाधीन सेतु, शुजातपुर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारी, सिराथू को भूमि से सम्बन्धित आ रही समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने राम वनगमन मार्ग की प्रगति की समीक्षा के दौरान भूमि अधिग्रहण के तहत परिसम्पत्तियों के मूल्यॉकन में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता को भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक ए.ई को भी नामित किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. राम सिंह यादव एवं सभी उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम

### चोरों को पकड़ हाथ-पैर बांधकर पीटा

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के घटमापुर गांव में बुधवार रात पंक्चर की दुकान से टायर चोरी कर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। हाथ.पैर बांधकर उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए तीनों बदमाश कानपुर नगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है।

## विद्युत विभाग विजिलेंस टीम ने किया छापामार कार्यवाही



नगर में मौजूद विजिलेंश टीम

**छारानगर, कौशांबी।** बिजली चोरी रोकने के लिए शहर प्रवर्तन लखनऊ की टीम ने स्थानीय टीम के साथ नगर पंचायत सिराथू में छापा मार कार्यवाही किया। इस दौरान एसडीओ प्रभात कुमार यादव, जेई विजिलेंस, जेई अरुण कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार मिश्र सिराथू के धाता रोड पर बिजली विभाग एवं विजिलेंस टीम के द्वारा छापेमारी की गई। जिसमें बकाया बिल एवं जिनके यहां मीटर नहीं लगा था उनको मीटर लगवाने लिए प्रेरित किया गया। इतना ही नहीं जिनका बिल काफी मात्रा में बकाया था उनका कनेक्शन भी काटा गया। इस दौरान लगभग 12 कनेक्शन काटे गए, आधा दर्जन मीटर भी लगाया गया। कार्यवाही के दौरान जागदीश यादव, राजेंद्र कुमार, मनीष कुमार, संजीत कुमार, अनुप कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ जख्मी

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर निवासी सोने लाल को किसी काम से भरवारी गया था। शाम वह घर लौट रहा था। मझियावां गांव के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में अधेड़ जख्मी हो गया। हादसा देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल अधेड़ को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पुलिस ने घायल सोने लाल के बेटे भंवर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### रंजिषन दो पक्षों में हुई मारपीट

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगांव के समीप दो पक्ष आमने.सामने हो गए। इसके बाद दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावां निवासी जिशान उस्मानी का पड़ोसी गांव महगांव के युवक से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद जमकर मारपीट हुई। युवकों के बीच हाथापाई देख आस.पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। लोगों के बीच.बचाव करने पर आरोपित एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए जिशान की तहरीर पर यासिरए युनूए शकीलए जैदए उजैर व यासिर की तहरीर पर जिशान समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जनपद के क्षय उन्मूलन की स्थिति को जाँच रहा विभाग

**कार्यक्रम**

**मानक पर खरे उतने पर होगा, जनपद का सम्मान**

**कौशाम्बी।** जिले में इन दिनों राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए जनपद में सर्वेक्षण शुरू है।.क्षय रोग ;टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में लगातार काम भी हो रहा है।

सीएमओ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिले में टीबी पर होने वाली गतिविधियों और उनके नतीजों को बारीकी से परखा जा रहा है। क्षय उन्मूलन के संकेतकों ;इंडीकेटर पर खरे उतरने वाले जिलों को स्वर्ण ;गोल्ड रजत और कांस्य की श्रेणी में स्थान दिया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी एस.के झा ने बताया कि जनपद में 7 जनवरी से सर्वेक्षण शुरू हुआ है। इसके लिए जिले के 10 गांवों को चिन्हित किया गया है। इसमें नादेमयी, गनपा, कोरों, रामनगर, भैला मकदूमपुर, बंधवा, मलाक नागर, बलीपुर टाटा, सराय अकिल, और सेवेधा शामिल हैं। इन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में डिस्ट्रिक्ट लेवल एनुवल सर्वे ;डीएलएएस के वालंटियर्स के सहयोग से सर्वेक्षण अभियान चल रहा है। इस दौरान टीम टीबी जांच की सुविधाए मरीजों के नोटिफिकेशन ;सरकारी प्राइवेट टीबी मरीजों की एचआईवी जांच, निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान की स्थिति, ड्रग सेल और मरीजों की संख्या में आ रही कमी की दर को देख रही है। उन्होंने बताया कि टीम को मदद करने वाले वालंटियर्स को जिला स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है। जिला स्तरीय इस वार्षिक सर्वेक्षण में संभावित मरीजों के बलगम की नैट पर उसी दिन जांच कराई जा रही है। सर्वे में जिन गाँवों में पिछले वर्षों में एक भी टीबी मरीज नहीं पाए गए हैं, उनको टीबी मुक्त गाँव में शामिल किया जाएगा। विश्व क्षय रोग दिवस मार्च 2023 पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान सफल जिलों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ झा ने बताया कि सर्वे की प्रगति और कार्य को देखने के लिए स्टेट टीम ने किया दौरा किया और टीम के साथ गावं का भ्रमण भी किया उन्होंने सर्वे टीम को कार्य में आ रही दिक्कतों के बारे में जाना और समाधान किया। डीपीपीएमसी अजीत कुमार ने बताया कि 6 दिनों में सभी टीम ने सर्वे के तहत 200 से 250 घर का सर्वे किया है जिसमे से लगभग 20 सैम्पल का कलेक्शन किया गया हैं जिसमे सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। उन्होंने बताया कि हर टीम को एक हजार घर का सर्वे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं।

## अपात्र चहेतों को मिले योजना का लाभ, प्रधान बना रहे दबाव

**दबाव**

**आरोपों की बीडीओ ने कराई जांच, आरोप मिला निराधार**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत दौलतपुर कसार गांव के प्रधान द्वारा आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन किया गया था। इतना ही नहीं आरोप लगाया था कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक नहीं पहुंचता है। प्रधान द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच बीडीओ ने कराई तो आरोप निराधार पाया गया। हालांकि बीडीओ के अुनसार प्रधान जबरिया सत्तादल का हवाला देकर अपात्रों को पीएम आवास आदि योजनाओं का लाभ दिलाना चाहते हैं, जबकि कर्मचारियों द्वारा उनके हिसाब से काम न करने पर उनके खिलाफ जबरिया का आरोप लगाते हैं। हालांकि बीडीओ ने यह भी बताया कि जो भी ग्राम विकास अधिकारी गांव में तैनात होता है वह शासना की मंशा के अनुसार काम करता है। जबकि प्रधान द्वारा दबाव बनाया जाता है कि सरकार है हमारी हम जो चाहेंगे वह करेंगे नहीं करोगे तो तुम्हारा नुकसान करा देंगे। बहरहाल कुछ भी हो जांच में कितनी निष्पक्षता है यह तो उच्चाधिकारियों के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

### पंचायत सचिवालय से डेढ़ लाख का सामान चोरी

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव स्थित पंचायत सचिवालय से बुधवार रात ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। घटना की जानकारी पंचायत सहायक को सुबह हुई। उसकी तहरीर लेकर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। तुलसीपुर गांव का पंचायत सचिवालय राजीव गांधी ब्लॉक संसाधन केंद्र में है। बुधवार शाम पंचायत सहायक प्रज्ञा द्विवेदी काम निपटाने के बाद कार्यालय बंद कर घर चली गईं। इस दौरान दो कमरों के छह ताले तोड़कर चोर प्रिंटर, कम्प्यूटर, माउस, इनवर्टर, बैट्री, मॉनीटर, सीपीयू तथा शासकीय अभिलेख आदि उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। हालांकि शुरूआती जांच में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। पंचायत सहायक प्रज्ञा ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पइंसा एसओ विनोद कुमार सिंह का कहना है कि चोरों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### पट्टीदारों ने पड़ोसी के घर में घुसकर की मारपीट

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के शहीदाबाद नारा गांव में पट्टीदारों ने पड़ोसी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर कुनबे को पीट दिया। घायलों का उपचार कराने के बाद पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। शहीदाबाद नारा निवासी मोहम्मद हाशिम का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने परिजनों के साथ मिल घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर आरोपितों ने वसीम व उसकी पत्नी को पीटते हुए लहूलुहान कर दिया। पड़ोसी के घर हंगामा देख घर.परिवार के साथ गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच.बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद हासिम की तहरीर पर आरोपित निगहे के साथ चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा यंग इंडिया रन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



विजेताओं को पुरस्कार देते भाजपा पदाधिकारी

**विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

**कौशाम्बी।** मुख्यालय चौराहा से भाजपा पार्टी कार्यालय तक भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गुरूवार को यंग इंडिया रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर पार्टी जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा यंग इंडिया रन प्रतियोगिता में सभी सम्मानित युवाओं का टीशर्ट देकर जहां स्वागत किया गया वहीं प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय आए विजेताओं को 11000, 5100 व पांच सौ रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य, युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य आशा रानी, पप्पू चौधरी, महामंत्री संजय जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी, डीसीएफ के चेयरमैन चंद्रदत्त शुक्ला, सहित तमाम पार्टी पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अधिवक्ताओं का आंदोलन दिखा जारी, बैठक कर बनाई रणनीति

**लालगंज।** एसडीएम के स्थानांतरण को लेकर वकीलो का आंदोलन गुरूवार को भी यहां जारी दिखा। आठवें दिन भी वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार जारी रखा। वकीलों के कोर्ट बहिष्कार के चलते न्यायिक कामकाज ठप होने से वादकारी तहसील से वापस लौटते दिखे। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे हुई आमसभा में वकीलों ने साफ तौर पर कहा है कि एसडीएम का तबादला न होने तक उनका आंदोलन जारी दिखेगा। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि जिला प्रशासन को अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए गतिरोध समाप्त करने की पहल करनी चाहिये। बैठक मे एसडीएम के तबादले को लेकर मण्डलायुक्त से भी प्रयागराज मे मिलने का निर्णय लिया गया। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, शैलेन्द्र सिंह, विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, संदीप सिंह, प्रमोद सिंह, विकास मिश्र, घनश्याम मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, अनूप पाण्डेय, जयकरन सिंह, घनश्याम सरोज, रामअभिलाष यादव, आशीष तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# मनरेगा मजदूरों की ऐप से लगेगी हाजिरी विरोध में प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक मुख्यालय पर गुरुवार को जुटे प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मनरेगा योजना में एक जनवरी से लागू किए गए दैनिक उपस्थिति एनएमएमएस के विरोध समेत विभिन्न मांगों को लेकर वीडियो बाबागज देवराज पटेल को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में मनरेगा योजना में दैनिक उपस्थिति एनएमएमएस को पूर्ण रूप से समाप्त किए जाने, ग्राम पंचायतों को स्वयं कार्य योजना बनाने की छूट समेत 3 सूत्रीय मांग पत्र वीडियो को सौंपा।

प्रधानों का आरोप है कि सरकार द्वारा मनरेगा में नई कार्य प्रणाली लागू करने से ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण विकास विभाग ने नेशनल मोबाइल मॉनीटरिंग सॉफ्टवेयर (एनएमएमएस) एप लांच की है। पंचायत प्रतिनिधि इसे मोबाइल में डाउनलोड करेंगे। प्रधान इस एप के माध्यम से ही मनरेगा मजदूरों की



वीडियो बाबागंज देवराज पटेल को ज्ञापन सौंपते प्रधान

हाजिरी लगाएंगे।
मनरेगा मजदूरों की अब मोबाइल एप के माध्यम से दिन में दो बार हाजिरी लगेगी। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग ने एनएमएमएस एप तैयार की है।
इस दौरान प्रधान संघ के सदस्य राजवर्धन सिंह बच्चा, संजय सिंह, पवन सिंह फौजी, अमित शुक्ला बब्बू, अनुज पांडे मयंक, अजय मिश्रा, अक्षय द्विवेदी, मोहित तिवारी, सुनील मिश्रा, रोहित सिंह, रवि यादव, रजत ओझा, अरविन्द सरोज, अश्वनी मिश्रा, समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बिजली की चपेट में आने से मजदूर झुलसा, रेफर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में मजदूरी कर रहा मजदूर अचानक हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर आए। जहां पर गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार में एक मकान का निर्माण हो रहा था। जहां पर मजदूरी करने के लिए नंदईपुर गांव के रहने वाले आकाश पुत्र अशोक शर्मा मजदूरी करने के लिए उडैयाडीह बाजार में आया हुआ था। जहां पर मकान का निर्माण हो रहा था वह अचानक हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। यह देख आसपास के लोग उसे तुरंत सीएचसी पट्टी लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने इलाज के उपरांत उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## वीपी और वीएल पैसेंजर 28 तक कैंसिल, ड्राइवर गार्ड तलब

**कार्रवाई**

**माघ मेला की तैयारी के लिए कैंसिल हों रही गाड़ियां**

**मालगाड़ी लेट होने पर कर्मचारियों पर कार्रवाई**

**प्रतापगढ़।** माघ मेला में गंगा स्नान पर्व पर यात्रियों को ले जाने और लाने के लिए रेल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ट्रेनों को एकत्र किया जा रहा हैं इसी क्रम में प्रतापगढ़ से बनारस जाने और आने वाली वीपी और वीएल पैसेंजर को 28 फरवरी तक के लिए कैंसिल कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर मालगाड़ी की लेटलतीफी को लेकर अफसरों के सख्त तेवर से हड़कंप मचा हुआ है। जिसके चलते गुरुवार को गार्ड और ड्राइवर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उन्हें अधिकारियों ने लखनऊ अपने सम्मुख तलब किया है।

मकर संक्रांति पर अलग से मेला स्पेशल चलाने के बजाय रेल प्रशासन अभी तक दौड़ रही रूटीन ट्रेनों के सहारे श्रद्धालुओ को गंगा स्नान कराने की फिराक में हैं। इसके लिए ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। प्रतापगढ़ से सुबह चलकर बनारस जाने वाली वीपी और शाम को यहीं से बनारस जाने वाली वीएल पैसेंजर गाड़ी को 12 जनवरी से 28 फरवरी तक के लिए रद्द कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार दोनो को मेला स्पेशल बनाकर चलाने का इरादा है। ट्रेनों के कैंसिल हो जाने से इस रूट के डेली मुसाफिरों को काफी दिक्कत आयेगी। उनका कहना है कि ले, देकर यही दो पैसेंजर थी। वह भी बंद कर दी गई। मालगाड़ी के लेटलतीफ हो जाने पर प्रतापगढ़ के ड्राइवर सियाराम और रायबरेली के गार्ड पवन को परिचालन अफसरों ने तलब किया है। जबकि एक दिन पूर्व लेट लतीफी पर गार्ड, ड्राइवर और ट्रेन क्लर्क को लखनऊ तलब किया गया था। प्रतापगढ़ के गार्ड और ड्राइवरों का आरोप है कि परिचालन के अधिकारी नियम के विपरीत कार्य ले रहें हैं। इससे वे तनाव में हैं। दबाव बनाकर काम लेने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कैम्प कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो एवं डी0पी0आर0 स्वीकृति के सम्बन्ध में समीक्षा की। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने इस संबंध में डीएम को विस्तृत रिपोर्ट दी। जिलाधिकारी ने जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर टी0के0 गिरि के कार्य के प्रति रवैये पर फटकार लगाई। निर्देश दिया कि परियोजनाओं के कार्यो की प्रगति बढ़ायें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम व जेएमसी एवं पावर मेक के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन पेयजल परियोजना से सम्बन्धित किसी विभाग की यदि कोई समस्या हो तो उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुये उसका निराकरण करायें। पेयजल से जुड़ी परियोजनाओं एवं कार्यो को किसी भी स्तर पर लम्बित



योजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी

न रखा जाये। जमीन से सम्बन्धित विवादों का निराकरण क्षेत्रीय लेखपाल के साथ बैठक कर जल्द से जल्द निस्तारण करायें। पेयजल परियोजनाओं के निर्माण एवं संचालन के कार्य को गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप कराये जाने को कहा। उन्होने कहा कि सरकारी भवनों यथा प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर आदि को पेयजल परियोजना की पाइप से अनिवार्य रूप से सम्बद्ध किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से घायल की मौत

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के अतरसंड गांव के पास रिश्तेदारी से लौट रहे युवक को सामने से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

नगर कोतवाली के टेकार गांव निवासी सुशील सरोज (32) ड्राइवर था। वह बुधवार को सुल्तानपुर की ओर रिश्तेदारी में गया था। शाम को घर लौटते समय कोहंडौर में अतरसंड गांव के पास सामने से आए एक बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेजा। रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की 11 साल पहले शादी हुई थी। उसका आठ साल का एक बेटा है। सुशील तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। दोनों छोटे भाई मजदूरी करते हैं।

# नवागत प्राचार्य ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**निरीक्षण के दौरान नई बिल्डिंग और पुरुष अस्पताल के वार्डो और विभागों की हकीकत देखी गई**

**प्रतापगढ़।** जिले के डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज का नए प्रिंसिपल डाक्टर सलिल श्रीवास्तव ने गुरुवार को यहां के पूर्व प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक के साथ पहली बार मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान नई बिल्डिंग और पुरुष अस्पताल के वार्डो और विभागों की हकीकत देखी गई। डाक्टर देशदीपक ने उन्हें सारी चीजों से अवगत कराया। घंटे भर चले निरीक्षण के दौरान नए प्रिंसिपल पूर्व में हुए कार्यों से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने इसकी और बेहतरी के लिए अपने सुझाव भी दिए है। मेडिकल कालेज में हुए कार्य के लिए उन्होंने डाक्टर आर्य देशदीपक की तारीफ भी की।

बता दें कि मेडिकल कालेज में नए वार्ड के लिए बनाई जा रही बिल्डिंग



निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते नवागत प्राचार्य

का कार्य गत वर्ष पूरा होना था। दिसंबर महीने में बिल्डिंग कालेज प्रशासन को हैंडओवर होनी थी। जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई। इसी बीच प्राचार्य डाक्टर आर्य देशदीपक का कार्यकाल यहां पर पूरा हो गया। उन्हें हरदोई मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बनाकर शासन ने भेज दिया। हरदोई उनका गृह जिला होने के नाते यह पर तैनाती उनके लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं थी। सिद्धार्थ नगर से आए डाक्टर सलिल श्रीवास्तव को उनके स्थान पर यहां का नया प्राचार्य बनाकर भेजा गया। गुरुवार को बिल्डिंग और अन्य चीजों को हैंड ओवर करने के सिलसिले में आए पूर्व प्राचार्य डाक्टर देशदीपक ने नवागत प्राचार्य सलिल के साथ मिलकर बिल्डिंग और अस्पताल का निरीक्षण कर सुपुर्द करने की प्रक्रिया शुरू की। इस बारे में नए प्राचार्य डाक्टर सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि बिल्डिंग को हैंड ओवर करने की तैयारी है। इसी सिलसिले में पूर्व प्राचार्य के साथ निरीक्षण किया गया। मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए वे और डाक्टर प्रयासरत हैं। इस दौरान सीएमएस डा सुरेश सिंह और हड्डी विभाग के अध्यक्ष डाक्टर सचिन कुमार मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से घायल की मौत

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के अतरसंड गांव के पास रिश्तेदारी से लौट रहे युवक को सामने से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली के टेकार गांव निवासी सुशील सरोज (32) ड्राइवर था। वह बुधवार को सुल्तानपुर की ओर रिश्तेदारी में गया था। शाम को घर लौटते समय कोहंडौर में अतरसंड गांव के पास सामने से आए एक बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेजा। रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की 11 साल पहले शादी हुई थी। उसका आठ साल का एक बेटा है। सुशील तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। दोनों छोटे भाई मजदूरी करते हैं।



मृतक की फाइल फोटो

## पुलिया से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**पट्टी।** क्षेत्र के मजीठी गांव का रहने वाला बाइक सवार युवक रिश्तेदारी से घर आ रहा था। उसकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पुलिया से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मजीठी गांव का रहने वाला भारत सरोज 22 वर्ष पुत्र मुरली सरोज रिश्तेदार के यहां गया था। वहां से देर शाम घर के लिए निकला था। क्षेत्र के नारायणपुर के पास पहुंचा था इसी बीच उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख आसपास के लोग चिकित्सक के पास ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।



मृतक की फाइल फोटो

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**प्रतापगढ़।** शहर में एसएफडी द्वारा निर्मल तिराहे पर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की साफ सफाई की गई। राष्ट्रीय कलामंच द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एएसपी विद्याधर मिश्र ने कहा की विश्व में सनातन सभ्यता के ध्वजवाहक एवं भारतीयता के महान प्रतीक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को बंगाल के कोलकाता नगर में हुआ था। उनका बाल्य नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था, जो कालांतर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। धर्म, दर्शन, इतिहास, कला, सामाजिक विज्ञान एवं साहित्य के ज्ञाता स्वामी विवेकानंद की ख्याति वेदांत के विख्यात एवं प्रभावी आध्यात्मिक प्रचारक के रूप में संपूर्ण विश्व में हुई। 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो नगर में हुए धर्म संसद में जब उन्होंने भारतीय संस्कृति की वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन का प्रसार किया था तब उनके भाषण से पूरा विश्व स्तब्ध रह गया था।



स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते लोग

सरोजनी इंटर कालेज में संगोष्ठी में प्रांत उपाध्यक्ष डा.विकास कुमार ने कहा की स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर युवाओं में राष्ट्र भक्ति व ऊर्जा का संचार कर भारत के पुनरुत्थान हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 1949 में की गई। जो अपने स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। प्रांत उपाध्यक्ष डा धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह,बजिला संयोजक रमेश सिंह पटेल, प्रांत सह छात्रा प्रमुख ज्योति जायसवाल, जिला सहसंयोजक यशस्वी सिंह ने प्रमुखता से स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। इसी तरह पट्टी में स्टैंडर्ड कोचिंग,कमल बहादुर इंटर कालेज, गड़वारा के सरस्वती विद्या मंदिर,जेठवारा में अष्टभुजा इंटर कालेज, शिशिर कोचिंग, सरोजनी इंटर कालेज, ओम कोचिंग क्लासेज आदि स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### रंजिश में युवक को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी।** पुरानी रंजिश की वजह से रास्ते में रोककर एक युवक से आरोपी ने जमकर मारपीट किया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अमापुर गांव का रहने वाला मनोज कुमार अग्रहरी पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पुरानी रंजिश की वजह से एक व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोक कर जमकर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज किया। पीड़ित ने इस संबंध में आसपुर देवसरा कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

## शोकसभा में शामिल हुए विधायक आर.के. वर्मा



शोक संवेदना व्यक्त करते विधायक आर.के. वर्मा व अन्य

**विधायक ने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष भैया राम पटेल की पत्नी शांति देवी की शोक सभा में रानीगंज के सपा विधायक डाक्टर आरके वर्मा शामिल हुए। उन्होंने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव उर्फ मुन्ना यादव, जिला सचिव अब्दुल कादिर जिलानी, सुधीर श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान फूलचंद पटेल, आजम खान आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शोक सभा में उपस्थित रहे।

## तम्बाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गुरुवार को तरुण चेतना व महिला एवं बाल अधिकार संगठन द्वारा युवाओं में तम्बाकू के प्रति बढ़ते चलन के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें पट्टी क्षेत्र के अलावां सीएमओ ऑफिस, जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, कोचिंग संस्थानों सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। जिसमें एक हजार से ज्यादा युवाओं ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से तंबाकू उत्पाद पर टैक्स बढ़ाने के लिए आग्रह किया। ताकि तंबाकू जैसे हानिकारक पदार्थ बच्चों की पहुंच से दूर रहे। युवाओं ने हस्ताक्षर कर एवं पत्र भेजकर आगामी केंद्रीय बजट में सभी तंबाकू उत्पादों पर प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री से उत्पाद शुल्क एवं टैक्स बढ़ाने की मांग की। इस मुद्दे पर मुख्य चिकित्साधिकारी जी.एम. शुक्ला ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं। इनके बेहतर स्वास्थ्य के प्रति इस प्रयास को सफल बनाने के लिए हम सब को आगे आना होगा। तंबाकू मुक्त भारत बनाने के लिए युवाओं का यह एक बेहतर प्रयास हैं जो बहुत ही सराहनीय कदम है। डिप्टी सीएमओ आर.बी. गिरी ने कहा कि तंबाकू पर उत्पाद शुल्क बढ़ाना एक प्रभावी नीति है। क्योंकि तंबाकू जानलेवा पदार्थ है जिसका हमारे युवाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। तंबाकू उत्पाद शुल्क एवं टैक्स बढ़ने से निश्चित रूप से बच्चों की पहुंच से दूर होगा। इस अभियान में चाइल्डलाइन 1098 सिटी कोऑर्डिनेटर अर्पित श्रीवास्तव, हकीम अंसारी, रीना यादव, बीनम विश्वकर्मा, अभय राज यादव, मेहताब खान, राकेश गिरी, सलाउद्दीन, वारिस, सुधीर, राजकुमार, विनोद आदि लोगों का सक्रिय सहयोग रहा।



शराब पिए वाहन चालकों की जांच करते हुए

## ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पिए पांच वाहन चालकों का चालान

**प्रतापगढ़।** सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग की टीम ने अभियान के तहत रोडवेज बस व निजी वाहन चालकों की ब्रेथ-एनालाइजर से जांच की। जांच में पांच निजी वाहन चालकों में शराब पीने की पुष्टि हुई। जिनका पीटीओ ने चालान कर दिया।

पीटीओ दिनेश शर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने ब्रेथ एनालाइजर से वाहन चालकों की जांच की। शहर के भंगवा चुंगी चैराहे के बगल चेकिंग के दौरान पांच निजी वाहन चालकों में शराब पीने की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा रोडवेज बस चलाने वाले 18 चालकों की जांच कराई गई। इसमें एक भी चालक में शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई। इस दौरान एआरएम रोडवेज पीके कटियार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल एक रेफर

**लालगंज।** कोतवाली लालगंज के कालाकांकर रोड पर ब्लाक के समीप कार की टक्कर से हुई दुर्घटना मे दो युवक घायल हो गये। बुधवार की शाम रामपुर बावली स्थित एक बाइक एजेन्सी पर काम कर वापस लौट रहे श्यामशंकर पाण्डेय 45 निवासी अंतू तथा विवेक नगर प्रतापगढ़ निवासी शिवम 26 बाइक से रामपुर बावली की ओर से प्रतापगढ़ जा रहे थे। ब्लाक के समीप सामने से आ रही तीव्र गति की कार ने बाइक मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे घायल श्यामशंकर पाण्डेय को गंभीर दशा में प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार को कब्जे मे लेकर कोतवाली उठा ले आयी।

# अधिवक्ताओं ने विवेकानंद की मनाई जयंती



स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाते अधिवक्तागण

**प्रतापगढ़।** युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 150वीं जयंती गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर के संकट मोचन धाम पर अधिवक्ताओं द्वारा मनाया गया। अधिवक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अधिवक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर विस्तृत डाला और उनके आदर्शों को जीवन मे उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रूलर बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जूनियर बार एसोसिएशन प्रतापगढ़ के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्रा, रूलर बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, अमजद खान, सचीन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह (भोले), हरिशंकर पुरी, विनय सिंह पीयूष त्रिपाठी, आसिफ सिद्दीकी, विजयकांत मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# डॉ. कादंबिनी गांगुली : प्रथम लेडी 'प्रैक्टिसनर'

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



वह शोषण और उत्पीड़न से बिंधा हुआ दासता का काल था। 'सब धन विदेश चलि जात, यहै अति ख्वारी' भारतेन्दु हरिश्चंद्र की ही नहीं, करोड़ों भारतीयों की व्यथा थी। स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम की अग्नि बुझ चुकी थी। बंगाल रेनेसां की देहरी पर था, अलबत्ता आधी दुनिया की दुनिया चाहरदीवारी, पर्दे और वर्जनाओं में सिमटी हुई थी। जड़ता हावी थी। अंधविश्वास प्रबल थे। अस्पृश्यता का बोलबाला था। समता-स्वतंत्रता के बोल दूर के ढोल थे। परिदृश्य में 'महात्मा' का आगमन भी दूर था। ऐसे विषम समय में भी प्रतिभाएं उभर रही थीं और सड़ी-गली मान्यताओं को चुनौती देती हुई सुषुप्त समाज में अलख जगाने में पीछे न थीं।

डॉ. कादंबिनी बोस गांगुली ऐसी ही सचेत क्रांतिकारी महिला थी। वह अपने समय से आगे की सोच की शख्सियत थीं। बेड़ियों से उनका वास्ता न था, बल्कि वह जीवनपर्यन्त उन्हें तोड़ने के संकल्प से परिचालित रहीं। इस मिशन में उन्हें पति का सक्रिय सहयोग मिला, फलतः वह समय की शिला पर चमकीले हरूफ में अपूर्व और अद्भुत गाथा लिखने में सफल रहीं।

कादंबिनी का जन्म 18 जुलाई, सन् 1861 को बंगाल प्रेसीडेन्सी में सिल्क सिटी भागलपुर में कुलीन कायस्थ परिवार में हुआ था। वह ब्रह्म समाज के समाज सुधारक बृजकिशोर बसु की बेटी थीं। समाज सुधार का अदम्य साहस उन्हें पिता से आनुवंशिकी में मिला, जो भागलपुर में स्कूल में हेडमास्टर थे। परिवार बारी साल में चांदसी में था, लिहाजा कादंबिनी का लालन-पालन वहीं बारीसाल में हुआ। पिता बृजकिशोर बसु और उनके मित्र अभयचरण मल्लिक ने महिला सशक्तिकरण की आधारशिला रखी थी। उन्होंने अफने संकल्प का साहसपूर्वक निर्वाह किया और व्रत से कभी च्युत न हुए। उन्हें जीवनपर्यंत विरोध और आलोचना का सामना करना पड़ा। पुत्री पिता के नक्शे-पा चली और उसने भी कम विरोध व लांछन न झेले, लेकिन वे अडिग रहीं। बृजकिशोर और अभयचरण ने सन् 1863 में ही भागलपुर महिला समिति की स्थापना कर दी थी। सवर्ण हिन्दुओं ने महिला जागरण के उनके इस उपक्रम का घोर विरोध किया। बृजकिशोर ने पुत्री कादंबिनी को उच्च शिक्षा देने का निश्चय कर लिया था। फलतः कादंबिनी पहले तो ब्रह्मोइडन फीमेल स्कूल, ढाका में पढ़ी और फिर हिन्दू महिला विद्यालय, बालीगंज, कलकत्ते में। सन् 1876 में विद्यालय का नामकरण बंग महिला विद्यालय हुआ और दो वर्ष उपरांत सन् 1878 में बेथुन स्कूल में विलय हुआ। कादंबिनी वहीं पढ़ीं।

कादंबिनी मेधावी युवती थी। उन्होंने अग्रणी या प्रथम का श्रेय बार-बार अर्जित किया। कादंबिनी ने सन् 1880 में एफए किया और सन् 1883 में ग्रेजुएशन। कादंबिनी और चन्द्रमुखी बसु बेथुन स्कूल से निकलीं प्रथम स्नातक महिला थी, पहली महिला स्नातक-द्वय। कीर्तिमान उनकी बाट जोह रहे थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय में प्रवेश-परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली वह पहली युवती थीं। सन् 1884 में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में प्रविष्ट प्रथम महिला का गौरव सामान्य प्रसंग न था। इसकी पृष्ठभूमि में अदम्य साहस निहित था। इसके बाद वह स्कॉटलैंड गयीं और एडिनबरा से मेडीसिन में डिग्री लेकर लौटीं। यह योग्यता अर्जित करने वाली वह प्रथम भारतीय एवं एशियाई महिला थीं। भारत लौटकर उन्होंने कलकत्ते में विधिवत प्रैक्टिस शुरू की। इस तरह मेडीसिन में डिग्रीधारी प्रथम महिला प्रैक्टिसनर का गौरव मिला। उनकी प्रैक्टिस चल निकली। रूढ़िवादी हिन्दुओं की आंखों की वह किरकिरी जरूर थीं, किन्तु ब्रिटिश हुकूमत की नजरों में उनकी अहमियत थी और उन्हें राजकीय स्तर पर सम्मान मिलता था। स्त्री-रोगियों के लिए वह 'देवी' थीं। वे प्रायः रोगिणियों के घरों में चली जाती थी और उनका उपचार करती थीं। उन दिनों महिला रोगियों को, कितना भी असाध्य रोग क्यों न हो, दवाखाने तक ले जाने का प्रचलन न था। इलाज के लिए लोग वैद्यों और हकीमों पर निर्भर थे। लोगों को आयुर्वेदिक जड़-बूटियों पर भरोसा था। टोने-टोटके भी चलते थे। विलायती पद्धति को हिकारत की नजरों से देखा जाता था। ऐसे में एक हिन्दु महिला का डॉक्टर की हैसियत से दवाखाना खोलकर इलाज करना किसी अचंभे से कम न था। डॉ. कादंबिनी न सिर्फ उपचार करती थीं, वरन रोगिणियों को पढ़ने-लिखने, घरों से बाहर निकलने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने को प्रेरित करती थीं।

डॉ. कादंबिनी का अपना जीवन भी आसान न था। उनका विवाह 12 जून, सन् 1883 को द्वारकानाथ गांगुली से हुआ था। द्वारकानाथ विधुर थे और उनसे कादंबिनी को पांच संतानें हुईं। द्वारका से कादंबिनी का विवाह मेडिकल कॉलेज में दाखिले से कुछ रोज पहले ही हुआ था, लेकिन विवाह और मातृत्व उसके अध्ययन में आड़े नहीं आया। वह मेडीसिन की पढ़ाई के लिए कलकत्ते से एडिनबरा गयी तो यह अपनी तरह की पहली और विरल घटना थी। ऐसा कर रही वह पहली भारतीय ही नहीं, पहली दक्षिण एशियाई थीं। उसकी शोहरत चतुर्दिक फैल गयी। विश्व में नर्सिंग आंदोलन की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने 20 फरवरी, सन् 1888 को अफनी एक मित्र को खत में लिखा-'क्या आप मिसेज गांगुली को जानते या उसके बारे में बता सकते हैं? उसने मेडीसिन और सर्जरी की परीक्षाएं पास कर ली है और मार्च में फायनल एग्जाम में बैठेगी। वह युवा और सिर्फ 13 दिन अनुपस्थित रही और उसने एक भी लेक्चर मिस नहीं किया।' तो ऐसी थी कादंबिनी बोस गांगुली। ब्रिटिश राज उसकी लगन से प्रभावित हुआ। मेडिकल में पढ़ते वक्त सरकार की तरफ से उसे नियमित बीस रुपया वजीफा मिलता था। बहरहाल, उसका डॉक्टर बनना रूढ़िवादी पुरूषप्रधान समाज के लिए, तकलीफदेह था। एडिनबरा से कलकत्ता लौटने पर खूब बावेला मचा। उसे परोक्ष रूप से वेश्या कहा गया। बंगाली-पत्र 'बंगबासी' ने लांछन के साथ साथ कार्टून भी छापा, जिसमें उसके साथ पति को जंजीरों में जकड़ा और बेबस दर्शाया गया था। परि द्वारिकानाथ ने सहने अथवा हाथ पर हाथ धरकर बैठने के बजाय अखबार पर मुकदमा चलाया। इसके फलस्वरूप पत्र के संपादक महेश पाल को 100 रुपये अर्थदण्ड और छह माह के कारावास की सजा भुगतनी पड़ी। डॉ. कादंबिनी सफल पत्नी, सफल मां और सफल डॉक्टर के साथ-साथ निर्भीक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थीं। उनकी बेटी ज्योतिर्मयी भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं और बेटा प्रभात चन्द्र पत्रकार। उनकी सौतेली पुत्री विधुमुखी का विवाह सत्यजीत राय के पितामह उपेन्द्र किशोर रायचौधुरी से हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में भाग लेने और उसे संबोधित करने वाली वह पहली महिला थी। उनके नेतृत्व में छह महिलाओं ने बंबई में कांग्रेस की सदस्यता ली। इस टोली में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की बड़ी बहन स्वर्णकुमारी देवी और उनकी बेटी सरला देवी चौधुरानी भी थीं। यह भी स्थापित तथ्य है कि गुरुदेव कलकत्ते में कादंबिनी के घर आये थे। बंबई में कांग्रेस के अधिवेशन को संबोधित करते हुए डॉ. कादंबिनी ने कांग्रेस में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

आजादी की लड़ाई और स्त्री जागरण आंदोलन में शिरकत तथा लंबी और सफल प्रैक्टिस के बाद डॉ. कादंबिनी का 3 मार्च, सन् 1923 को देहांत हो गया। उनके पति सन् 1898 में ही चल बसे थे। डॉ. कादंबिनी ने मृत्यु से एक घंटा पहले ही किसी रोगी का सफल ऑपरेशन किया था और उनके बटुवे में 50 रुपये थे। वे प्रसन्नवदन और उत्साह से भरी हुई थीं। उनकी ख्याति का परिमल देश-दुनिया में व्याप्त था। इतिहासकार डेविड कोफ ने लिखा कि डॉ. कादंबिनी ब्रह्मो-स्त्रियों में भी अग्रणी थीं, उनसे कहीं आगे। करीब सौ साल बाद स्टार जलसा ने उन पर एकाग्र और सोलंकी राय व हनी बाफना अभिनीत 'प्रोथोमा कादंबिनी' का प्रसारण किया तो जी-बंगला पर 'कादंबिनी' शीर्षक धारावाहिक का प्रसारण हुआ।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

# उच्च शिक्षा में बदलाव किसके हित में है?

## समय- संदर्भ

**रविभूषण**



भाजपा ने लगभग 10 वर्ष पहले अपने घोषणापत्र में नई शिक्षा नीति लाने की घोषणा की थी। 2014 में केंद्र में बहुमत से उसकी सरकार बनी और उसने अपनी घोषणा पर अमल करना आरंभ किया। भारत की सरकार ने 29 जुलाई 2020 को नई शिक्षा नीति की घोषणा की। 21वीं सदी के भारत की पहली शिक्षा नीति है जो अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ कृष्णा स्वामी कस्तूरीरंगन(24-10-1940) की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। इस समिति में कुल 9 सदस्य थे - डॉ एमके श्रीधर, डॉ टीवी कट्टीमनी, डॉ मजहर आसिफ, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, के जे अस्फोसे, कनामथानम, रामशंकर कुरील, मंजुल भार्गव और वसुधा कामत। समिति में देश के बड़े शिक्षाविद नहीं थे।

स्वाधीन भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण 4 नवंबर 1948 को विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के गठन के बाद हुआ। 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का गठन हुआ जो देश के विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान करता है। यह आयोग सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कालेजों और विश्वविद्यालयों को अनुदान देता है। इसका सिद्धांत (मोटो) है - 'ज्ञान-विज्ञान विमुक्तए'। यूजीसी 'उच्च शिक्षा के मानकों के समन्वय, निर्धारण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है'। फिलहाल इसके अध्यक्ष ममिडाला जगदीश कुमार हैं जिनकी जेएनयू को रसातल में ले जाने की बड़ी भूमिका है। वहां वे कुलपति थे और उन्होंने कैंपस में टैंक रखे जाने की भी सलाह दी थी जिससे छात्रों में राष्ट्रप्रेम जागृत हो।। एम जगदीश कुमार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 19 वें अध्यक्ष हैं। इस पद पर डॉ शांति स्वरूप भटनागर (1953-55), श्री हुमायूं कबीर (1955-56), हृदय नाथ कुंजरू (1956-1956), सीडी देशमुख (1956-196), वीएस कृष्णा (1961-1961), डॉ डीएस कोठारी (1961-1973) डॉ जार्ज जैकब (1973-1974), प्रोफेसर सतीश चंद (1976-1981), श्रीमती माधुरी शाह (1981-1986) और प्रोफेसर यशपाल (1986-1991) रह चुके हैं । मनमोहन सिंह भी कुछ समय के लिए (1991-1991) यूजीसी के अध्यक्ष थे। प्रोफेसर एम जगदीश कुमार की इस पद पर नियुक्ति नई शिक्षा नीति के दौर में हुई है।

चौत्तीस वर्ष बाद भारत की शिक्षा नीति में किया गया यह परिवर्तन क्या सचमुच ज्ञान के क्षेत्र में भारत के अग्रणी या महाशक्ति बनने के लिए है? क्या सचमुच इस शिक्षा नीति का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शैक्षिक रूप से भारत को महाशक्ति बनाना तथा शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचा करना है ? विश्वविद्यालयों में जिस प्रकार से कुलपतियों की नियुक्तियां की जा रही हैं, उससे विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता बढ़ेगी या नष्ट होगी ? कुलपतियों की नियुक्तियों में वफादारी देखी जा रही है या गुणवत्ता? कॉलेजों विश्वविद्यालयों में क्या सभी अध्यापकों की बहाली मेरिट पर हो रही है या उसके कुछ अन्य इतर कारण भी हैं? यह सब कुछ एक ही समय में घट रहा है। नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने के समय में। नई शिक्षा नीति की कम आलोचना नहीं हुई है। प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में और दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में घोषित की गई थी। उसके समय और आज के समय में अंतर है। आज शिक्षा का व्यवसायीकरण हो चुका है। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को ज्ञानोन्मुख करने के लिए है या व्यवसायोन्मुख करने के लिए? इस शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को अलोकतांत्रिक कहा गया है क्योंकि इसे संसद से पारित नहीं कराया गया। इसे असंवैधानिक भी कहा गया है क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकारों के निर्णय लेने का अधिकार इससे भंग हुआ है। एक आरोप यह भी है कि इसमें गैर ब्राह्मणवादी धारा के महत्वपूर्ण योगदान की उपेक्षा की गई है। यह समानता के संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध है। इसमें छात्रवृत्ति, फेलोशिप, छात्रावास, सब्सिडी आदि पर ध्यान नहीं दिया गया है। आरक्षण के संवैधानिक प्रावधान की इसमें कोई चर्चा नहीं है। इस शिक्षा नीति में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद की उपेक्षा है। मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का उल्लेख नहीं है। इस शिक्षा नीति से मातृभाषाओं की भूमिका घटी है। मातृभाषाओं में दी जाने वाली अनिवार्य शिक्षा को आठवीं कक्षा से घटाकर पांचवी कक्षा में सीमित कर दिया गया है। संस्कृत को एक प्रकार से थोपने का प्रयास भी है। दूसरी ओर उर्दू की उपेक्षा है। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के व्यवसायीकरण को क्या रोक पाने में सफल हो सकेगी? इस शिक्षा नीति ने 4 वर्षीय स्नातक डिग्री कोर्स की सिफारिश की है। स्नातकोत्तर शिक्षा को 2 वर्ष से घटाकर 1 वर्ष का कर दिया गया है और अब एमफिल की डिग्री की कोई जरूरत नहीं है।

1968 और 1986 के समय से आज का समय बिल्कुल अलग है, विपरीत है। हम सब नव उदारवादी अर्थव्यवस्था और बाजार-कॉरपोरेठ पूंजी सहित याराना पूंजी के दौर में हैं। शिक्षा नीति इस दौर में बाजार विरोधी और बाजार विमुख नहीं हो सकती। नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से व्यवसायिक प्रशिक्षण इंटर्नशिप आरंभ किया जाएगा और सभी स्कूल डिजिटल होंगे। यह शिक्षा नीति 10+2 की व्यवस्था को 5+3+3+4 की संरचना से बदलता है। इस नीति के प्रावधानों के अनुसार कला के छात्र विज्ञान, विज्ञान के छात्र कॉमर्स और कॉमर्स के छात्र साइंस पढ़ सकेंगे। बी एड का कोर्स 2 वर्ष के स्थान पर 4 वर्ष का होगा। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6% अब शिक्षा में निवेश होगा। क्या यह शिक्षा नीति सामान्य जन के हित में है? क्या आम गरीब लोग शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे? इस शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण घटेगा या बढ़ेगा? शिक्षा महंगी होगी या सस्ती? शिक्षा का समाज से, संस्कृति से, ज्ञान से संबंध स्थापित होगा या इनके बीच दूरियां बढ़ेगी? इससे केवल भारतीय शिक्षा का भविष्य नहीं भारत का भी भविष्य जुड़ा है।

1986 में शिक्षा की एक राष्ट्रीय नीति बनी थी। नवोदय विद्यालय की स्थापना उसी समय हुई थी। 1987 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश में 48 एकेडमिक स्टाफ कॉलेज खोलना जरूरी समझा था जिससे कॉलेज और विश्वविद्यालय के नए अध्यापक लाभान्वित हों। अकादमिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) का उद्देश्य नवनियुक्त लेक्चररों के लिए शिक्षणशास्त्र, शैक्षिक मनोविज्ञान, दर्शन, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक मुद्दों पर विशेष रूप से अभिकल्पित अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना था। अभिविन्यास कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रत्येक विषय से जुड़ा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम अध्यापकों के लिए अनिवार्य था जिससे इसकी गुणवत्ता में क्रमशः ह्रास होता गया और जो वास्तविक उद्देश्य थे, वे पीछे छूट गए। कैरियर की दृष्टि से यह दोनों कोर्स जरूरी हो गए थे और नवनियुक्त अध्यापकों का सारा ध्यान प्रमाण पत्र प्राप्त करना रह गया। अब अकादमिक स्टाफ कॉलेज का नाम बदलकर मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) कर दिया गया है।

यूजीसी के 18 वें अध्यक्ष प्रोफेसर धीरेंद्र पाल सिंह (डीपी सिंह) के समय अभिविन्यास कार्यक्रम का नाम बदला गया। अब इसे 'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफ आई पी) कहा जाता है। भाजपा के कार्यकाल में नाम बदलने की केवल राजनीति नहीं संस्कृति भी है। आज के अध्यापक को कल के 'गुरु' की कैटेगरी में रखने से प्राचीन भारत का बोध होता है और प्राचीन भारत की संस्कृति को नए सिरे से साकार करने या नए रूपाकार प्रदान करने की कोशिश विभिन्न स्तरों पर जारी है। 'गुरु' मात्र एक शब्द नहीं है। उसकी अपनी एक संस्कृति भी है। गुरुकुल जो व्यतीत है, उसे वर्तमान में प्रस्तुत करने के पीछे के अभिप्राय को समझने की जरूरत है। अब कॉलेज और विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त अध्यापकों के लिए गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है। इससे उनका कैरियर जुड़ा है। इसके बिना असिस्टेंट प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर नहीं हो सकती। यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष डीपी सिंह ने इस 'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' के प्राक्कथन में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का कथन उद्धृत किया है '- देश में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि वाले शिक्षक होने चाहिए।' वे कोठारी आयोग (1966) की टिप्पणी भी उद्धृत करते हैं - 'भारत का भाग्य अब उसकी कक्षाओं में आकार ले रहा है। यह महज कोई वक्र पटुता नहीं है बल्कि हमें इसका विश्वास है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर आधारित विश्व में केवल शिक्षा ही है जो लोगों की समृद्धि, कल्याण और सुरक्षा के स्तर को निर्धारित करती है।' आज स्थिति एकदम विपरीत है। आज देश में सर्वश्रेष्ठ बुद्धि वाले लोग शिक्षक नहीं हैं। पहले की तरह आज ब्रेन ड्रेन नहीं था। आज बुद्धि विवेक के स्थान पर आस्था को महत्व दिया जा रहा है। बात बात पर आस्था आहत हो रही है। आस्था के नाम पर उन्मादियों की भीड़ विवेकवान लोगों को परेशान कर रही है।

उद्धरण देने से ना बात बनती है और ना वास्तविकता छुपती है। आज 'शिक्षण व्यवसाय' की बात यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष कहते हैं। स्पष्ट है कि आज की शिक्षा बाजार उन्मुख है, व्यवसाय उन्मुख है। ऐसी शिक्षा से ना तो नैतिकता की उम्मीद की जा सकती है और न उस सामाजिकता की जिसका आज की पूंजी भक्षण कर चुकी है।

'गुरुदक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफआईपी) को समझने की जरूरत है क्योंकि यह नये शिक्षकों के लिए है। इससे उनका मानस भी निर्मित होगा। प्रोफेसर डीपी सिंह के अलावा मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यह शुद्ध मत है कि यह सामग्री (एफ आई पी) की रूपरेखा भारत में शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम में नए युग की शुरूआत करेगी । प्रश्न नए युग का नहीं है क्योंकि नया युग सबके लिए हितकर, स्वास्थ्यवर्धक और ज्ञानवर्धक होगा इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती। उच्च शिक्षा को लेकर बनाई गई नीतियों में किसी भी प्रमुख शिक्षाशास्त्री का नाम नहीं है।

नई शिक्षा नीति 2020 पर हिंदी और अंग्रेजी में कई पुस्तकें प्रकाशित हैं पर नव नियुक्त अध्यापकों के लिए जो 'गुरुदत्त दक्षता शिक्षक प्रेरणा कार्यक्रम' (एफआईपी) है, उस पर विस्तार से कम विचार हुआ है। इस पर विचार की जरूरत इसलिए है कि यह कार्यक्रम नवनियुक्त अध्यापकों के लिए है जो अपने छात्रों को शिक्षित करेंगे। उच्च शिक्षा के अंतर्गत इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने वालों में किसी भी एक शिक्षाशास्त्री का नामोल्लेख नहीं है। सभी अधिकारीगण हैं। शिक्षा और शिक्षण के तरीकों पर पुनर्विचार की जरूरत है। पर 'शिक्षकों की एक संभावित कुशल पीढ़ी' किसके लाभार्थ निर्मित हो रही है, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। अब शिक्षा उन ताकतों के हवाले है जिनका आज दुनिया पर नियंत्रण है। यह शिक्षा का स्वतंत्र होना नहीं, अधीन होना है। इससे स्वतंत्र, सक्रिय और सृजनात्मक मानस के निर्माण में अड़चनें आएंगी। एक अधिनस्थ और पराश्रित मानस का निर्माण बाजार के लिए हितकर-प्रीतिकर हो सकता है, समाज और देश के लिए नहीं।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# भारत जोड़ो यात्रा, मीडिया और आगामी चुनाव

## प्रसंगवश

**डॉ. ललित कुमार**



'भारत जोड़ो यात्रा' अपने तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा का लंबा सफर तय करके दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल के रास्ते होते हुए जम्मू कश्मीर में 31 जनवरी को जाकर खत्म होगी। यह यात्रा गांव और शहर से होकर जब भी आगे बढ़ती है, तो लोगों के जेहन में सिर्फ एक ही सवाल आता है कि क्या राहुल गांधी इस बार कोई करिश्मा दिखा पाएंगे? यानी इस यात्रा के जरिए कांग्रेस देश को यह संदेश देना चाहती है कि सबको साथ मिलकर इस देश को नफरती ताकतों से बचाना है। वर्ष 2014 के बाद से देश के जो हालात बदले हैं या एक खास किस्म की विचारधारा जिस ढंग से संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है, उससे भारत का मजदूर वर्ग, नौकरीपेशा, बेरोजगार युवा और किसान कहीं न कहीं सब परेशान है, लेकिन आम आदमी इससे एकदम अनजान है। अगर किसी को इस बात का अमल है भी, तो वह बोल नहीं पाते। क्योंकि उनको डर इस बात का होता है. कहीं उनके साथ भी कुछ अनहोनी न हो जाए। ऐसी घटनाओं से जुड़े अनेक उदाहरण इस देश में भरे पड़े हैं, जिनको लेकर लोगों में एक डर का माहौल है। क्योंकि मुख्यधारा मीडिया में आम आदमी के सरोकार से जुड़ी खबरें न के बराबर होती है। मीडिया चैनलों के मालिकों को जैसा ऊपर से आदेश मिलता है वैसे ही उनको करना पड़ता है। अब सवाल यह है कि इन मसलों पर कौन बात करें?

इस यात्रा का मुख्यधारा मीडिया से लाइव कवरेज लगभग नदारद है। यानि यह मीडिया इस यात्रा का बहिष्कार कर चुकी है। अगर देखा जाए तो कन्याकुमारी से लेकर अब तक की इस यात्रा में मीडिया कवरेज का प्रतिशत बहुत कम है। जबकि बाकी समय यह मीडिया हिंदू-मुस्लिम, सांप्रदायिक हिंसा, लव जिहाद और कोरोना की तेज होती आहट को मुख्य मुद्दा बनाकर खबरें दिखाने में कोई कोताही नहीं बरतता। लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के प्रति मीडिया न्यूज चैनलों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई देती है।

पांच लाख करोड़ का मुख्यधारा मीडिया नेटवर्क के साथ वर्तमान दौर में जी रहा है और सत्ता के समानांतर नतमस्तक होकर जी हजूरी करने में दिन-रात लगा है। भारतीय समाज अब उस मीडिया से जुड़ना चाहता है, जो आमजनमानस से जुड़े मुद्दों को उठाकर उनको हक दिलाने की बात करें। सत्ता उन पर ही नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है और कभी उनके दफ्तरों पर आईटी सेल के छापे तो कभी बेवजह डरा धमकाकर उनकी खबरों को रोकने की बात करता है या नौकरशाही के दम पर उनको चुप रहने की हिदायत देता है। राहुल गांधी सीधे तौर पर इस अब मीडिया पर सवाल खड़े करते हुए दिखाई देते हैं।

अब तक की यात्रा में राहुल गांधी दस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। अगर उन सभी प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक विश्लेषण किया जाए तो मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया कुछ अलग ही रहती है। क्योंकि उनको पता है कि वह इस यात्रा को कवर नहीं कर रहे हैं। इसलिए उनको उनकी ही भाषा में जवाब दिया जाता है। पांच लाख करोड़ का कारोबार करने वाला मुख्यधारा मीडिया पेज थ्री, पीत पत्रकारिता, एडवोकेसी पत्रकारिता या यूं कहें एंबेडेड पत्रकारिता के नक्शे कदम पर चलकर जनता को गुमराह करके झूठ को सच और सच को झूठ बताने में लगा है। कभी राहुल जी की टीशर्ट पर सवाल खड़े किए जाते हैं, तो कभी उनकी बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर, तो कभी इस यात्रा के जरिए कोरोना का डर फैलाकर लोगों में एक भय का माहौल पैदा किया जाता है। यानी बेवजह की बातें करने के लिए इस मीडिया के पास बहुत समय है। लेकिन वास्तविकता क्या है, उससे वह एकदम अनजान है।

सवा सौ दिन से अधिक की इस यात्रा के मद्देनजर भारत की खाक छानते - छानते राहुल गांधी को देश ने जो पाठ पढ़ाया है, जिसे उन्होंने राज्य दर राज्य, शहर दर शहर, देश के राष्ट्रीय राजमार्गों और गांव की पगडंडियों के जरिए समझा कि देश का बेरोजगार युवा, किसान, खुदरा व्यापारी, मजदूरवर्ग, बढ़ती महंगाई, शिक्षा और अस्पताल जैसे मसलों से मीडिया का कोई सरोकार नहीं है। वैकल्पिक मीडिया इस यात्रा पर लगातार अपनी नजर बनाए हुए है। वह कहीं न कहीं जनमानस की आवाज को इस देश के सामने रखने की कोशिश कर रही है, जिसे एक अच्छी पहल माना जा सकता है। जो काम मुख्यधारा का मीडिया नहीं कर पा रहा था, वह काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध छोटे-छोटे यूट्यूब चैनल कर रहे हैं।

विदेशी मीडिया का विश्लेषणात्मक नजरिया काबिले तारीफ है। विदेशी मीडिया लिखता है कि यह यात्रा कांग्रेस की खोई हुई जमीन वापस लाने में एक मिसाल बन सकती है। एक सौ पच्चीस दिनों से अधिक की इस यात्रा में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं, जो 10 राज्यों के 52 जिलों से होकर गुजर चुके हैं। कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं को भी इस यात्रा में देखा गया है। कयास अभी यह भी लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस के और कई पुराने चेहरे आगे इस यात्रा में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस पार्टी की इस पदयात्रा को लेकर विदेशी मीडिया ने जो रुचि दिखाई और जिस ढंग से उनका विश्लेषणात्मक नजरिया रहा, उस पर गौर करना बेहद जरूरी है।

जर्मनी के डी. डब्ल्यू पब्लिक ब्रॉडकास्टर लिखते हैं कि कांग्रेस इस यात्रा के जरिए महंगाई, बेरोजगारी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों को उठाकर न सिर्फ अपनी राजनीतिक जमीन पाने में लगी है, बल्कि राहुल गांधी एक जननेता के तौर पर मजबूती के साथ युवाओं की उम्मीद बनकर उभर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का ढलान पर जाना, बहुसंख्यकों के उभार और पार्टी की अंदरूनी कमियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी को ध्रुवीकरण की राजनीति से ऊपर उठकर एक ऐसा विकल्प ढूंढना होगा जो सबको एक साथ जोड़े रखें। न्यूयॉर्क टाइम्स लिखता है कि करीब सोलह महीने पहले इस यात्रा का होना साफ तौर पर संकेत देता है कि भारत का बँटा हुआ विपक्ष पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी युग को परिभाषित करने वाली महत्वाकांक्षाओं को विराम दे पाएगी। डियाना यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान पढ़ाने वाले प्रोफेसर सुमित गांगुली ने एनवाईटी से कहा, ह्ये यात्रा राहुल गांधी की ओर से पार्टी की हालत सुधारने के साथ-साथ अपनी राष्ट्रीय छवि मजबूत करने की दिशा में आखिरी प्रयास है। लेकिन तमाम शोर-शराबे के बावजूद वह भारत को लेकर एक अलग और स्पष्ट विचार पेश करने में नाकाम रहे हैं।' पाकिस्तान का प्रतिष्ठित अखबार डॉन लिखता है कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' और खड़गे ने अपेक्षित सफलताओं को एक सूत्र में पिरो ने की कोशिश की है। अखबार आगे लिखता है, 'राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी पार्टी और देश की खराब होती अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश करना चाहते हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की प्रोफेसर मधुलिका बनर्जी का 'द गार्डियन' अखबार में एक लेख छपा। जिसमें वो लिखती है कि 'ये पूरा अभियान किसी अहिंसक सेना के विशाल सैन्य अभियान जैसा है। अलग-अलग भाषाई समुदायों और पृष्ठभूमियों के लोगों को इस मार्च में शामिल होते देखना काफी दिलचस्पी भरा रहा। हमें पता है कि ये मौजूदा भारत है, लेकिन इसका अनुभव कम ही होता है। पुरानी मुलाकातों की तरह, मैंने इस यात्रा में चलते हुए भी राहुल गांधी को काफी विनम्र और तेज बुद्धि का शख़्स पाया है। उन्हें चुनौती देना और उनसे असहमत होना संभव था जो कई भारतीय नेताओं के साथ संभव नहीं था। नरेंद्र मोदी के साथ ऐसा करना संभव नहीं है क्योंकि वे प्रेस कॉन्फ्रेंस भी नहीं करते हैं। मोदी की सभाओं में लोगों को वैभव के दर्शन होते हैं। लेकिन इससे इतर राहुल गांधी की बढ़ी हुई दाढ़ी और आम लोगों के साथ तस्वीरें एक अच्छी राजनीतिक छवि को गढ़ती है।

गुजरात में भारी बहुमत से जीत हासिल करके बीजेपी कर्नाटक और मध्यप्रदेश में उसी फामूर्ले पर काम करना चाहती है, तो वहीं कांग्रेस बीजेपी से हिमाचल प्रदेश छीनने की खुशी में छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपनी अंदरूनी कलह को खत्म करके एक नई कांग्रेस खड़ी करना चाहती है। भारत का युवा इस समय 'भारत जोड़ो यात्रा' से प्रेरित होकर उम्मीद की एक नई किरण के रूप में राहुल गांधी को जननेता के रूप में देख रहा है। आगामी नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी अभी से अलर्ट मोड़ पर जा चुकी है। त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में फरवरी में चुनाव होने है। इसलिए बीजेपी लगातार पूर्वोत्तर राज्य का दौरा कर रही है और उसका ज्यादा फोकस अभी पूर्वोत्तर के राज्यों पर है। बीजेपी का हर इलेक्शन का ब्लूप्रिंट चुनाव से कई महीने पहले ही बनकर तैयार हो जाता है, उनको पता होता है कि जनता के बीच कौन-से मुद्दों पर जाकर कब और कैसे बात करनी है? साथ ही प्रोपेगेंडा कैसे खड़ा करना है और मतदाताओं का ध्यान कैसे अपनी ओर खींचना है? यह सब उनको पहले से ही ट्रेनिंग के जरिए बता दिया जाता है।

कांग्रेस के अभी सभी बड़े नेता इस वक्त 'भारत जोड़ो यात्रा' पर ज्यादा फोकस किए हुए है। 31 जनवरी के बाद से उनको चुनाव की रूपरेखा तैयार करनी है। यानी आगामी विधानसभा चुनावों की नींव इस यात्रा के जरिए डाली जानी है। हालिया स्थिति को देखते हुए कांग्रेस के लिए सभी विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि वर्तमान में वह केवल तीन राज्यों में सत्ता में है, जिनमें हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, जबकि बाकी जगह गठबंधन में सरकार चला रही है।

कांग्रेस कर्नाटक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने में काफी हद तक कामयाब होती दिख रही है, लेकिन पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों का ही दबदबा रहने वाला है। पिछले पांच चुनावों पर अगर नजर डालें, तो कांग्रेस का पूर्वोत्तर राज्यों में परफॉर्मेंस कुछ खास नहीं है। पिछले चुनाव में कांग्रेस मेघालय और मिजोरम में भले ही मुकाबले में रही हो, लेकिन नागालैंड और त्रिपुरा में कांग्रेस का सफाया हो गया है। तब से लेकर अब तक वहां ऐसे कोई संकेत नहीं है कि कांग्रेस इन राज्यों में फिर से वापसी कर रही है। कुल मिलाकर कांग्रेस को मध्य भारत के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों पर भी ज्यादा ध्यान देना होगा साथ ही चुनाव को आपसी सहमति के जरिए ही कराया जाए, तभी जाकर कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा' के सपने को साकार कर सकती है।

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

## व्यंग्य

# नामुरीद फेसबुक



**रमेश सैनी**

रामलाल जी अचानक फर्श पर गिर पड़े. धड़ाम की आवाज ने सबका ध्यान खींचा. रामलाल के बेटे मोहन आवाज की ओर भागा। पिता रामलाल औंधे मुंह पड़े थे। दूसरी ओर रामलाल जी की पत्नी भी आवाज की ओर भागी। पत्नी पास पहुँच कर रामलाल को उठाने लगी। तब बेटे ने आवाज लगाई-" मम्मी रुको! अभी नहीं उठाना।" पत्नी रुक गई और बेटा का मुंह देखने लगी। बेटे ने सोचा पिताजी गिर पड़े, क्यों गिर पड़े, कैसे गिर पड़े,उन्हें क्या हुआ है।यह सब तो डॉक्टर बताएगा। उन्हें छूने या उठाने से कुछ का कुछ हो सकता है।यह सोच वह रुक गया और यह सही समय है उनकी सेवा करने का। रामलाल का पुत्र मोहन अंदर गया और मोबाइल ले आया। मोहन की मां ने समझा बेटा डॉक्टर को फोन कर रहा है पर उसने तो पिता की फोटो लेने के लिए पोजीशन ले ली। पिता ने कुछ हरकत की। फिर मोहन की ओर देखा , मोहन उसे उठाए पर वह क्या कर रहा है। पत्नी पास खड़ी है पर उठा नहीं रही है। मोहन ने पिता से कहा -आप चिंता ना करें मैं हूँ। बस एक मिनट। रामलाल फिर जैसे के वैसे लुड़क गए. मोहन ने कुछ और फोटे लिए. फिर वह मोबाइल पर कुछ करने लगा।उसने पिता से कहा- आप बिल्कुल चिंता ना करें, मैं सब देख लूंगा। रामलाल जी है पुराने जमाने के। पर मन से युवा है। मोबाइल और लैपटॉप पर दिन भर लगे रहते हैं। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपनी खबर घंटे घंटे में देते रहते हैं। अपनी फोटो प्रोफाइल और पोस्ट को हरदम अपडेट करते रहते हैं। उनका कहना है, इस तकनीक की दुनिया में सब कुछ पारदर्शी है। किसी से कुछ छुपा नहीं है। अतः कोई आपके बारे में जानने की कोशिश करें तो इससे बेहतर खुद ही सबको बता दो। हां! यह भी यह फायदेमंद है। इसमें हर्रा लगे न फिटकरी,फिर भी रंग चोखा।उनके आभासी मित्रों की संख्या पाँच हजार के आसपास पहुंच गई है। वह मित्रों के लिए सूचना डालते हैं। और उस पर बारीकी से नजर रखते हैं। किसने लाइक और किसने कमेंट या किसी कुछ नहीं किया।जिसने कुछ नहीं, उसे फोन करके गरियाते हैं," तेरे पास इतना भी समय नहीं है कि अपने दोस्त की पोस्ट को लाइक भी ना कर सके?" उनकी इस आदत को बेटा,बहू,पोता, पोती और पत्नी सभी भली-भांति जानते हैं। मोहल्ले वाले भी इनकी आदत से नावाकिफ नहीं है। रामलाल जी फेसबुक और इंस्टाग्राम की जीवन की धारा में बह रहे हैं। मोहन की मां चिल्ला पड़ी -"उठाता क्यों नहीं है खड़ा खड़ा क्या सोच रहा है?- मां बस एक मिनट। पापा की फोटो फेसबुक कौर इंस्टाग्राम में डाल दी है। व्हाट्सएप बाकी है। मैं तो पापा की मन की बात कर रहा हूँ मोहन की मां ने रामलाल को उठाने का उपक्रम किया तो मोहन ने उन्हें फिर रोक दिया - थोड़ी देर रुक जाइए ना" थोड़ी देर बाद मोहन ने कहा -मम्मी फेसबुक से तो कमेंट भी आ रहे हैं उनके दोस्त पूछ रहे हैं कि पापा कैसे हैं ? कोई कह रहा है, ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ रखें" आदि आदि यह आज का कमाल। बस मम्मी एक मिनट। व्हाट्सएप पर नजर डाल लूं। लोग क्या कह रहे हैं रामलाल मोहन की ओर कातर निगाहों से देख रहे है। पर भी उठ नहीं पा रहे हैं। देर होते देख रामलाल की पत्नी की चीख चीख पड़ी, बहू डॉक्टर या अस्पताल को फोन करो ।बहू ने डॉक्टर को फोन किया डॉक्टर ने कहा सीधे अस्पताल ले आओ। पत्नि ने मोहन से कहा- गाड़ी बाहर निकालो अस्पताल लेकर चलना है" मोहन ने रामलाल जी को हिलाया बुलाया रामलाल जी दयनीय आँखों से मोहन को देख रहे थे। मोहन ने उन्हें उठाया, पापा आप चिंता ना करें। मैंने आपके सभी मित्रों तक आप यह खबर भिजवा दी है। रामलाल बोल नहीं पा रहे थे। उन्हें उठाकर पलंग पर लेटा दिया गया। मोहन ने जल्दी से गाड़ी बाहर निकाली। सबकी मदद से गाड़ी के पीछे की सीट पर उन्हें लिटा दिया। गाड़ी चल पड़ी। गाड़ी में लेटे-लेटे रामलाल जी ने कहा- सब ठीक है ना। पापा आप चिंता ना करें सब ठीक हो जाएगा।मोहन ने आश्वस्त किया। रामलाल ने अपनी गर्दन दूसरी ओर फेर ली। थोड़ी देर बाद अस्पताल पहुंचे।सब लोग रामलाल जी को उठाकर आकस्मिक चिकित्सा कक्ष लेकर आए । डॉक्टरों की टीम ने मुआयना चालू कर दिया। सभी प्रकार की जांच की गई। फिर डॉक्टर ने कहा- आपने ने लाने में देर कर दी। इन्हें सीवियर अटैक आया था। इसमें पल-पल की कीमत होती है, पर आप लोगों ने देर कर दी। अब रामलाल जी नो मोर रामलाल की पत्नी का चेहरा सफेद स्थिर हो गया।मोहन अवाक रह गया। उसे कुछ सूझ नहीं रहा था वह क्या करें। मोहन ने जेब से फोन निकाला फेसबुक पर अपडेट किया, पापा नहीं रहे।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मन में लक्ष्य को तय कर करें तैयारी मिलेगी सफलता : विनीत सिंह

**प्रतियोगिता**

**1500 मीटर दौड़ में वाराणसी के विकास ने लहराया परचम**


खिलाड़ियों को सम्मानित करते एमएलसी

**जमालपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर गुरुवार को देवकली इंटर कालेज के परिसर में एक दिवसीय दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ एमएलसी विनीत सिंह ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में विकास वाराणसी प्रथम तथा गौरव सिंह द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में अंकित चंदौली प्रथम तो शिवा नागर द्वितीय रहे।

3000 मीटर दौड़ में विकास प्रथम, बीरू द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में कोमल पटेल वाराणसी प्रथम तो सुमन मीरजापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विजेता प्रतिभागियों को एम एलसी विनित सिंह द्वारा पुरस्कृत किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन बच्चों के सपने दूर होते हुए मैंने देखा है, जो मिला नहीं उसे भी खोते हुए देखा है। लोग कहते हैं रात को ओस गिरती है, मैंने तो फूलों को भी अकेले में रोते हुए देखा है। जिसके बाद ब्लाक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अंत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर का निरीक्षण के दौरान डा.राधेश्याम, डा.शुचि त्रिपाठी, डा स्नेहलता गुप्ता, डा.मनोज चतुर्वेदी मरीज देखते मिले। प्रभारी चिकित्साधिकारी के बारे में पूछने पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि जिला मिटिंग में शामिल होने के लिए गए है। परिसर की साफ-सफाई कराने को निर्देशित किया। सीएचसी परिसर में बन रहे नए कोविड वार्ड को देखा। कोविड वार्ड के बारे में पूछने पर एचीओ ने बताया कि अभी ठेकेदार द्वारा हैंडओवर नही किया गया है। मौजूद लोगों ने बताया कि सीएचसी पर एक्सरे मशीन नही है। इस पर उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान किया जाएगा। ब्लाक मुख्यालय पर निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रधानों ने अपने समस्यायों को लेकर सात सूत्रीय पत्रक सौंपा। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि आनंद सिंह बंटू, वीरेंद्र प्रताप, नरसिंह चौहान, रामजन्म मौर्या, मनीष कुशवाहा, जोशी पटेल, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 13 दिवसीय क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच संपन्न


मैच का शुभारंम्भ करते प्रमुख प्रतिनिधि

**मड़िहान।** विकास खण्ड के ग्रामीण स्टेडियम पटेहरा कला दीपनगर के मैदान में 13 दिवसीय नवचंडी माँ सरस्वती चैलेंज कप का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल ने पहलवान बाबा की पूजा अर्चना कर फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया।

उद्घाटन मैच डायट पटेहरा व बहुती के बीच 10 ओवर का हुआ जिसमें डायट की टीम टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय कर कुल 108 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जबाब में उतरी बहुती की टीम पूरे 10 ओवर में आल आउट होकर 84 रन ही जुटा पाई। जिससे 24 रन से बहुती की टीम हार गई 20 गेंद पर 41 रन बना कर मैन ऑफ द मैच रहे।

मैच में स्कोर दीपक पांडेय, कॉमेंटेटर आकाश यादव, अंपायर रामजनम व रोहित चौधरी रहे। उद्घाटन मैच में बोलते हुए जग प्रकाश कोल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैच के विजेता टीम को 21 हजार और उप विजेता टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरष्कार 25 जनवरी को वितरण किये जायेंगे। उद्घाटन में प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल के साथ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सोनू सिंह, बीओ पीआरडी संतोष चौधरी, कंचन, मुन्ना कोल, शेषनारायण आदि लोग प्रमुख रूप से रहे।

## संयुक्त विकास आयुक्त ने विकास कार्यों का लिया जायजा


समीक्षा करते सहायक विकास आयुक्त

**सीखड़।** संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र मिश्रा द्वारा विकास खण्ड का निरीक्षण गुरुवार को किया गया। निरीक्षण में कार्यालय, सभागार, एन आर एल एम कक्ष व परिसर का निरीक्षण किया गया। विकास खंड में कराए जा रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।

अप्रयुक्त धनराशि को सम्बंधित विभाग को वापस भेजने तथा वृद्धा, निराश्रित व दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों का कार्ड शत प्रतिशत आधार से लिंक कराने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर का निरीक्षण किया और पंचायत सहायक से ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी ली तथा ग्राम पंचायत ऑफिस में आयुष्मान कार्ड, आधार फीडिंग और मनरेगा कार्यों के मस्टरोल निकालने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के.के. सिंह, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, जेई एमआई उमा शंकर पटेल, एडीओ समाज कल्याण विनोद शुक्ला, मुकेश मिश्रा, सत्येन्द्र यादव, मुकेश पाण्डेय, कृष्ण कुमार सिंह, हौसिला दुबे, ग्रा.वि.अ. रश्मि सिंह सहित विकास खण्ड के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## एडीओ पंचायत के पद पर आसीन हुए प्रभा शंकर पटेल

**जिगना।** मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी के अनुमोदन पर पर जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद जायसवाल द्वारा जारी लेटर के क्रम में विकासखंड छानबे पर बुधवार को एडीओ पंचायत के पद प्रभा शंकर पटेल को एडीओ पंचायत के पद पर खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने चार्ज भार ग्रहण कराया। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उसमें तेजी लाई जाएगी और स्वच्छ भारत मिशन द्वारा चल रहे कार्यों के प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने ऑफिस के कुछ फाइलों का अवलोकन किया।

इसी क्रम में कुछ ग्राम प्रधानों व सचिवों द्वारा उन्हें इस पद पर मनोनीत होने पर बधाई दी। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, गोवर्धन सिंह पटेल, दिलीप पाठक, ग्राम प्रधान आनंद मोहन सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह व हरीश शुक्ला शुभकामनायें दी।

# सीडीओ ने स्वास्थ्य व बाल विकास पर ध्यान देने का दिया निर्देश


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम गत माह की बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन की समीक्षा की गयी।

तदुरान्त स्वास्थ्य एवं पोशण के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत आशाओं का चयन एक माह के अन्दर कराने हेतु अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। प्रत्येक आकांक्षात्मक विकास खण्डों में चिहिन्त 20-20 अति कुपोशित (सैम) बच्चों को समुदाय स्तर पर पोशण पोटली प्राप्त कराते हुए उनकी साप्ताहिक रूप से ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा के माध्यम से नियमित अनुश्रवण करते हुए उन्हें स्वस्थ्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ऐसे बच्चों के परिजनों को षासन द्वारा संचालित सेवाऐं से आच्छादित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में यूनीसेफ समन्वयक द्वारा बताया गया कि एम.सी.पी. कार्ड पर गर्भवती महिलाओं से सम्बन्धित सूचना एवं बच्चों का ग्रोथ चार्ट अपडेट नहीं किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एएनएम एवं आंगनबाड़ी को प्रशिक्षित करते हुए एम.सी.पी. कार्ड को अपडेट कराना सुनिश्चित करें, ताकि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य सुधार का आकलन हो सकें। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठको में ग्राम प्रधान की उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों एवं सहाक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया।

# यातायात माह के तहत गाड़ियों में लगाया गया रिफ्लेक्टर



**राजगढ़।** नवंबर माह से चल रहे यातायात माह को प्रभावी एवं दुर्घटना रहित बनाने के लिए शासन स्तर पर निःशुल्क रिफ्लेक्टर लगाए जाने का फैसला लिया गया है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा के दिशा-निर्देश पर राजगढ़ पुलिस ने पुरानी पुलिस चौकी के सामने चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाया गया। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे की वजह से सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाओं के मामले बढ़ते जा रहे हैं ऐसे में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार के निर्देश पर राजगढ़ थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ सड़क पर चल रही सभी वाहनों को रोककर रिफ्लेक्टर लगाया ताकि कोहरे के चलते वाहनों की लाइट पड़ने पर रिफ्लेक्टर की चमक से आमने-सामने की गाड़ियां दिखाई दे और दुर्घटना से लोगों की जिंदगी बचाया जा सके। इस दौरान प्रशान्त, आशुतोष, प्रचंड, सुमीत, अरविंद, आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आवास की जांच कराने को दिया पत्रक

**जमालपुर।** क्षेत्र के चंदौली महोगनी ग्राम पंचायत के आधा दर्जन ग्रामीणों ने गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पर पत्रक सौंपकर आवास आवंटन की जांच कराकर सही तरीके से आवंटन कराए जाने की मांग किया। दिए गए पत्रक के माध्यम से बताया कि हम प्रार्थीगण का नाम आवास सूची में शामिल है। भाईपुर कलां ग्राम पंचायत पर तैनात सफाई कर्मी के माध्यम से आवास के नाम पर रूपया वसूली कराया जा रहा है और न देने की स्थिति में आवास कटवाने की धमकी सफाईकर्मी दे रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा पात्रों को आवास न देकर अपात्रों को आवास दिया जा रहा है। पत्रक के माध्यम से आवास आवंटन की जांच कराकर आवास दिये जाने की मांग किया। इस दौरान मौसम, गुद्दन, गुड्ड, धर्मवीर, सनझारी, रामविलास, अर्चना ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक

**हलिया।** क्षेत्र के भटवारी गांव में गुरुवार को यूनिसेफ के ब्लाक समन्वयक अंकित शुक्ल एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांव की महिलाओं संग बैठककर टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। बैठक में ब्लाक समन्वयक ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व टीकाकरण से वंचित परिवार समय से टीकाकरण करवाएं।गर्भवती महिलाओं को टीटी के दो इंजेक्शन व चार बार जाँच करवाएं। बच्चो को पांच वर्ष में सात बार सही समय पर टीकाकरण करवाकर जानलेवा एवं गंभीर बीमारियों से उनका बचाव करें। पांच वर्ष में सात बार का स्लोगन बताते हुए महिलाओं को मोबिलाईजेशन के माध्यम से टीकाकरण के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान एएनएम उषा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता मौर्या, पूनम मौर्या आशा सुनीता देवी बीएचडब्ल्यू दीपक सिंह, मुकेश ओझा व महिलाएं मौजूद रही।

## प्रियंका गांधी का मनाया जन्मदिन


प्रियंका का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी

**मीरजापुर।** हिन्दू बालिका स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र चौबे के निवास पर राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जन नेता प्रियंका गांधी वाड्रा की जन्मदिन मनाया गया।

प्रियंका के 51 वें जन्मदिन पर चित्र के समक्ष केक काट कर उनको बधाई दिया। इस दौरान शहर उपाध्यक्ष संदीप मिश्रा, पीसीसी ईमरान खान, पीसीसी विधि सिंह, अधिवक्ता कमलेश दूबे, अशोक मिश्रा, इरफान कुरैशी, रवि पटेल, सेवा दल शहर अध्यक्ष संहियद मुमताज, रत्नेश मिश्रा, संतोष दुबे, मनोज चौरसिया, सराफत उल्ला, अतहर अली, राकेश दत्त त्रिपाठी, संहियद राहत रजा आदि मौजूद रहे।

### काटा केक, मनाया महासचिव का जन्मदिन

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी का केक काटकर एवं कंबल बांट कर 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पूर्व नगर पालिका परिषद के चेयरमैन दीपचंद जैन ने कहा कि प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर कंबल बांट कर मां विंध्यवासिनी देवी से प्रार्थना करते हैं उत्तम स्वास्थ्य व दीधार्यु होने की कामना करते हैं। मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद छोटे खान गरीबों की मसीहा हम सब की बहन प्रियंका गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विक्रम जैन विक्की, प्रियंका, अनुज, गुलाब, भोला, विजय, नरेंद्र भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों पर जब युवा चलेगा तभी देश होगा समृद्ध : विवेक बरनवाल


विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विवेक

**मीरजापुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर बसही स्थित सेमफोर्ड स्कूल में एकल विद्यालय अभियान संगठन के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन की अंचल अध्यक्ष इंजीनियर विवेक बरनवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने जीवन काल में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का पूरे विश्व में विस्तार किया।

साथ ही साथ युवाओं को यह प्रेरणा दी कि अपने पद पर तब तक चलते रहे जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त ना हो जाए। कार्यक्रम में भाग के उपाध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह ने स्वामी जी के 39 साल के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि एकल अभियान स्वामी जी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए स्थापित की गई थी और आज हम सभी उसी पर कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में अभियान के सचिव सौरभ श्रीवास्तव, केंद्रीय से अभियान प्रमुख जीतू पहान, नगर समिति अध्यक्ष अनुज उमर, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने स्वामी जी के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंचल अभियान प्रमुख शिवजीत ने किया एवं कार्यक्रम में आर योग समिति के अध्यक्ष डॉक्टर संदीप श्रीवास्तव एवं उपाध्यक्ष डॉक्टर डी एन द्विवेदी, अंचल एवं संच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवाओं को करना चाहिए चारित्रिक शक्ति का विकास : नगर विधायक


विजेता को सम्मानित करते नपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** विश्व वन्दनीय जगतगुरु चिर युवा स्वामी विवेकानन्द जी के पावन जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मीरजापुर द्वारा यंग इण्डिया रन मैराथन दौड़ के रुप में मनाया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरदार पटेल चौक बिनानी चौराहा पर स्वामी विवेकानन्द जी एवं सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष भाजयुमो एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी भानू प्रसाद द्वारा प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ का शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता में 568 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर आलोक यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासी मवैया एवं वर्षा कुमारी पुत्री स्व. जैसराम निवासी बहेरा चुनार, द्वितीय स्थान पर कृष्ण कुमार यादव पुत्र राम शकल यादव निवासी पैड़ापुर (कचारी) एवं बबिता कुमारी पुत्री अशोक कुमार निवासी काजीपुर चुनार, तृतीय स्थान पर विवेक दूबे पुत्र शिवाकान्त दूबे एवं सुमन बिन्द पुत्री केवला प्रसाद बिन्द निवासी घमहापुर विन्ध्याचल रहे। तदुपरांत हुई गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक नगर रत्नाकर मिश्र ने कहा कि स्वामी जी सदैव अन्न व वाणी की शुद्धता पर जोर देते थे, जैसा खायें अन्न वैसा होये तन, जैसा पीये पानी वैसी होवे वाणी। अतः युवाओं को सदैव सात्विक व ताजा भोजन ही करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन नपा मीरजापुर मनोज जायसवाल ने कहा कि युवाओं के प्रति स्वामी विवेकानन्द जी प्रथम उद्देश्य ही था कि शक्तिशाली बनो आशय दारा सिंह न बनकर आत्मशक्ति, मानसिक शक्ति, प्रणिक शक्ति व सबसे ज्यादा चारित्रिक शक्ति का विकास करना चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक सिद्धार्थ मिश्र मोंटी ने कहा कि जब शारिरीक रुप से दृढ़ व बलशाली होंगे तो ही अन्य विधाओं में पारंगत हो पायेंगे। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो पुष्पेंद्र द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री प्रीतेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, नवीन दूबे राहुल, मृत्युन्जय सिंह गहरवार, शशांक दूबे, अमरेश केशरी, राघवेन्द्र उपाध्याय, शुभम पाठक, हर्षित खत्री, दिपक शुक्ला, सत्येन्द्र त्रिपाठी, उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी स्वामी विवेकानंद जयंती

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत की ओर से नगर के पाण्डेयपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद जी ने देश के लिए सत्य मार्ग गुरु मार्ग राष्ट्रीय मार्ग पर चलकर भारत की दशा एवं दिशा को परिवर्तित करने में एक अहम भूमिका निभाते हुए बहुत ही कम उम्र में भारत को एक नई दशा एवं दिशा देने का काम किया था। जिसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर योग गुरु योगी ज्वाला ने विभिन्न स्थानों से आए हुए युवाओं को योग से परिचित कराते हुए एवं उन्हें सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराते हुए कहा कि आज हम सभी युवाओं के रोल मॉडल स्वामी विवेकानंद राजगुरु भगत सिंह सुखदेव जैसे लोग ही होने चाहिए जिनके जीवन के बारे में जानकार तथा पढ़कर हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा हर युवा खुद को स्वस्थ समृद्ध व सशक्त बनाने में सफल होते हैं।

## जब तक लक्ष्य न मिले तब तक करें मेहनत : अपर जिला जज


मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते अपर जिला जज

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विकास खण्ड सीटी के प्राथमिक विद्यालय पिपराडॉड, प्रागंण में युवाओं, किसानों, ग्रामीणजनों को केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सरकारी योजनों तथा पृथ्वी व जलवायु स्वच्छ पेयजल के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया।

शिविर का शुभारम्भ नवागत अपर जिला जज (एफ.टी. सी.) सचिव लाल बाबू यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लाल बाबू यादव ने उपस्थित युवा व ग्रामीण को बताया कि विश्व युवा दिवस नवयुवको के विकास के लिये पूरे देश में मनाया जा रहा है, आज स्वामी विवेका नन्द जी की जयन्ती पर युवा वर्ग उसका भी लाभ उठाये। स्वामी विवेका नन्द जी ने कहा है कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हे लक्ष्य की प्राप्ति न हो विवेका नन्द जी के आर्दशों को अपनाये और उनके उद्देश्यों का अनुसरण करें। अन्त में बताया कि 11 फरवरी 2023 को दीवानी न्यायालय एवं जनपद के समस्त विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। शिविर में बीडीओ राम दरश, उद्यान विभाग पुष्पेन्द्र, नायब तहसीलदार सदर कल्पना, खनिज विभाग आशीष चौधरी आदि मौजूद रहे। जागरूकता शिविर में व.स. दीपक श्रीवास्तव, पी.एल.वी. जयप्रकाश, प्रदीप श्रीवास्तव, ने सहयोग दिया।

## संक्षेप

### ज्योति को आगे बढ़ने के लिए की जायेगी हर संभव सहायता : सतीश



**मीरजापुर।** विकासखंड मझवां के आंही गांव की होनहार बच्ची ज्योति यादव तमाम अभाव एवं चुनौतियों के बावजूद भी क्रिकेट जगत अंतर्गत डीएलसीएल कैंपस में सिलेक्शन की सूचना, एसीपी एयरवेज इंफ्राटेक कंपनी के निदेशक राम अवध द्वारा हाल में ही किए गए मदद का वीडियो जिला क्षय रोग कार्यालय में कार्यरत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा देखने के उपरांत उस बच्ची के प्रति संवेदना भाव के तहत सामाजिक कार्यों में हमेशा सहयोग देने वाले कछवां क्षेत्र में स्थित कछवां क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक शंकर रामचंद्रन के साथ-साथ कछवां टाउन चेयरमैन डॉक्टर पंधारी यादव को बच्ची की मदद में साथ देने का प्रस्ताव रखा, जिसके उपरांत गुरूवार को घर तीनों लोगों द्वारा पहुंचकर उसे बुके एवं अन्य पौष्टिक पदार्थ का पैकेट के साथ-साथ ट्रैक सूट, ट्रॉली बैग आदि भेंट किया गया। सतीश शंकर यादव द्वारा बच्ची को आश्वासन दिया गया कि आप खेल जगत में और आगे बढ़ते हुए अपने घर परिवार के साथ साथ भारत देश का नाम रोशन करें। डॉक्टर पंधारी यादव द्वारा भी बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसका हर स्तर से मदद करने का आश्वासन दिया गया। क्रिश्चियन हॉस्पिटल प्रबंधक शंकर रामचंद्र ने ज्योति यादव के साथ-साथ उनके पूरे परिवार को अपने हॉस्पिटल की माध्यम से समय-समय पर सहयोग देते रहने के आश्वासन के साथ-साथ यह भी आश्वस्त किया गया कि मेरा हॉस्पिटल आप सभी के स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर निःशुल्क मदद करने का कार्य करेगा।

### ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रक ने मारा कंटेनर में धक्का

**हलिया।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले से कंटेनर में साइलेंसर लादकर जमशेदपुर जा रहा था जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से दो सौ मीटर पहले पहुंचा तो पीछे से प्याज लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से ट्रक ने अनियंत्रित आगे चल रहे कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर डिवाइडर से उछलकर घाटी में पलट गया। वहीं अनियंत्रित ट्रक सौ मीटर आगे जाकर डिवाइडर से जा भिड़ा। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे एसआई उदय नारायण सिंह, अवधेश कुमार सिंह, कोमल सिंह यादव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, श्रीनिवास यादव ने ट्रक के स्टेयरिंग में फंसे ट्रक चालक 26 वर्षीय मोहम्मद रेहान निवासी मदईपुर थाना देलूपुर जिला प्रतापगढ़ को बड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल भिजवाया। ट्रक चालक के पैर में गंभीर चोटें आई है। वहीं घायल 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरमान निवासी मुरादाबाद को भी मंडलीय अस्पताल के लिए भेज दिया। घटना के बाद थोड़ी देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने राजमार्ग पर लग रहे जाम को समाप्त करवाया और ट्रकों पर लदे सामान की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया।

### 55 करोड़ रुपये से होगा मझवां क्षेत्र का विकास : प्रमुख

**कछवां।** विकास खंड मझवां क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें ब्लाक क्षेत्र से विकास संबंधी लगभग सौ प्रस्ताव मिले। जिसमें मनरेगा कार्य (कच्चा वर्क) लिए 15 करोड़ व पंद्रहवा पंचम वित्त के तहत 40 करोड़ का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निकाले गए। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। और बताया कि सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। जब तक अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ नहीं पहुंचेगा तो सरकार की मंशा पूरी नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विकास खंड अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि कुल सैकड़ों प्रस्ताव मिले हैं। इस दौरान बैठक में भाग लेने वाले वीओ पीआरडी संजय उपाध्याय, पशु चिकित्सा अधिकारी शेषनाथ, जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे एडीओ (सी) भारतनाथ यादव, सीडीपीओ इंद्रपाल व आंगनवाड़ी विभाग समेत क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### नाबालिग लड़की को भगाने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को सुबह अहरौरा जमुई मार्ग पर स्थित सोनबरसा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में एसआई गिरेंद्र राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की को विजय कुमार पाण्डेय उर्फ मिंटू पुत्र तुलसी पांडेय निवासी ग्राम धौहा चुनार बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था और शादी भी कर लिया था। लड़की के पिता की तहरीर पर विजय पांडेय के विरुद्ध 376 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही थी की मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को सोनबरसा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लड़की को बालिका सुधार गृह भेज दिया गया है।

### ठंड से बचाव हेतु कई गांवों में की अलाव की व्यवस्था

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के कलवारी पुरवा गुरुदेव नगर में कई दिनों से ठंड का प्रकोप बढ़ने से सुबह और शाम मे ठंड लोगों को अधिक रूप से सता रही है। ठंड का प्रकोप देखते हुए गुरुदेव नगर आश्रम के मलिककार बाबा रहबर दर्शनानंद ने अलाव जलवाकर सभी अनुयायियों को अलाव तापने के लिये कहा और साथ ही कई गांवों में अलाव की व्यवस्था भी कराया। जिससे अनुयाई को ठंड ना लग सके। क्षेत्र के आसपास के गांव के विधवा, विकलांग, वृद्धा तथा असहाय लोग को गुरुदेव नगर आश्रम के अनुयाई ने ठंड को देखते हुए कंबल भी वितरित किए तथा अलाव भी तापने के लिए व्यवस्था किए। इस दौरान विशाल सेवानंद, भगवत दर्शनानंद, धर्म जोगानंद, डॉक्टर बाबा, आदि अनुयाई उपस्थित उपस्थित रहे।

### ससुराल से मायके आ रही विवाहिता रास्ते से हुई गुम

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता के पिता ने थाने में तहरीर देकर पुत्री को खोजबीन करने की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में कहा है कि हमारी पुत्री जिगना थाना क्षेत्र से बुधवार को सायं 6:00 बजे रोड की गाड़ी से हलिया आ रही थी कि लालगंज में हलिया का एक लड़का मिल गया और बाइक पर बैठाकर पुत्री के साथ दो वर्षीय लड़के को लेकर कहीं गायब हो गया है। पता लगाने पर पता नहीं चल रहा है। विवाहिता के पिता ने गुरुवार को हलिया निवासी एक लड़के के नाम जद थाने में तहरीर देकर पुत्री को खोजबीन कराने की गुहार लगाई है।

### जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रद्द

**अहरौरा।** नगर पालिका क्षेत्र में स्थित जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कालेज का 23 जनवरी को होने वाले वार्षिकोत्सव समारोह को प्री बोर्ड परीक्षा के कारण रद्द कर दिया गया है। विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि 16 जनवरी से 23 जनवरी तक प्री बोर्ड परीक्षा का निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम को आगामी दिवसों में कराया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्रबंधक शुभेन्द्र कुमार ने दी।

# स्पोर्ट्स

## 'समय आ गया है कि अब हम बुमराह के बिना तैयारी शुरू करें', पूर्व क्रिकेटर की टीम इंडिया को चेतावनी

भारत बनाम श्रीलंका वनडे सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले यह खबर आई कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अनफिट होने की वजह से बाहर हो गए। बुमराह को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम चुन लिए जाने के बाद शामिल किया गया था। हालांकि, वह इसके बाद चोटिल हो गए और फिर से टीम मैनेजमेंट को उन्हें स्क्वॉड से बाहर करना पड़ा। सितंबर में एशिया कप के बाद से बुमराह इसी तरह चोट से काफी परेशान रहे हैं। भारतीय टीम से बुमराह के बाहर होने के बाद फैंस जरूर इस बात से परेशान हैं कि क्या यह दिग्गज पेसर टीम इंडिया में वापसी करने में समर्थ है या नहीं? साथ ही उनकी फिटनेस की स्थिति को लेकर भी फैंस चिंतित हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा को लगता है कि शायद टीम को हमेशा के लिए बुमराह के बिना तैयारी शुरू करने का समय आ गया है।



# भुवनेश्वर में शुरू होगा हॉकी का महाकुंभ, 16 टीमें लेगी हिस्सा

## ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है, भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता

**भुवनेश्वर।** हॉकी जगत के शीर्ष आयोजन एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 का आगाज शुक्रवार को यहां कलिंगा स्टेडियम में अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ होगा। भारत चौथी बार और लगातार दूसरी बार इस टूनार्मेंट का आयोजन कर रहा है। साल 2018 में जब 16 टीमें भुवनेश्वर में खिताब के लिये भिड़ी थीं तब बेल्जियम और नीदरलैंड ने सभी चुनौतियों को पार करते हुए फाइनल में जगह बनायी थी, जबकि बेल्जियम ने खिताबी मुकाबला जीतकर विश्व कप अपने नाम किया था। इस बार विश्व कप में मेजबान भारत, वेल्स, इंग्लैंड, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना,



चिली, मलेशिया, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कोरिया, जापान, गत उपविजेता नीदरलैंड और गत विजेता बेल्जियम सहित 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पाकिस्तान ने सबसे ज्यादा बार विश्व कप के खिताब जीते हैं, हालांकि इस बार टूनार्मेंट के लिये क्वालीफाई नहीं कर सका। ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दो-दो बार विश्व चैंपियन बने हैं, जबकि जर्मनी ने दो बार ट्रॉफी उठाई है। भारत और गत चैंपियन बेल्जियम ने सिर्फ एक-एक बार विश्व कप जीता है। भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम एक बार फिर विश्व कप मुकाबलों का साक्षी बनेगा। ओडिशा के सबसे पुराने अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की नींव तत्कालीन मुख्यमंत्री बीजू पटनायक ने 1978 में रखी थी और यह 16,000 लोगों की क्षमता रखता है। विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही खेले जायेंगे। मेजबान ओडिशा ने विश्व कप के लिये कलिंगा स्टेडियम के अलावा राउरकेला में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम भी तैयार किया है। प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर बनाया गया यह मैदान दुनिया का सबसे बड़ा फील्ड हॉकी स्टेडियम है। आधिकारिक रूप से एक सप्ताह पहले खुले इस स्टेडियम के निर्माण में कुल 260 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और इसमें 20,000 लोग बैठकर हॉकी का आनंद ले सकते हैं। भारत अपने हॉकी विश्व कप अभियान की शुरूआत इसी स्टेडियम में शुक्रवार को शाम सात बजे स्पेन के खिलाफ करेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस अपराह्न तीन बजे के मुकाबले में आमने-सामने होंगे, जबकि दिन का तीसरा मुकाबला इंग्लैंड और वेल्स के बीच शाम पांच बजे होगा। भारत और स्पेन इससे पूर्व 30 मैचों में आमने-सामने आये हैं। भारत ने इसमें से 13 मुकाबले जीते हैं, जबकि 11 मुकाबले स्पेन के पक्ष में गये हैं। छह मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग में पिछले साल दोनों देश दो बार आमने-सामने आये जिसमें एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि दूसरा स्पेन ने एक गोल के अंतर से जीता। टोक्यो ओलंपिक 2020 में हालांकि भारत ने स्पेन को 3-0 से परास्त किया था। भारत को ग्रुप-डी में स्पेन के बाद इंग्लैंड (15 जनवरी) और वेल्स (19 जनवरी) का सामना करना है। भारत ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड के साथ 4-4 से ड्रॉ खेला था, जबकि वेल्स को उसने 4-1 से मात दी थी। घरेलू परिस्थितियों में भारत अपने पूल की सभी टीमों से मजबूत है और वह तीनों मुकाबले जीतकर पूल-डी में शीर्ष पर रहना चाहेगी। एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के प्रारूप के अनुसार अगर भारत अपने पूल में शीर्ष पर रहता है तो वह सीधा क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई करेगा।

## त्रिसा-गायत्री गोपीचंद को ओपन प्री क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया से हारे

**कुआलालंपुर।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की गैब्रियला स्टोएवा और स्टेफानी स्टोएवा ने हरा दिया। दुनिया में 16वें नंबर की भारतीय



जोड़ी को 14वीं रैंकिंग वाली स्टोएवा बहनों ने 21 . 13, 15 . 21, 21 . 17 से मात दी। रियो ओलंपिक 2016 और तोक्यो ओलंपिक 2020 खेल चुकी स्टोएवा बहनें भारतीय जोड़ी पर शुरू ही से भारी पड़ी । उन्होंने जल्दी ही 6 . 0 की बढत बना ली हालांकि एक समय उनकी बढत 12 . 9 की ही रह गई थी लेकिन भारतीय जोड़ी लय कायम नहीं रख सकी। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने वापसी की और इसे जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींचा । तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 6 . 4 की बढत बना ली थी लेकिन बुल्गारिया की टीम ने वापसी करके स्कोर 14 . 14 कर लिया । इसके बाद से उन्होंने भारतीय जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। अब त्रिसा और गायत्री अगले सप्ताह इंडिया ओपन सुपर 750 टूनार्मेंट में फ्रांस की मार्गोट लैम्बर्ट और अन्ने त्रान से खेलेंगी।

## भारत ने श्रीलंका से वनडे सीरीज जीती, दूसरे मैच में चार विकेट से हराया, राहुल-सिराज और कुलदीप चमके

### भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया

**मुंबई।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया। भारत ने श्रीलंका को चार विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने उसे 39.4 ओवर में 215 रनों पर ऑलआउट कर दिया। टीम इंडिया ने 43.2 ओवर में छह विकेट पर 219 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज को अपने नाम कर लिया है। उसने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए तीसरे मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पहले मैच में



67 रन से जीती थी। अब तीसरा और आखिरी मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

गुरुवार (12 जनवरी) को ईडन गार्डन्स में श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनका यह निर्णय सही साबित नहीं हुआ। लंकाई टीम किसी तरह 200 रन के पार पहुंच पाई। वह 39.4 ओवर में 215 रनों पर सिमट गई। जवाब में भारतीय टीम ने शुरूआती विकेट खोने के बावजूद लक्ष्य को 43.2 ओवर में हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने छह विकेट पर 219 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया की जीत के सूत्रधार गेंदबाजी में कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज रहे। वहीं, बल्लेबाजी में अनुभवी केएल राहुल ने मध्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 86 रन पर चार विकेट गिर जाने के बाद पारी को संभाला और हार्दिक पांड्या के साथ पांचवें विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की। हार्दिक 53 गेंद पर 36 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद राहुल को अक्षर पटेल का साथ मिला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 30 रनों की साझेदारी की। केएल राहुल 103 गेंद पर 63 और कुलदीप यादव 10 गेंद पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

## जिंदगी खत्म करना चाहते थे पूर्व भारतीय बास्केटबॉल कप्तान जगदीप

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बास्केटबॉल कप्तान जगदीप सिंह बैंस पीठ की चोट के कारण तीन साल तक बिस्तर पर पड़े रहे और करियर के लिये खतरा बनी इस चोट से वह इतने परेशान हो गये कि उनके मन में जीवन खत्म करने का विचार भी आया था। चीन में 2012 में थ्री ऑन थ्री टूनार्मेंट के दौरान वह दर्द के कारण कोर्ट पर गिर पड़े थे और इस स्लिप डिस्क के कारण उन्हें तीन साल बिस्तर पर गुजारने पड़े थे। पर 2016 में उन्होंने सर्जरी करायी और अब यह 37 साल का खिलाड़ी नयी एलीट प्रो बास्केटबॉल लीग में मुंबई स्टार्स के लिये खेलने के लिये तैयार है। बैंस ने गुरूवार को पीटीआई से कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे खराब दौर था, मैं हिल डुल भी नहीं सकता था। दर्द असहनीय था। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं इतना परेशान हो गया था कि मैं अपनी



जिंदगी खत्म करना चाहता था क्योंकि मैं इस तरह नहीं रहना चाहता था। राजस्थान के गंगानगर के बैंस ने कहा, मेरी तभी शादी हुई थी और मेरी पत्नी मेरे लिये मजबूत बनी रही जिसकी वजह से ही मैंने आत्महत्या का विचार त्याग दिया। मेरी जिंदगी उसकी वजह से ही है। सर्जरी के तीन महीने बाद ही उन्होंने वापसी की और वह यूबीए लीग के पहले सत्र में खेले। उन्होंने कहा, उन्होंने (यूबीए लीग) मेरी उबरने में काफी मदद की और मुझे मानसिक व आर्थिक मदद मुहैया करायी। मैं उनका शुक्रगुजार हूं।

## इसी महीने शादी करेंगे राहुल-अथिया, धोनी और विराट कोहली को न्यौता

**मुंबइ।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल की शादी को लेकर कई महीने से कयास लगाए जा रहे हैं। खबरों की मानें तो लोकेश राहुल और अथिया शेट्टी इसी महीने शादी के बंधन में बंध सकते हैं, जबकि पहले खबरें आई थीं कि ये दोनों इसी साल फरवरी के महीने में शादी करेंगे। अब लोकेश राहुल और अथिया की शादी को लेकर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये दोनों 23 जनवरी को शादी कर सकते हैं। शादी का कार्यक्रम तीन दिन का होगी। पहले दो दिन में हल्दी, मेंहदी और संगीत की रस्म होगी। वहीं, तीसरे दिन ये दोनों सात फेरे लेंगे। यह शादी सुनील शेट्टी के खंडाला वाले बंगले पर होगी। 21 जनवरी से 23 जनवरी तक होने वाली शादी में सिर्फ चुनिंदा मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों की लिस्ट में पूर्व भारतीय



कप्तान विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल हैं। शादी के बाद लोकेश राहुल और अथिया शेट्टी बांद्रा में रहेंगे। अथिया-राहुल का घर बॉलीवुड अभिनेता रनबीर कपूर और आलिया भट्ट के घर के करीब होगा। धोनी और कोहली के अलावा इन दोनों की शादी में हार्दिक पांड्या, अमिताभ बच्चन, सलमान खान, जैकी श्रॉफ और अक्षर कुमार जैसी बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। राहुल और अथिया कई साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। सुनील शेट्टी भी इन दोनों को लेकर खुलकर बात कर चुके हैं।

***खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं राहुल***

लोकेश राहुल फिलहाल खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। टी20 के अलावा वनडे में भी उनके बल्ले से रन नहीं निकले हैं। इससे फैंस नाराज हैं और उन्हें टीम से बाहर करने की बात भी हो रही है। उनसे उपकप्तान का पद भी छीन लिया गया है। वनडे टीम में हार्दिक पांड्या उपकप्तान हैं, जबकि टेस्ट टीम में चेतेश्वर पुजारा को उपकप्तान बनाया गया है। टी20 में लोकेश राहुल सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को लगातार आराम दिया जा रहा है।

अथिया शेट्टी और उनके छोटे भाई अहान शेट्टी को हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर वरिंदर चावला ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में अथिया मशहूर फैशन डिजाइनर के घर से बाहर निकलते हुए स्पॉट हुईं। इस दौरान अथिया के साथ उनके भाई भी नजर आए। वीडियो को शेयर करते हुए पैपराजी ने ये दावा किया कि एक्ट्रेस ने अपनी शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोग अलग-अलग प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।

## जब मैदान में गिरने लगी राख, मैच छोड़कर बाहर भागे भारतीय खिलाड़ी !

**मुंबई।** आपने अक्सर क्रिकेट मैच को बारिश के कारण रुकते हुए देखा होगा, लेकिन महाराष्ट्र के पुणे में एमसीए स्टेडियम में राख के कारण मैच रोकना पड़ा। जी हां, हैरान मत



होइए, ऐसा ही कुछ तमिलनाडु और महाराष्ट्र के बीच हो रहे मैच के दौरान हुआ। पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में तीसरे दिन 19 मिनट तक खेल रुका रहा और इसकी वजह उड़ रही राख थी। दरअसल, एमसीए के बाहर कुछ दूरी पर आग लग गई और वहां से राख उड़कर मैच के दौरान जमीन पर गिरने लगी। जिस वजह से खेल रोकना पड़ा और सभी खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। राख इतनी ज्यादा थी कि स्टेडियम में गंदगी फैल गई और इसके बाद खेल रोकना पड़ा। स्टेडियम की सफाई करने के बाद ही खिलाड़ी मैदान पर लौटे। मैच की बात करें तो महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 446 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 195 रन की बेहतरीन पारी खेली। केदार जाधव 56 और काजी 88 रन बनाकर आउट हुए। वहीं तमिलनाडु ने भी जबरजस्त बल्लेबाजी की। विजय शंकर ने 107 रन की पारी खेली। प्रदोष रंजन पॉल ने 84 और जगदीशन ने 77 रन बनाए। तमिलनाडु की टीम 404 रन पर ऑलआउट हो गई।

## तालिबान की बढ़ती पाबंदियों का वनडे सीरीज पर दिखा असर ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से वापस लिया नाम

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कहा कि उसने अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला से नाम वापिस ले लिया है क्योंकि महिलाओं और लड़कियों पर तालिबान की बढ़ती पाबंदियों के कारण खेल पाना संभव नहीं है। आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के तहत अफगानिस्तान के खिलाफ यूएई में मार्च में खेलना था जो आईसीसी सुपर लीग का हिस्सा भी है। आस्ट्रेलिया सरकार समेत सभी पक्षधारकों से मशविरे के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इसमें भाग नहीं लेने का फैसला किया है। इसने एक बयान में कहा, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने तय किया है कि आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मार्च 2023 में पुरूषों की वनडे श्रृंखला नहीं खेल सकेगा। इसमें आगे कहा गया, तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार , पार्क और जिम में उनके जाने पर पाबंदियों के बाद यह फैसला लिया गया। सीए दुनिया भर में महिलाओं और पुरूषों के बीच खेल के विकास का समर्थक है। अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं के यूनिवर्सिटी जाने और एनजीओ में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया है । अफगानिस्तान आईसीसी का एकमात्र पूर्णकालिक सदस्य देश है जिसकी महिला टीम नहीं है और शनिवार से शुरू हो रहे महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप में नहीं खेलेगा । आईसीसी के सीईओ ज्यौफ अलार्डिस ने महिला क्रिकेट को लेकर अफगानिस्तान में प्रतिबद्धता के अभाव के बारे में कहा कि आईसीसी बोर्ड की अगली बैठक में इस पर बात की जायेगी। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान का ताजा घटनाक्रम चिंताजनक है। हम हालात पर नजर रखे हुए हैं। बोर्ड अगली बैठक में इस पर बात करेगा। आस्ट्रेलिया को इस श्रृंखला में भाग नहीं लेने के कारण 30 प्रतिस्पर्धा अंक गंवाने पड़ेंगे जो अफगानिस्तान को मिलेंगे । वैसे इसके कोई मायने नहीं है क्योंकि आस्ट्रेलिया इस साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर चुका है। ***एजेंसी***



## बांके बिहारी के दरबार में पति के साथ हाजिरी लगाने आई बबिता फोगाट

**मथुरा/वृंदावन।** अर्जुन पुरुस्कार विजेता ओलंपियन बबिता फोगाट गुरुवार को ठाकुर श्री बांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंची। नामचीन रेसलर ने बेटियों पर होने वाले अत्याचार के ग्राफ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब लोगों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। तभी महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध पर काबू पाया जा सकता है। नवयुवक दूसरों की बहन बेटियों को भी अपनी बहन-बेटी की तरह समझे। तभी बेटियों पर होने वाले अत्याचार कम हो सकते हैं। इसमें नवयुवकों के परिजनों को भी अहम भूमिका अदा करनी होगी। उन्हें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि दूसरों की बहन बेटी भी अपनी बहन बेटी की तरह होती है। समाज की हर बेटी को अपना समझा जाएगा तभी बेटियां भयमुक्त हो सकती हैं। उन्होंने बेटियों से भी सबल बनने की अपील की। कामनवेल्थ गेम्स में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाली पहलवान बबिता फोगाट अपने पहलवान पति विवेक सुहाग के साथ गुरुवार की सुबह ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंची। विधिवत दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ठाकुर जी के दरबार में आना अपने आप में सुखद अनुभूति है।



# लघु, मध्यम उपक्रमों को समर्थन मिले तो लुधियाना चीन को टक्कर देने में सक्षम : राहुल गांधी

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को केंद्र और पंजाब सरकार पर लघु एवं मध्यम उपक्रमों को समर्थन न देने का आरोप लगाया, बोले- कहा, नोटबंदी और गलत जीएसटी नीति नहीं हैं, नोटबंदी और गलत जीएसटी लघु एवं मध्यम उपक्रमों को खत्म करने के हथियार हैं**

**लुधियाना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को केंद्र और पंजाब सरकार पर लघु एवं मध्यम उपक्रमों को समर्थन न देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लुधियाना के लघु एवं मध्यम उपक्रमों को अगर पर्याप्त समर्थन मिले तो वे चीनी उपक्रमों को टक्कर दे सकते हैं। राहुल कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के पंजाब चरण के तहत बृहस्पतिवार को लुधियाना में थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में नफरत, हिंसा और डर फैलाया जा रहा है।



लुधियाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, देश में नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। भारत भाईचारे, प्यार और सम्मान के भाव में यकीन रखने वाला देश है। उन्होंने नोटबंदी को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस कदम ने लघु एवं मध्यम उपक्रमों को बुरी तरह से प्रभावित किया। राहुल ने आरोप लगाया, लुधियाना (लघु एवं मध्यम उपक्रमों) को कैसे झटका लगा? प्रधानमंत्री जी ने नोटबंदी और जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) जैसे गलत कदम लागू किए। उन्होंने कहा, नोटबंदी और गलत जीएसटी नीति नहीं हैं। नोटबंदी और गलत जीएसटी लघु एवं मध्यम उपक्रमों को खत्म करने के हथियार हैं। यही सच है। कांग्रेस नेता ने कहा, देश के अरबपति देश में रोजगार सृजित नहीं कर सकते हैं। लुधियाना के लघु एवं मध्यम उपक्रम देश में नौकरियां दे सकते हैं। अगर उन्हें मजबूत बनाया जाता है और समर्थन दिया जाता है, तो लुधियाना चीन का मुकाबला कर सकता है। यही सच है। उन्होंने कहा, लेकिन, कोई आपका साथ नहीं देता। कोई दृष्टिकोण ही नहीं है। चाहे पंजाब सरकार हो या फिर भारत सरकार। लुधियाना पंजाब का औद्योगिक केंद्र कहलाता है। भारत जोड़ो यात्रा बृहस्पतिवार सुबह अपने पंजाब चरण के तहत दोराहा से आगे बढ़ी और इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इसमें शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा का पंजाब चरण बुधवार को फतेहगढ़ साहिब के सरहिंद से शुरू हुआ था। बृहस्पतिवार सुबह यात्रा में कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सांसद अमर सिंह, गुरजीत सिंह औजला, पूर्व विधायक गुरकीरत कोटली, पंजाब युवा कांग्रेस के प्रमुख ब्रिंदर सिंह ढिल्लों और पार्टी के कई अन्य नेता राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ता राष्ट्रीय ध्वज थामकर चलते दिखाई दिए। भारत जोड़ो यात्रा अपने पंजाब चरण के तहत लुधियाना, गोराया, फगवाड़ा, जालंधर, दसुआ और मुकेरियां से होकर गुजरेगी। यात्रा के जम्मू-कश्मीर में दाखिल होने से पहले कांग्रेस 19 जनवरी को पठानकोट में एक रैली आयोजित करेगी। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त होगी, जहां राहुल जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में तिरंगा फहराएंगे। यह पदयात्रा अब तक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से होकर गुजर चुकी है।

## हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक आज, पुरानी पेंशन योजना बहाली पर लेंगे फैसला

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंत्रिमंडल की पहली बैठक शुक्रवार को होगी जिसमें पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर निर्णय लिया जा सकता है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान यह वादा किया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बृहस्पतिवार को राज्य सचिवालय में कर्मचारियों को दिये भाषण में कहा, हम वोटों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल नहीं कर रहे, बल्कि हिमाचल के विकास में इतिहास रचने वाले कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा और उनके आत्मसम्मान के संरक्षण के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पेंशन आत्मसम्मान देती है क्योंकि इसकी वजह से माता-पिता बच्चों पर आश्रित नहीं रहते। मेरी मां अपने बच्चों पर आश्रित नहीं हैं क्योंकि मेरे पिता की पेंशन से उनकी जरुरतें पूरी होती हैं। सुक्खू ने कहा, सरकार कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन प्रदान करने की दिशा में काम करेगी।

## 'सोने की चिड़िया' बन मिस यूनिवर्स मुकाबले में उतरीं दिविता राय



**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में की एक से एक खूबसूरत महिलाओं को एक मंच पर लेकर आने वाले कॉन्टेस्ट 'मिस यूनिवर्स' में हर कोई जाना चाहता है। वहीं अपने सपनों को पंख लगाने के लिए भारत की दिविता राय 71वें मिस यूनिवर्स में हिस्सा ले लिया है। अपको बता दें कि तेलंगाना की दिविता राय अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में हो रहे 71वें मिस यूनिवर्स में भारत से देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह 'सोने की चिड़िया' बनकर देश का प्रतिनिधित्व करती नजर आ रही हैं। दिविता राय गोल्डन विंग्स वाला गोल्डन आउटफिट पहन मिस यूनिवर्स के स्टेज पर पहुंचीं। दिविता का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वहीं पूरी दुनिया उनके मिस यूनिवर्स का खिताब जीतने की कामना कर रही हैं। तेलंगाना की दिविता राय एक मॉडल हैं, जो मिस यूनिवर्स के 71वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय पोशाक 'सोने की चिड़िया' को महत्व देते हुए लुक तैयार किया है। वह भारत की स्वर्णिम विरासत, अर्थव्यवस्था, विविधता और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहद खूबसूरत लग रही थीं। *एजेंसी*

## खास खबर

### बंगाल में राजनेता से जुड़ी बीड़ी कंपनियों पर इनकम टैक्स के छापे, 11 करोड़ की नकदी बरामद

नई दिल्ली/कोलकाता। आयकर विभाग ने पश्चिम बंगाल में एक राजनेता और कुछ अन्य लोगों से जुड़े विभिन्न स्थानों और व्यवसायों पर छापेमारी के बाद 11 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी कोलकाता और मुर्शिदाबाद में लगभग दो दर्जन स्थानों पर बुधवार को छापे मारे गए। कुछ 'बीड़ी' निर्माण कंपनियों तथा कुछ अन्य व्यवसायों को इस छापेमारी के दायरे में रखा गया। उन्होंने कहा कि बीड़ी कारखाने एक स्थानीय राजनेता से जुड़े हुए हैं और आयकर टीमों ने अब तक 11 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है।

### कंझावला कांडः आरोपी आशुतोष की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** कंझावला कांड में आरोपी आशुतोष भारद्वाज की जमानत अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रखा। कंझावला में 31 दिसंबर की देर रात को एक महिला की स्कूटी को टक्कर मारे जाने के बाद कार से काफी दूर तक घसीटा गया था और उसकी मृत्यु हो गयी थी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल, भारद्वाज की अर्जी पर अपराह्न दो बजे फैसला सुनाएंगी।

### तमिलनाडु सरकार ने सौंपा राष्ट्रपति को ज्ञापन

नई दिल्ली/चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और राज्यपाल आर एन रवि के बीच गतिरोध की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की विषयवस्तु को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। द्रमुक संसदीय दल के नेता टी आर बालू ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि तमिलनाडु के कानून मंत्री एस रेगुपति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जिसे मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने लिखा है।

## अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने बिक्री कर विभाग के आदेशों को बॉम्बे हाईकोर्ट में दी चुनौती

**बिक्री कर विभाग को अभिनेत्री की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी को**



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर (वैट) अधिनियम के तहत बिक्री कर उपायुक्त द्वारा वित्त वर्ष 2012-13 और 2013-14 के लिए पारित दो आदेशों को बॉम्बे उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति अभय आहूजा की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को बिक्री कर विभाग को अभिनेत्री की याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दी। शर्मा ने अदालत से बिक्री कर विभाग द्वारा पारित आदेशों को रद्द करने का अनुरोध किया है। उन्होंने मूल्यांकन वर्ष 2012-13, 2013-14, 2014-15 और 2015-16 के लिए चार याचिकाएं दायर की हैं। दिसंबर 2022 में उच्च न्यायालय द्वारा बिक्री कर विभाग के आदेशों को चुनौती देने वाले शर्मा के कराधान सलाहकार श्रीकांत वेलेकर द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार करने के बाद अभिनेत्री ने पिछले सप्ताह याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने तब कहा था कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि प्रभावित व्यक्ति (अनुष्का) खुद याचिका दायर न कर सके। शर्मा की याचिकाओं के अनुसार, उन्होंने त्रि-पक्षीय समझौते के तहत एक कलाकार के रूप में फिल्मों और पुरस्कार समारोहों में प्रदर्शन किया। यह समझौता उनके एजेंट, यशराज फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड और निमार्ता/कार्यक्रम आयोजकों के बीच था। याचिका में कहा गया है कि मूल्यांकन अधिकारी ने बिक्री कर फिल्म को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि उत्पाद के विज्ञापन और पुरस्कार समारोह में किए गए प्रदर्शन के आधार पर लगाया है। विभाग ने 2012-13 के लिए 12.3 करोड़ रुपये पर 1.2 करोड़ रुपये ब्याज सहित बिक्री कर, जबकि वर्ष 2013-14 के लिए लगभग 17 करोड़ रुपये पर 1.6 करोड़ रुपये बिक्री कर तय किया है।

## महाराष्ट्र सरकार राज्य में निवेश के लिए गंभीर नहीं : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना के ठाकरे गुट के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र की शिंदे-फडणवीस सरकार पर राज्य में निवेश के लिए गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधि दावोस में होने वाले विश्व आर्थिक सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जनवरी को मुंबई का दौरा करेंगे, इसलिए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावोस की अपनी यात्रा रद्द कर दी है वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी अपनी दावोस याभआ को जल्द समाप्त कर राज्य लौट जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कुछ घंटों के लिए ही मुंबई आएंगे और अनुरोध करने पर प्रधानमंत्री की यात्रा की तारीख बदली भी जा सकती है लेकिन शिवसेना को हराना और मुंबई नगर निगम का चुनाव जीतना मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री का लक्ष्य है। अगर प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया होता तो वह अपनी यात्रा की तारीख को टाल देते। उन्होंने कहा , पूरे देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधि दावोस जा रहे हैं लेकिन हमारी राज्य सरकार अपना दौरा रद्द कर रही है क्योंकि वह महाराष्ट्र में निवेश के प्रति गंभीर नहीं है।

# पीएम मोदी ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में कहा- दुनिया संकट की स्थिति में

**समिट के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत दक्षिण के देशों की आवाज दुनिया के मंचों पर उठाता रहेगा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघर्ष, युद्ध, आतंकवाद और उससे खड़ी होने वाली विभिन्न वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया संकट की स्थिति में है और यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अस्थिरता की यह स्थिति कब तक रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए खाद्य, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों, कोविड-19 वैश्विक महामारी के आर्थिक प्रभावों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं पर भी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने सम्मेलन की शुरूआत करते हुए विभिन्न विकासशील देशों के कई नेताओं की उपस्थिति में कहा, यह स्पष्ट है कि दुनिया संकट में है। उन्होंने कहा कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अस्थिरता की स्थिति कब तक रहेगी। उन्होंने कहा, हमारा (ग्लोबल साउथ) भविष्य सबसे अधिक दांव पर लगा है।

अधिकतर वैश्विक चुनौतियों के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसका सबसे अधिक प्रभाव हम पर ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा उसके विकास संबंधी अनुभव को ग्लोबल साउथ के अपने भाइयों के साथ साझा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता कर रहा है और स्वाभाविक है कि हमारा उद्देश्य ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना होगा।

भारत 12-13 जनवरी को दो दिवसीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जो यूक्रेन संघर्ष के कारण उत्पन्न खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर विकासशील देशों को अपनी चिंताएं साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ग्लोबल साउथ व्यापक रूप से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों को कहा जाता है। इसका विषय, ह्यमानव केंद्रित विश्व के लिए विकासशील देशों की आवाज है। मंत्री-स्तरीय समापन सत्र का विषय यूनिटी ऑफ वॉइस-यूनिटी ऑफ पर्पज होगा। शिखर सम्मेलन में दस सत्रों का आयोजन होगा, जिनमें से चार सत्र बृहस्पतिवार को, जबकि छह सत्र शुक्रवार को होंगे। प्रत्येक सत्र में 10 से 20 देशों के नेताओं और मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

समिट के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत दक्षिण के देशों की आवाज दुनिया के मंचों पर उठाता रहेगा। जी-20 देशों के समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय ऑन लाइन सम्मेलन में 120 देशों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक मंत्री स्तरीय सत्र होंगे जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर वैश्विक संस्थाओं में सुधार के एजेन्डे पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य जी-20 के एजेन्डे में विकासशील देशों की चिन्ताओं और प्राथमिकताओं को स्थान दिलाना है।

## श्रीलंका और बांग्लादेश भारत से एथेनॉल आयात करने के इच्छुक : गडकरी

**जैव-इंधन पर सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि श्रीलंका और बांग्लादेश ने भारत से एथेनॉल आयात करने में दिलचस्पी दिखाई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों यानी श्रीलंका और बांग्लादेश की सरकारों के साथ एथेनॉल के बारे में चर्चा की है।

गडकरी ने यहां जैव-इंधन पर सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मैंने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और श्रीलंका के मंत्री के साथ इस विषय पर चर्चा की है। बांग्लादेश और श्रीलंका, दोनों पेट्रोल में एथेनॉल सम्मिश्रण करने के लिए भारत से एथेनॉल के आयात को लेकर उत्सुक हैं।

मंत्री ने यह भी कहा कि 15 दिनों में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ उनकी बैठक है, जिसमें देश में एथेनॉल पंप शुरू करने के लिए नीति बनाने पर चर्चा की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि एथेनॉल का भविष्य बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक एथेनॉल खरीदने के लिए उत्सुक है और वैकल्पिक ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के बारे में भी आश्वस्त है। गडकरी ने कहा, हरित ईंधन की वजह से प्रदूषण की समस्या भी हल होने जा रही है।

## जोशीमठ मामला : उत्तराखंड सरकार ने कोर्ट को बताया, प्रभावित परिवारों का पुनर्वास हो रहा है

**केंद्र को एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर हुई सुनवाई**



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड सरकार ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि अधिकारी जोशीमठ में जमीन धंसने के कारण प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कर रहे हैं। अदालत को बताया गया कि क्षेत्र में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल को तैनात किया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि पुनर्वास पैकेज भी तैयार किया जा रहा है और काफी राहत कार्य चल रहा है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ को यह जानकारी दी गई जो जोशीमठ में जमीन धंसने के मुद्दे को देखने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए केंद्र को एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जल्द समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता रोहित डंडरियाल ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि इस मुद्दे पर इसी तरह की एक याचिका उच्चतम न्यायालय में भी दायर की गई है, जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई होने की संभावना है। पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए तीन फरवरी की तारीख तय की। सुनवाई के दौरान, उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जे.के. सेठी ने कहा कि सरकार ने पहले ही वहां एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को तैनात कर दिया है और कई लोगों को स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब इसी तरह की याचिका का शीर्ष अदालत के समक्ष उल्लेख किया गया था, तो उसने कहा था कि वहां लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधि हैं जो इस मुद्दे को देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हम लोगों का पुनर्वास कर रहे हैं। उन्हें राहत पैकेज दे रहे हैं। बहुत सारा काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा उत्तराखंड से संबंधित है और याचिकाकर्ता को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर करनी चाहिए थी।

## आप के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाई जानी चाहिए, पार्टी नेताओं की सम्पत्ति कुर्क हो : बीजेपी

**आप को सरकारी विज्ञापनों की आड़ में प्रकाशित उसके राजनीतिक विज्ञापनों के लिए 163.62 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के बैंक खातों के लेनदेन पर रोक लगा दी जानी चाहिए और प्रचार के लिए कथित रूप से सरकारी धन का इस्तेमाल करने वाले उसके नेताओं की संपत्ति कुर्क की जानी चाहिए। आप को कथित तौर पर सरकारी विज्ञापनों की आड़ में प्रकाशित उसके राजनीतिक विज्ञापनों के लिए 163.62 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, आप ने अपनी पार्टी और अपने नेताओं का सरकारी कोष से प्रचार किया और अब जब उन्हें इसकी प्रतिपूर्ति करने के लिए कहा गया है, तो वे परेशान हैं। तिवारी ने कहा, भाजपा मांग करती है कि आप के बैंक खातों के लेनदेन पर रोक लगा दी जाए और आप के उन नेताओं के बैंक खातों से पैसे वसूल किए जाएं, जिन्होंने अपने प्रचार के लिए कोष का इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जो धनराशि गरीबों के विकास के लिए इस्तेमाल होनी चाहिए थी, उसका इस्तेमाल आप नेताओं के विज्ञापन के लिए किया गया।

उन्होंने आरोप लगाया, आप ने करदाताओं के पैसे बर्बाद किये। जो कोष गरीबों के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाना था, उसका इस्तेमाल पार्टी और उनके नेताओं के प्रचार के लिए किया गया। उन्होंने इस वसूली आदेश पर रोक लगाने की भी कोशिश की, लेकिन उच्च न्यायालय ने उनकी अर्जी पर विचार नहीं किया।

# जम्मू के बालटाल-जोजिला के पास भारी हिमस्खलन, वीडियो देख सिहर उठे लोग

**किसी भी तरह के कोई नुकसान की सूचना नहीं, बर्फबारी से अटल टनल रोहतांग, मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 182 सड़कें बंद**



**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग क्षेत्र में बालटाल-जोजिला के पास हिमस्खलन हुआ। फिलहाल, इस हिमस्खलन से किसी भी तरह के कोई नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, प्रशासन द्वारा इस बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। तो वहीं, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से अटल टनल रोहतांग, मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग समेत करीब 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। 163 बिजली ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े हैं। दरअसल, जम्मू कश्मीर के साथ-साथ उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने 24 घंटे के भीतर कई इलाकों में भारी बर्फबारी और बारिश होने की संभावना जताई है। जम्मू संभाग के मैदानी इलाकों में घने कोहरे और बादलों के कारण सड़क यातायात प्रभावित है। इसके साथ ही हवाई सेवाओं पर भी इसका असर दिख रहा है। अधिकारियों की मानें तो सोनमर्ग, गुलमर्ग, तंगधार (कुपवाड़ा में) और कश्मीर के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा हिमपात हुआ है। कहा कि उत्तर और मध्य कश्मीर के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश हुई। कश्मीर घाटी के पर्वतीय इलाकों में हिमपात और मैदानी इलाकों में बारिश होने के बाद गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया। मौसम विभाग ने मैदानी इलाकों में हल्की बारिश, मध्यम और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी तथा उत्तरी कश्मीर के सोनमर्ग, कुपवाड़ा और बांदीपोरा के पर्वतीय इलाकों में हिमपात का अवलोकन किया। मौसम विभाग के अनुसार, कश्मीर और जम्मू संभाग के मैदानी इलाकों में कल शाम हल्की बारिश हुई और कुपवाड़ा, बांदीपोरा, गंदेरबल और बारामूला के पहाड़ी इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। कल यानी 13 जनवरी को कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी/बारिश होने का अनुमान है और 14-18 जनवरी तक मौसम सामान्य रूप से शुष्क रहेगा। गुलमर्ग और सोनमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में बुधवार को हिमपात हुआ जबकि श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिसके कारण विभिन्न दूर-दराज के इलाकों से कई मुख्य सड़कों का संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गया। कश्मीर घाटी में हिमपात और बारिश के कारण न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। *एजेंसी*

## पश्चिम.बंगालः तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता को मारी गोली, मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पूर्व बर्द्धमान जिले के केतुग्राम में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को बृहस्पतिवार को सुबह कथित तौर पर गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुलाल शेख सुबह अमगढ़िया बाजार में एक दुकान पर चाय पी रहा था, तभी उसे नजदीक से गोली मारी गई। अधिकारी के अनुसार, शेख (50) को समीपवर्ती स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेख के पुत्र ने कहा इलाके में तृणमूल कांग्रेस के प्रतिद्वन्द्वी गुट के कुछ लोगों ने मेरे पिता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। मेरे पिता रेत और भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति करते थे। तृणमूल कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष जॉय प्रकाश मजूमदार ने कहा, पंचायत चुनावों से पहले, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली टीएमसी सदस्यों को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं।



**दुनिया के सबसे लंबा रिवर क्रूज गंगा विलास को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह भव्य और दिव्य रिवर क्रूज क्रूज स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटकों के साथ वाराणसी से बांग्लादेश के रास्ते असम के डिब्रूगढ़ तक करीब 3200 किलोमीटर की यात्रा 51 दिनों में पूरी करेगा। यात्रा में 27 नदियों के साथ 50 पर्यटक स्थल जुड़ेंगे। इसके फर्नीचर, क्रॉकरी, कमरों के रंग व डिजाइन में 1960 के बाद के भारत की झलक दिखेगी। क्रूज की जो तस्वीरें सामने आई हैं, वे विहंगम हैं और इसकी भव्यता का नजारा पेश करती हैं।**

# लगातार तीसरे दिन बाजार में गिरावट: सेंसेक्स 147 अंक गिरकर 59,958 पर बंद, निफ्टी 32 अंक टूटा

## रिलायंस टॉप लूजर, निफ्टी-50 के 25 शेयरों में तेजी रही

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (12 जनवरी) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 147 अंकों की गिरावट के साथ 59,958 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 32 अंक फिसलकर 17,863 पर आ गया। लगातार तीसरे दिन बाजार में यह गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट रही। वहीं 15 शेयरों में ही तेजी देखने को मिली।



एसबीआई लाइफ, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल, एलटी, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाजा ऑटो समेत निफ्टी-50 के 25 शेयरों में तेजी रही। वहीं डिविस लैब, रिलायंस, बीपीसीएल, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, कोटक बैंक, भारती एयरटेल समेत निफ्टी के 25 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

*बैंकिंग सेक्टर में गिरावट*

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 7 में गिरावट देखने को मिली। ऑटो, आईटी, मीडिया और रियल्टी सेक्टर में मामूली तेजी रही। वहीं बैंक, पीएसयू बैंक, प्राइवेट बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी फार्मा और मेटल सेक्टर में भी गिरावट देखने को मिली है। गुरुवार को सेंसेक्स 150 अंक लुढ़ककर 59,958 पर बंद हुआ। इंट्राडे में यह 400 अंकों तक लुढ़क गया था, पर बाजार बंद होने के समय तक इसने अपने नुकसान को बहुत हद तक कवर किया। निफ्टी 38 अंकों की गिरावट के साथ 17,858 अंकों पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन में ज्यादातर सेक्टर्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए पर आईटी और मीडिया सेक्टर के शेयर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। बैंक, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दिखी।

### रॉकेट बना सोने का भाव, चांदी में रिकॉर्ड तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में गुरुवार को सोना 115 रुपये की तेजी के साथ 55,808 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, फरवरी डिलीवरी के लिए सोना अनुबंध 12,157 लॉट के कारोबार में 115 रुपये या 0.21 प्रतिशत बढ़कर 55,808 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने कहा कि कारोबारियों की ताजा लिवाली से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,883.90 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था।



## एमजी ने भारत में नेक्स्ट.जेन हेक्टर की कीमत की घोषणा की

**ग्रेटर नोएडा।** एमजी मोटर इंडिया ने आज हेक्टर की कीमत की घोषणा की। नेक्स्ट.जेन हेक्टर में 11 ऑटोनॉमस लेवल 2 विशेषताएं हैं जो बेहतर सुरक्षा के साथ परेशानी मुक्त ड्राइविंग आराम प्रदान करती हैं। अपने नए.नए आकर्षक बोल्ड एक्सटीरियर और विकसित सुरक्षा सुविधाओं और सुरुचिपूर्ण डिजाइन तत्वों के साथए नेक्स्ट.जेन हेक्टर एक अभूतपूर्व ड्राइव और उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करता है। नई एसयूवी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले इंटीरियर लकड़ी के फिनिश के साथ डुअल.टोन अर्गील ब्राउन और ब्लैक थीम में उपलब्ध हैं। फ्लैगशिप एसयूवी 5, 6 और 7.सीटर कॉन्फि गरेशन में उपलब्ध है। यह बुद्धिमानी से डिजाइन किए गए बैठने के विकल्प और पर्याप्त जगह प्रदान करता है। 6.सीटर सीटें एक कप्तान कॉन्फि गरेशन के साथ आती हैं जबकि 7.सीटर वाहन बेंच सीटों के साथ पेश की जाती हैं। हेक्टर आकर्षक मूल्य पेशकश के साथ 5 वेरिएंट्स. स्टाइलए स्मार्टए स्मार्ट प्रो, शार्प प्रो और सेवी प्रो में आता है। ऑटोनॉमस लेवल



2 एसयूवी में 11 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम्स एडीएएस फीचर्स पेश किए गए हैं। इनमें ट्रैफिक जैम असिस्ट और ऑटो टर्न इंडिकेटर्स शामिल हैं जो ड्राइवर को पूरा मानसिक शान्ति एवं सुरक्षा और आराम प्रदान करते हैं। इंटेलीजेंट ट्रैफिक जैम असिस्ट ट्रैफिक जैम की स्थिति में वाहन को लेन के बीच में रखकर और सामने से आने वाले वाहनों से सुरक्षित दूर बरकरार रखकर कम से कम प्रयास और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करता है। नेक्स्ट.जेन एमजी हेक्टर में नए पेश किए गए स्मार्ट ऑटो टर्न इंडिकेटर्स परेशानी रहित एवं सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव की पेशकश करती है। स्टीयरिंग एंगल के आधार परए संबंधित इंडिकेटर की लाइट अपने आप चालू और बंद हो जाती है।

### ट्विटर ने सिंगापुर कार्यालय के कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कहा

**सिंगापुर।** सैन फ्रांसिस्को में ट्विटर मुख्यालय के लिए किराए का भुगतान करने में विफल रहे एलन मस्क ने अब सिंगापुर में अपने शेष कर्मचारियों को कार्यालय न आने और वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा है क्योंकि कंपनी कथित तौर पर मासिक किराए का भुगतान करने में विफल रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर के कर्मचारियों को ईमेल के जरिए कैपिटाग्रीन बिल्डिंग छोड़ने और घर से काम करने के फैसले के बारे में बताया गया है।

सिंगापुर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में ट्विटर के मुख्यालय के रूप में कार्य करता है।

प्लेटफॉर्मर के केसी न्यूटन ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा कि ट्विटर के कर्मचारियों को सिंगापुर कार्यालय (एशिया-प्रशांत मुख्यालय) किराए का भुगतान न करने पर बाहर से काम करने को कहा गया। उन्होंने पोस्ट किया, लैंडलॉर्ड्स ने कर्मचारियों को इमारत से बाहर कर दिया। अमेरिका में, ट्विटर पर मुकदमा दायर किया गया है क्योंकि यह सैन फ्रांसिस्को में अपने कार्यालय स्थान के लिए 136,250 डॉलर किराए का भुगतान करने में विफल रहा है।

## वैश्विक कर्ज से जुड़ी असुरक्षा की स्थिति प्रणालीगत कर्ज संकट का खतरा पैदा कर रही है: सीतारमण

### ऐसे में विकास के सामाजिक आयाम और बढ़ते वित्तीय अंतर के विषय पर ध्यान देने की जरूरत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक स्तर पर कर्ज से जुड़ी असुरक्षा की स्थिति का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह प्रणालीगत वैश्विक कर्ज संकट का खतरा पैदा कर रहा है, ऐसे में विकास के सामाजिक आयाम और बढ़ते वित्तीय अंतर के विषय पर ध्यान देने की जरूरत है जिसका सामना कई देश कर रहे हैं। सीतारमण ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते कहा, भारत दशकों से विकास के पथ पर हमारी सहयात्री रहे वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के दृष्टिकोण को रखने को उत्सुक है। उन्होंने कहा कि दशकों से भारत अनुदान, रिण सुविधा, तकनीकी परामर्श, भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के माध्यम से अनेक क्षेत्रों में विकास में सहयोग के प्रयासों में सबसे आगे रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, हमें ऐसे तंत्र तलाशना चाहिए ताकि बहुतस्तरीय विकास बैंकों द्वारा प्रदान किया जा रहा



समर्थन देश की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप एवं अनुपूरक हों। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कर्ज से जुड़ी असुरक्षा की स्थिति बढ़ रही है और प्रणालीगत वैश्विक कर्ज संकट का खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बाह्य कर्ज की अदायगी और खाद्य एवं ईंधन जैसी आवश्यक घरेलू जरूरतों को पूरा करने के बीच फंसी अर्थव्यवस्थाओं से स्पष्ट होती है। वित्त मंत्री ने कहा, ऐसे में विकास के सामाजिक आयाम और बढ़ते वित्तीय अंतर के विषय पर ध्यान देने की जरूरत है जिसका सामना कई देश टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ क्षेत्र के साथ भारत के सहयोग को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि हमारी विकास सहयोग परियोजनाएं वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के साथ ज्ञान साझा करने एवं क्षमता निर्माण के लिये आदर्श बन रही हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस शिखर सम्मेलन में लोक केंद्रित विकास का वित्त पोषण सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस सत्र में मुख्य रूप से यह चर्चा हो रही है कि विकास का वित्त-पोषण कैसे किया जाए, कैसे कर्ज के जाल से बचें तथा अपनी विकास सहायता का ढांचा किस प्रकार से तैयार करें और वित्तीय समावेशन कैसे सुनिश्चित करें। भारत 12-13 जनवरी को दो दिवसीय वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जो यूक्रेन संघर्ष के कारण उत्पन्न खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा सहित विभिन्न वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर विकासशील देशों को अपनी चिंताएं साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### बैंक कर्मी 30 व 31 जनवरी को हड़ताल पर रहेंगे

**चेन्नई।** कई बैंक यूनियनों की संस्था यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों के लिए दबाव बनाने के लिए 30 जनवरी से दो दिवसीय हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी है।यह फैसला गुरुवार को मुंबई में हुई यूएफबीयू की बैठक में लिया गया। एआईबीईए के महासचिव सी.एच. वेंकटचलम ने आईएएनएस को बताया, यूएफबीयू की बैठक आज मुंबई में हुई। चूंकि पत्रों के बावजूद हमारी मांगों पर भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की कोई प्रतिक्रिया नहीं है, इसलिए हमारे आंदोलन को फिर से शुरू करने और 30 और 31 जनवरी को हड़ताल का आह्वान करने का निर्णय लिया गया है। उनके अनुसार, हड़ताल निम्नलिखित मांगों- पांच दिवसीय बैंकिंग, पेंशन का अपडेशन, अवशिष्ट मुद्दे, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को खत्म करना, वेतन संशोधन के मांगों के चार्टर पर बातचीत की तत्काल शुरूआत और पर्याप्त भर्ती सभी संवर्ग को लेकर है।

## कच्चे तेल की कीमत में भारी उछाल, शहर में आज क्या भाव मिल रहा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली:।** कच्चे तेल की कीमत बुधवार को तीन फीसदी की उछाल के साथ एक हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। ग्लोबल इकनॉमिक आउटलुक में सुधार से



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में उछाल आई है। लेकिन देश में पेट्रोल-डीजल के रेट में आज भी कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। भारत में पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियों ने आखिरी बार पिछले साल सात अप्रैल को पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव किया था। इसके बाद मई में केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी। उससे पेट्रोल और डीजल की कीमत में कमी आई थी। लेकिन तबसे पेट्रोल-डीजल की कीमत यथावत बनी हुई है। जानिए कैसे कपिवा हिमालयन शिलाजीत 100% शुद्ध है ।

दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल का भाव 89.62 रुपये प्रति लीटर बना हुआ है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का रेट 94.24 रुपये प्रति लीटर है। वहीं कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

### भारत 10 लाख टन अरहर दाल का आयात करेगा


**नई दिल्ली।** मौसम के कारण उत्पादन में संभावित कमी और विल्ट रोग के कारण दालों की घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार इस साल (दिसंबर- नवंबर) में करीब 10 लाख टन अरहर दाल का आयात करेगी और इसकी बफर स्टॉक सीमा भी बढ़ाएगी। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। शीर्ष सूत्रों ने कहा कि 31 मार्च 2024 तक खुले लाइसेंस के जरिए दालों का आयात करने का भी फैसला किया गया है। सूत्रों ने कहा कि दालों के आयात के लिए सरकार ने कई देशों के साथ बातचीत शुरू कर दी है, दालों के निरीक्षण मानदंडों में भी ढील दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट सचिव द्वारा बुलाई गई आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है। कृषि मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार, अरहर का उत्पादन 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में पिछले वर्ष के 4.34 मिलियन टन से कम होकर 3.89 मिलियन टन रहने का अनुमान है।

## पेटीएम शेयरधारकों की बल्ले-बल्ले, अलीबाबा की बिगबास्केट, जोमैटो, पेटीएम में स्टॉक बेचने के बाद भारत से निकलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** पेटीएम स्टॉक में गुरुवार को एक बड़ी हलचल हुई क्योंकि एक ब्लॉक डील हुई, जहां 2,59,930 शेयर 535.90 रुपये में बेचे गए, जिनकी कीमत 13.93 करोड़ रुपये थी।कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि चीनी ग्रुप अलीबाबा इस सौदे के पीछे है, जो अपनी कुल इक्विटी का लगभग 6 प्रतिशत 3.1 प्रतिशत तक बेच रहा है।

सूत्रों ने कहा कि अलीबाबा भारत से बाहर निकलता दिख रहा है क्योंकि उसने बिगबास्केट और जोमैटो जैसे अन्य निवेशों में शेयर बेचे हैं। यह निवेशकों के लिए एक अच्छी खबर के रूप में आ सकता है, क्योंकि चीनी शेयरधारिता को कम करने से कंपनी को उनके एफडीआई पहलू में लाभ होगा। वास्तव में, ब्लॉक डील के तुरंत बाद (जहां शेयर की कीमत 534 रुपये तक गिर गई), यह जल्द ही 548 रुपये पर आ गया। पेटीएम के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से लगातार तेजी आ रही थी, जिससे कंपनी के बारे में कई अच्छी खबरें फैल रही हैं। इसके सहयोगी



पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सुरिंदर चावला को अपना प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के लिए एक मजबूत परिचालन प्रदर्शन अपडेट पोस्ट किया था। पेटीएम सुपर ऐप दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए औसत एमटीयू के साथ बढ़ते उपभोक्ता जुड़ाव को देखना जारी रखता है, जो 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही के लिए प्लेटफॉर्म के माध्यम से संसाधित कुल मर्चेंट जीएमवी 3.46 लाख करोड़ (42 अरब डॉलर) हो गया, जो 38 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दशार्ता है।

## गेहूं निर्यात खोलने पर सरकार मार्च-अप्रैल में फैसला करेगी: डीजीएफटी महानिदेशक

**इंदौर।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के महानिदेशक संतोष कुमार सारंगी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गेहूं निर्यात से प्रतिबंध हटाने की मांग पर सरकार मार्च-अप्रैल के आस-पास फसल कटाई के वक्त उचित फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से पहले आंका जाएगा कि देश में गेहूं की मांग और पूर्ति में कितना संतुलन है।



सारंगी, मध्यप्रदेश सरकार के आयोजन वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश में हिस्सा लेने इंदौर आए थे। गेहूं निर्यात खोलने की मांग के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ₹देश में गेहूं की फसल की कटाई आमतौर पर मार्च-अप्रैल में होती है। इस अवधि के आसपास सरकार इस विषय (गेहूं निर्यात खोलने की मांग) में उचित फैसला करेगी। उन्होंने आगे कहा, जिस समय महसूस किया जाएगा कि गेहूं की मांग और आपूर्ति में संतुलन है, इस खाद्यान्न का निर्यात खोलने के लिए व्यवस्था की जाएगी।₹ गौरतलब है कि मई 2022 में गर्मी और लू की वजह से गेहूं उत्पादन प्रभावित होने की चिंताओं के बीच भारत ने अपने प्रमुख खाद्यान्न की कीमतों में आई भारी तेजी पर अंकुश लगाने के मकसद से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

सारंगी ने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वस्त्र निर्माण पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि सूबे में इस उद्योग के कच्चे माल के रूप में कपास की खासी उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि सूबे में गेहूं, चावल, फल-सब्जियों और मसालों के साथ ही जैविक व अजैविक रसायनों तथा इंजीनियरिंग उत्पादों का भी निर्यात बढ़ने की उजली संभावनाएं हैं।

सारंगी ने एक सवाल पर बताया कि सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना अभी 14 क्षेत्रों के लिए चलाई जा रही है तथा हो सकता है कुछ और क्षेत्रों में इसका विस्तार किया जाए।

## एमजी ने भारत में आयोजित ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी हाइड्रोजन फ्यूल.सेल टेक्नोएलॉजी प्रदर्शित की

**ग्रेटर नोएडा।** एमजी मोटर इंडिया ने सस्टेनेबिलिटी पर खास फोकस के साथ भारत में गतिशीलता के भविष्य को प्रदर्शित करते हुएए ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी थर्ड.जेनरेशन की हाइड्रोजन फ्यूल.सेल टेक्नोलॉजी से चलने वाले न्यू एनर्जी व्ही कल्स ;एनईवीद्ध का प्रदर्शन किया। दुनिया का नेतृत्व कर रहा हाइड्रोजन फ्यूल.सेल सिस्टम पर्यावरण के अनुकूल और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित है। यह स्वच्छ पर्यावरण में यूजर्स को सक्षम और बेहतरीन तरीके से यात्रा की सुविधा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। हाइड्रोजन फ्यूल.सेल सिस्टम को सबसे पहले2001 में फीनिक्स के नंबर 1 फ्यूल सेल व्हीहकल प्रोजेक्ट के लिए लॉन्च किया गया था। अब नए तरीके से विकसित थर्ड.जनरेशन फ्यूल.सेल सिस्टमए जिसे प्रोम पी390 का नाम से जाना जाता हैए कई अत्याकधुनिक फीचर्स के साथ आता है। इन खूबियों में एकीकृत डिजाइन, उच्च ऊर्जा घनत्व, उच्च टिकाउपन और उच्चन विश्वसनीयता के साथ मौसम के अनुकूल बेहतरीन ढंग से अपने को ढालने की क्षमता शामिल है। 92 किलोवॉट के सिस्टम पावर के साथ विश्व में अग्रणी फ्यूल.सेल टेक्नोसलॉजी उच्च सुरक्षा के मानकों पर खरा उतरती है और सभी प्रमुख परफॉर्मेंस इंडिकेटर्स पर बेहतर प्रदर्शन करती हैए जिसमें आरामए ईंधन की बचत और सर्विस लाइफ शामिल है। प्रोम पी 390 का इंटेलिजेंट कंट्रोल एलॉगरिथम काफी तेज रेस्पॉन्स देता है और वाहन पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखता है। फ्यूल.सेल सिस्टम का इस्तेमाल फ्यूल सेल से चलने वाली यात्री कारोंए सिटी बसोंए मध्यम और भारी ट्रकों और दूसरे वाहन प्लेटफॉर्म में भी किया जा सकता है। एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक श्री राजीव छाबा ने कहाए श्इधर कई सालों से एमजी मोटर को नवाचार का पर्यायवाची माना जाने लगा है। मानव केंद्रित टेक्नो लॉजीज और स्थायित्वन दोनों के संदर्भ में हलचल मचाने वाले मोबिलिटी सोल्यूशन पेश करने के विजन के साथ हमने भारत में प्रवेश किया। अब जब इंडस्ट्री वैकल्पिक ऊर्जा तकनीक की खोज कर रही है। हम विश्व की प्रमुख हाइड्रोजन फ्यूल.सेल टेक्नोइलॉजी.प्रोम पी 390 को भारत में लाकर काफी प्रसन्न हैं। हाइड्रोजन को ईंधन के रूप में प्रयोग कर फ्यूल.सेल से चलने वाली गाड़ियों के कई लाभ हैं। जैसे यह प्रदूषण नहीं फैलातीए इसकी क्षमता काफी ज्यादा होती हैए यह भारी लोड उठाने में सक्षम होती हैं और इनकी बैटरी लाइफ भी लंबी होती है। प्रोम पी390 सिस्टम म्न्छप्फ 7 के साथ इन सभी मानकों पर बेहतरीन परफॉर्मेंस देने का वादा करता है।





**संक्षेप**

### टाटा मोटर्स ने ज्यादा सुरक्षित, स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी समाधानों की व्यापक रेंज प्रदर्शित की

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित ऑटो एक्सपो 2023 में भारत की सबसे बड़ी ऑटो और मोबिलिटी सोल्यूशन कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज भविष्य के लिए तैयार ज्यादा सुरक्षित, ज्यादा स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल वाहनों और कॉन्सेप्ट्स की नई रेंज पेश की। इस रेंज को व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक मोबिलिटी दोनों के लिए और कार्गो ट्रांसपोर्ट को पूरी तरह बदलने के लिए डिजाइन किया गया है। अभियांत्रिकी और नवाचार की बुनियादी मजबूती के साथ, कंपनी में मेड इन इंडिया प्रॉडक्ट्स के निर्माण के लिए काफी जुनून है। कंपनी ने एक मनुष्यों पर केंद्रित हाई-टेक नजरिया अपनाया है। टाटा मोटर्स अपने उपभोक्ताओं को संपूर्ण समाधान और बेहतरीन अनुभव प्रदान कर भारत को नए बहुआयामी आविष्कारों से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रहा है। टाटा मोटर्स के पैवेलियन के उद्घाटन और अपने, कॉन्सेप्ट और सोल्यूशंस की व्यापक रेंज को पेश करते हुए टाटा संस के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन और टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा, हम अपने हर बिजनेस में स्थिरता, ऊर्जा हस्तांतरण और डिजिटलाइजेशन के नेतृत्व में बदलाव की नींव रख रहे हैं। हमारा शून्य उत्सर्जन करने वाली पावर ट्रेन, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, आधुनिक डिजाइन इंजीनियरिंग और बेहतरीन सेवाओं पर खास फोकस है। टाटा मोटर्स स्थायी गतिशीलता को अपनाने और नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने को तेजी दे रही है। ऑटो एक्सपो 2023 में, अपनी नई जमाने की गाड़ियों, कॉन्सेप्ट और स्मार्ट मोबिलिटी सोल्यूशंस के जरिए भविष्य को लेकर हमारा विजन और इसका मैनिफेस्टेशन पेशकर हम काफी गर्व महसूस कर रहे हैं। ऑटो एक्सपो 2023 में, टाटा मोटर्स ने लोगों और कार्गो मोबिलिटी दोनों के लिए वाहनों, कॉन्सेप्ट्स और सोल्यूशंस का सबसे बड़ा प्रदर्शन किया है। इससे लगातार आगे बढ़ते भारत की यातायात संबंधी जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करने के लिए टाटा मोटर्स की नेतृत्व, प्रतिबद्धता और भविष्य के लिए तैयारी की झलक मिलती है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने द आइकॉनिक हिलक्स की बुकिंग शुरू की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी आइकॉनिक लाइफस्टाइल यूटिलिटी व्हेकिल द हिलक्स के लिए बुकिंग शुरू की। कहने की जरूरत नहीं है कि 2022 की शुरूआत में लॉन्च किए जाने के बाद से, हिलक्स को ग्राहकों ने खूब पसंद किया है और इसकी तारीफ ड्राइविंग की इसकी शानदार स्टाइलिंग और ड्राइविंग आराम के लिए सराहना की गई है।हिलक्स की उच्च मांग और आपूर्ति को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के कारण प्रसिद्ध हिलक्स की बुकिंग अस्थायी रूप से रोक दी गई थी। हालांकि, आज की घोषणा के साथ, डीलर आउटलेट्स पर बहुप्रतीक्षित वैश्विक दिग्गज के लिए ऑर्डर लेना शुरू हो गया है और साथ ही ऑनलाइन बुकिंग भी स्वीकार की जाती है। वैश्विक स्तर पर, हिलक्स की 20 मिलियन यूनिट्स से ज्यादा की बिक्री हो चुकी है और इसने 180 से अधिक देशों में कई समझदार ग्राहकों का दिल जीत लिया है। पांच दशकों और आठ पीढ़ियों से अधिक के दौरान, टोयोटा हिलक्स ने असाधारण अनुभव और उन लोगों के साथ एक अटूट बंधन बनाया है जो भयानक ड्राइव की इच्छा रखते हैं, चाहे वे व्यवसाय में हों या अपने परिवार के साथ।इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री और स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट श्री अतुल सूद ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने पीढ़ियों से दुनिया भर में स्वीकार किए जाने वाले प्रतिष्ठित वाहन, हिलक्स के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। हमारी इच्छा अपने ग्राहकों को अधिक गतिशीलता विकल्प प्रदान करके उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ जीवन भर के अनुभवों के साथ उत्साहित करना है। हमें विश्वास है कि विश्व स्तर पर मशहूर हिलक्स भारतीय बाजार में बेजोड़ दृढ़ता और उत्कृष्टता के नए मानकों को स्थापित करना जारी रखेगी, जो व्यक्तिगत या व्यावसायिक जीवन शैली की विभिन्न उपयोगिता आवश्यकताओं के अनुरूप हो।हिलक्स 2.8 लीटर चार सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन के अपने शक्तिशाली पावरट्रेन सिस्टम के साथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक और 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के विकल्प में उपलब्ध है।

### द पैलेस, ओमेक्स ने आईसीआई अल्ट्राटेक अवाड्र्स द्वारा जीता मल्टी ड्वेलिंग रेजिडेंट अवार्ड

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक, ओमेक्स लिमिटेड उद्योग जगत की प्रशंसा के माध्यम से अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करा रही है। हाल ही में आयोजित, उत्कृष्ट कंक्रीट स्ट्रक्चर अवार्ड के लिए आईसीआई (लखनऊ) अल्ट्राटेक अवाड्र्स द्वारा वार्षिक एंडोमेंट अवार्ड वर्ष 2022 में, ओमेक्स के प्रोजेक्ट द पैलेस, ने जीता मल्टी ड्वेलिंग रेजिडेंस अवार्ड। ओमेक्स लिमिटेड लखनऊ के प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड श्री मुकेश कुमार ने कहा, हम आईसीआई (लखनऊ) अल्ट्राटेक अवार्ड से सम्मानित होकर गर्व महसूस कर रहे हैं। यह मान्यता लैंडमार्क प्रोजेक्ट बनाने में कंपनी के प्रयासों को दशार्ती है। पैलेस लखनऊ एक विचार से डिजाइन की गई परियोजना है जिसमें रॉयल टच के साथ शहरी जीवन का सार शामिल है। यह अवॉर्ड टीम में हर किसी के लिए और इस तरह के विकास को जारी रखने के लिए संगठन के लगातार प्रयासों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। लखनऊ में, हम रेजिडेंशियल, कमर्शियल और रिटेल क्षेत्रों में परियोजनाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लखनऊ का मार्केट स्वस्थ मांग के साथ फल-फूल रहा है और हमें विश्वास है कि हम सभी सेगमेंट में अपने मजबूत पोर्टफोलियो और आगे की विस्तार योजनाओं के साथ मार्केट के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लेंगे। लखनऊ में ओमेक्स का पैलेस भव्य जीवन शैली और वर्ग का एक अनुकरणीय संयोजन है। परियोजना के डिजाइन और वास्तुकला में महाराजा इसेंस इसे लखनऊ की विरासत की सर्वोत्कृष्ट भावना देता है। मंत्रमुग्ध करने वाला इंटीरियर क्लासिकल रूप के माध्यम से शहरी जीवन को रॉयल टच देता है। लग्जरी - संचालित आधुनिक लिविंग स्पेस की बढ़ती मांग के कारण लखनऊ के हाउसिंग सेगमेंट में महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है।

### 12 महीने के निचले स्तर पर महंगाई:दिसंबर में रिटेल महंगाई घटकर 5.72% पर आई, खाने का सामान सस्ता

देश में खुदरा रिटेल महंगाई में लगातार तीसरे महीने गिरावट देखने को मिली है। दिसंबर महीने में रिटेल महंगाई घटकर 5.72% पर आ गई है। ये 12 महीनों का निचला स्तर है। नवंबर महीने में रिटेल महंगाई 5.88% पर थी। वहीं अक्टूबर 2022 में रिटेल महंगाई 6.77% थी। हालांकि ये दिसंबर 2021 के मुकाबले ज्यादा है जब खुदरा महंगाई दर 5.66% थी। खाने-पीने का सामान खास तौर पर सब्जियों की कीमतों के घटने की वजह से महंगाई घटी है। नवंबर महीने में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर नवंबर के 4.67% से घटकर 4.19% पर आ गई। जबकि सब्जियों की महंगाई नवंबर के -8.08% से घटकर -15.08 पर आ गई है। दुनियाभर की कई इकोनॉमी महंगाई को मापने के लिए डब्ल्यूपीआई को अपना आधार मानती हैं। भारत में ऐसा नहीं होता। हमारे देश में डब्ल्यूपीआई के साथ ही सीपीआई को भी महंगाई चेक करने का स्केल माना जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक और क्रेडिट से जुड़ी नीतियां तय करने के लिए थोक मूल्यों को नहीं, बल्कि खुदरा महंगाई दर को मुख्य मानक (मेन स्टैंडर्ड) मानता है।

### वीडियो प्रोग्रामिंग डिस्ट्रीब्यूटर डायरेकटीवी सैकड़ों कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** यूएस में स्थित एक मल्टीचैनल वीडियो प्रोग्रामिंग डिस्ट्रीब्यूटर, डायरेकटीवी कॉर्ड-कटिंग के कारण कथित तौर पर सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी करेगी।सूत्रों का हवाला देते हुए डेडलाइन रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश छंटनी कंपनी के प्रबंधकों को प्रभावित करेगी। 10,000 की सीमा में कुल कार्यबल में से लगभग 10 प्रतिशत सभी प्रबंधक प्रभावित होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्मचारियों को छंटनी के बारे में पिछले हफ्ते सूचित किया गया था, जो 20 जनवरी से प्रभावी होगा। कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, पूरा पे-टीवी उद्योग धर्मनिरपेक्ष गिरावट और प्रोग्रामिंग को सुरक्षित और वितरित करने के लिए बढ़ती दरों से प्रभावित है।

# पौधरोपण के लिए भूमि का करें चयन : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की वर्ष 2022-23 के वृक्षारोपण की जियो टैगिंग की प्रगति अवशेष है तो उसे जल्द से जल्द पूर्ण करा दे। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वर्ष 2023-24 में वृक्षारोपण हेतु भूमि का चयन करना सुनिश्चित करे और भूमि चयन करते समय यह देख ले कि वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पर्यावरण समिति की समीक्षा

आयोजन

**जिला वृक्षारोपण समिति, गंगा समिति व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक सम्पन्न**

बैठक के दौरान जानकारी प्राप्त की कि ई-वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जनपद में क्या कार्यवाही की जा रही है और निर्देश दिया कि के ई-वेस्ट का समुचित निस्तारण किए जाएं। उन्होंने कहाकि इसके संबंध में जनपद स्तर पर कार्यशाला आयोजित किया जाए, जिसके लिए जनपद के कबाड़ व्यापारियों एवं कंप्यूटर, मोबाइल, टीवी के मैकेनिकों को बुलाकर ई-वेस्ट के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण की बैठक प्रतिमाह कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से ई-वेस्ट मैनेजमेंट के निस्तारण का आम जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी नाले का पानी नदी में न गिरने दिया जाए। नदियों के किनारे बाँस का वृक्षारोपण कराया जाए और पीली नदी के सरंक्षण एवं घाट बनाये जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, डीएफओ प्रवीण खरे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत लगायी गयी चौपाल

**मछलीशहर।** ग्राम सभा कुरनी में बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक समाधगंज शाखा के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक जीतलाल गुप्ता ने आए हुए पुरुषों और महिलाओं को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दिया। और ऋण अधिकारी सागर ज्योति ने लोगों से इसका लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के मण्डल महामंत्री राजन सिंह ने किया। मंडल महामंत्री राजन सिंह ने सभी लोगों से अपील किया की आप सभी लोग सरकार के प्रत्येक योजनाओं का लाभ लें और सरकार द्वारा जारी सभी योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी इंद्रपाल मौर्या, विशाल कुमार, पंकज जायसवाल के साथ ग्राम सभा कुरनी की उर्मिला देवी, गुड़िया देवी, ज्योति सिंह, विद्या देवी, सुमित्रा, शिवदेवी आदि उपस्थित रहीं।

# खाद्य उद्योग मेले में लोगों ने सीखा स्वरोजगार के गुर



स्वरोजगार मेले को सम्बोधित करती अधिकारी

**जौनपुर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमो को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमो के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव के मौजूदगी में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में खाद्य उद्योग मेला का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई ममता सिंह यादव द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है। दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये नये उत्पाद का सृजन कर और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ-साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला उद्यान विभाग आफिस में सम्पर्क करें। कार्यक्रम का संचालन भोला प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीआरपी अदित्य मौर्या, करन सिंह, उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, वंशराज प्रजापति समेत दर्जनों उद्यमी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जौनपुर। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वावधान में गुरूवार को तहसील सभागार में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि देश में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है यह दिन स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जो आज भी देश के लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और भारतीय इतिहास के सबसे प्रभावशाली नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। हर साल हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति का विश्व बंधुत्व का संदेश प्रदान करने के लिए किया जाता है। यह दिन युवाओं के लिए मनाया जाता है, और उन्हें विवेकानंद के विचारों और दर्शन को अपनाने लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जानकारी प्रदान करायी गयी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। इस अवसर पर अधिवक्तागण एवं पीएलवी गण व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्या को लेकर आप ने किया प्रदर्शन



**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर किसानों के समर्थन में प्रदर्शन कर मुख्य राजस्व अधिकारी सीआरओ गणेश प्रसाद सिंह को ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद के कलेक्ट्रेट में यूरिया खाद की कालाबाजारी जो यूरिया की बोरी पहले 260 प्रति बोरी मिलती थी वह अभी 500 से 700 प्रति बोरी 2 पैकेट सल्फर के साथ लेना जरूरी है। किसानों को उसके बिना यूरिया नहीं दिया जा रहा है। किसानों की समस्या को संज्ञान में लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर मुख्य राजस्व अधिकारी सीआरओ गणेश प्रसाद सिंह ज्ञापन सौंपा गया। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला महासचिव विनोद कुमार प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरि इत्यादि लोग शामिल हुए।

## ट्रक से कुचलकर अधेड़ की दर्दनाक मौत

**गभिरन।** शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर दौलतपुर गांव के मोड़ पर गुरुवार को साइकिल सवार अधेड़ गिट्टी लदी ट्रक के पहिए के नीचे आ गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। उसका शव कमर से दो भागों में विभक्त हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रक को घेर घटना की सूचना थाने पर दी। पुलिस के पहुंचने तक चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया।पिलकिछा गांव के बियसियां मजरा निवासी 57 वर्षीय बालगोविंद तिवारी घर से खुटहन बाजार साइकिल से आ रहे थे। वे गांव के संपर्क मार्ग से जैसे ही राजमार्ग पर चढ़े तभी बदलापुर की तरफ से गिट्टी लादकर तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक उन्हें रौंदता हुआ घटनास्थल से आगे बढ़ा। तभी ग्रामीणों ने उसका पीछा कर लिया। लोगों को पीछे आता देख चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया। मृतक भाजपा नेता प्रेमचंद तिवारी के चाचा हैं। उनके द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दिया है।

## सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**जौनपुर।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन जनपद इकाई द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयंती व सेवा मिशन स्थापना दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनपद इकाई के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ उपस्थित बुजुर्गों को भोजन कराया एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित धार्मिक पुस्तकें वितरण किया। सेवा मिशन के सहसंयोजक सुभाष चंद्र अग्रहरि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को मिशन परिवार सेवा दिवस के रूप में मिशन संस्थापक आशीष के निर्देशानुसार सेवा कार्य करते आ रहे है। युवा शक्ति संयोजक अमन ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को बताया। इस अवसर पर रूपेश रघुवंशी, शिवा, महेंद्र पांडेय, रहबर अब्बास, रविन्द्र सेठ, राहुल सिंह, अनिकेत सेठ, वैभव श्रीवास्तव, कन्हैया, रवि चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# जयंती पर याद किये गये पूर्व कैबिनेट मंत्री पारसनाथ यादव

**जौनपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. पारसनाथ यादव की जंयती के अवसर पर उनके ओम बसेरा आवास ओलंदगंज पर उनके पुत्र विधायक मल्हनी लकी यादव द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा स्व. पारसनाथ यादव वो राजनीतिक योद्धा थे जिनका लोहा जनपद नहीं पूरा प्रदेश मान गया। वे नेताजी के साथ समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनका जीवन सदैव गरीब कमजोर, दबे कुचले लोगों को न्याय दिलाना ही रहा। वे उनके हक अधिकार की लड़ाई के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम किया। वे जनपद के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीत में इतना लंबा सफर हासिल करने का गौरव प्राप्त किया। वे गांव की पंचायत से लेकर देश के पंचायत तक उनको जनता की सेवा करने का अवसर मिला। जनता के बीच में रहकर उनके दुख दर्द को समझा और निस्तारण किया। स्व. पारसनाथ यादव का जनपद के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान रहा जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है। विधायक लकी यादव ने कहाकि पिताजी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा सिखाये गये रास्ते पर चलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास करूंगा। जंयती के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्याम बाहदुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, कैलाश यादव, भोला यादव, आरबी यादव, निजामुद्दीन अंसारी, आशीष यादव, अमित, अकित, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।



जयंती पर पूर्व मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक लकी यादव व अन्य

# डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें : इम्तियाज अहमद

आयोजन

**चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर जर्मनी में शुरू**

**अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले में 135 भारतीय कालीन निर्यातकों ने लिया भाग**



चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद सीईपीसी सदस्य

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली द्वारा चार दिवसीय डोमोटेक्स इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का शुभारंभ जर्मनी के हनोवर शहर में भारतीय पवेलियन में गुरुवार से शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन हैमबर्ग के कार्यवाहक महावाणिज्यदूत गुलशन ढींगरा द्वारा कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष उमर हमीद, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गोम्बर तथा परिषद के प्रशासनिक समिति के सदस्य इम्तियाज अहमद, उमेश कुमार गुप्ता'मुन्ना' रोहित गुप्ता, फिरोज वजीरी आदि की उपस्थिति में किया गया।प्रशासनिक समिति के सदस्य इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस कालीन मेले में हिस्सा लेने के लिए भारत से कुल 135 कालीन निर्यातक डोमोटेक्स ट्रेड फेयर में भाग लिया। यह अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला हस्त निर्मित कालीन और फर्श कवरिंग के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे बड़े विशेष व्यापार मेले में से एक है। डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें है। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि 2 साल के बाद हो रहे डोमोटेक्स कारपेट फेयर से निर्यातकों को काफी उम्मीदें है, कालीन वैश्विक आर्थिक मंदी के चलते भारतीय कालीन उद्योग भी मंदी के दौर से गुजर रहा है। डोमोटेक्स एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय मंच है जिसका भारतीय कालीन निर्यातक वर्ष भर से इंतजार करते है। इस मौके पर कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के प्रशासनिक समिति के सदस्य वासिफ अंसारी, फिरोज वजीरी, श्री रोहित गुप्ता, शेख आसिफ अहमद, राम दर्शन शर्मा, विजेंदर सिंह जागलान एवं परिषद के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक डॉ. स्मिता नगरकोटी साथ-साथ अन्य भारतीय निर्यातक भी मौजूद रहे।

# दस फरवरी से 1450 टीमें घर-घर पहुंचायेंगी फाइलेरिया की दवा

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने फाइलेरिया रोधी दवा अल्बेन्डाजोल के वितरण व सेवन सुनिश्चित कराने हेतु डीआईओएस, बीएसए, डीपीओ को जरूरी निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्साधिकारी सन्तोष कुमार चक ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। किसी व्यक्ति को संक्रमण के बाद बीमारी होने में पांच से पन्द्रह वर्ष तक लग सकते है। जिला फाइलेरिया अधिकारी डॉ. राम आसरे ने बताया कि आगामी 10 फरवरी से 27 फरवरी तक राष्ट्रीय फैलेरिया उन्मुलन अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें सप्ताह में बुधवार व शनिवार, रविवार को छोड़कर दवा खिलाने वाली दो सदस्यीय टीम प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामने खिलानी है।

अभियान

**राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु डीएम ने की बैठक**

सिर्फ गर्भवती महिला, दो वर्ष के नीचे बच्चें, अति बीमार गम्भीर व्यक्तियों को दवा का सेवन नही करना है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर पर्याप्त दवा उपलब्ध करा दिया गया है। जनपद में 1450 से अधिक टीमें इस अभियान में लगायी गई है।

प्रत्येक छः टीम पर एक पयर्वेक्षक नियुक्ति किए गये है। प्रत्येक टीम को प्रतिदिन 25 से 30 घरों का भ्रमण करनी है तथा 125 से 130 व्यक्तियों को दवा दिखानी है।

## मेरठ, झांसी, अयोध्या सहित कई टीमें रहीं विजेता

**जौनपुर।** खेल निदेशालय उ.प्र. एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेशीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेरठ व लखनऊ मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें मेरठ ने लखनऊ को 24-8 से पराजित किया। झांसी ने प्रयागराज को 30-27 से पराजित किया। अयोध्या ने मुरादाबाद को 11-09 से पराजित किया। आजमगढ़ ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26-05 से, मिजार्पुर ने आगरा को 14-05 से, वाराणसी ने देवीपाटन 15-04 से, सहारनपुर ने चित्रकूट धाम मण्डल को 26-10 से, मेरठ ने बरेली को 25-10 से, आगरा ने प्रयागराज को 24-19 से पराजित किया। पूल-ए से वाराणसी और देवीपाटन मण्डल पूल-बी से आजमगढ़ और सहारनपुर, पूल सी-लखनऊ और मेरठ तथा पूल-डी मिजार्पुर व आगरा की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।

# बीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**जफराबाद।** बीडीओ सिरकोनी अस्मिता सेन ने ब्लॉक के कई गांवों में चल रहे विकास कार्यो का गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातहतों को कड़े निर्देश दिये। बीडीओ ने सबसे पहले ग्राम सभा जमैथा पहुंची जहां पर उन्होंने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। वहाँ ग्राम प्रधान अमरसेन यादव तथा सचिव अरुणेश चतुर्वेदी को अमृत सरोवर के बगल में खेल मैदान बनाने का निर्देश दिया। नाथुपुर गांव में इंटरलॉकिंग नाली निर्माण का काम, पंचायत भवन, अमृत सरोवर का चल रहे कार्य को देखा। हालांकि सचिव को सीआइबी नहीं लगे होने पर नाराजगी व्यक्त किया। इसमैला गांव के प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्रीवाल का चल रहा विकास काम, शिवापर में बकरी शेड, सोखता गड्ढा आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहाकि शासन के वरीयता का कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अकॉउंटेंट राहुल मिश्रा, तकनीकी सहायक दीपक मिश्र, तेजबहादुर राव, राणा प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खसरा फीडिंग में भदोही प्रदेश में अव्वल

**ज्ञानपुर।** शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा राजस्व अभिलेखों की फीडिंग में भदोही जनपद ने पूरे उत्तर प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया हैं। अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि खसरा फिटिंग में प्रदेश में जनपद को एक नंबर स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि तीनों तहसील में 1428, 1429, 1430 पत्रिका खसरा फिटिंग किया गया। भदोही जनपद को सौ नम्बरो में 99.45 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# रेस्टोरेंटों का निरीक्षण कर इओ ने देखी स्वच्छता

लिया जायजा

**मौजूद कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान के प्रति किया जागरूक**

**स्वच्छता के मानकों को पूरा करने वाले ढाबों व रेस्टोरेंटों को किया जाएगा पुरस्कृत**



रजपुरा स्थित सांई राजपूत में कर्मचारियों को स्वच्छता की जानकारी देते ईओ जी लाल

**भदोही।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत चलाए जा रहे स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेंट अभियान में गुरुवार को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी जी लाल ने नगर के चार रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इओ ने कहा कि नगरीय निकाय के क्षेत्रों में सड़कों के किनारे स्थित ढाबों व रेस्टोरेंटों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। सर्वे के दौरान मानकों पर खरा उतरने वाले ढाबों को रेटिंग के आधार पर पुरस्कृत किया जाएगा। ईओ ने कहा कि यह अभियान 5 से 12 जनवरी तक के लिए चलाया गया है। इस अभियान के तहत नगरीय निकायों में मुख्य मार्गों पर स्थित ढाबों व रेस्टोरेंटों से प्रतिदिन निकलने वाले अपशिष्ट को वैज्ञानिक विधि से स्वतः निस्तारित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ढाबों व रेस्टोरेंटों का सर्वे किया गया है। इसके मानकों पर खरा उतरने वाले ढाबों और रेस्टोरेंटों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर सफाई नीरीक्षक मिथलेश कुमार, प्रदीप कुमार, तौसीफ बेग, वारिश खान, चुन्ना बेग, सुरेश कुमार आदि नपाकर्मी मौजूद रहे।

## चिकित्सक सहित स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

**बदलापुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मियों को कायाकल्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। बताते चलें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को राज्य स्तर पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत सम्मानित किए जाने पर केंद्र के अधीक्षक डॉ. संजय दूबे की अध्यक्षता में भाजपा विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह तथा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह शक्ती के हाथों अस्पताल के सभी डाक्टर तथा स्वास्थ्य कर्मियों को मेडल पहनाते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला संयोजक अखिल मिश्रा, महामंत्री सत्यम सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, डॉ. कोबीदेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. कुमार गौरव सिंह, एलटी संतलाल, नर्स फूलमती, कामना सिंह, डॉ. जटाशंकर मिश्रा, डॉ. राकेश मिश्रा, डॉ. सुशील यादव, शाह मोहम्मद, कुलदीप, अमरजीत सहित आदि लोग रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिकित्सकीय टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

जनसंदेश न्यूज



आंगनवाड़ी केंद्र जमुन्द भाग दो पर बच्चों का परीक्षण करते चिकित्सक डॉ. नीलेश जायसवाल

**भदोही।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आगनबाड़ी केंद्रों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बनाई गई स्वास्थ्य टीम द्वारा वर्ष में दो बार (छमाही) स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता। इसी क्रम में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही के चिकित्साधिकारी डॉ. नीलेश जायसवाल व नेत्र सहायक सतीश कुमार ने आगनबाड़ी केंद्र जमुन्द भाग दो में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

जिसमें मुख्य रूप से बच्चो में जन्मजात दोष (कुपोषण) तथा सामान्य बीमारियों का परिक्षण किया गया। अधिकतर बच्चों में पाया जाता है कि बच्चे पूरे दिन धूल मिट्टी में खेलते रहते है जिससे कि उनके कानों और आँखों मे ज्यादा समस्याएं पाई जाती है। चिकित्सक डॉ. नीलेश जायसवाल ने बताया कि इन समस्याओं को देखते हुए सभी आगनबाड़ी केंद्रों पर जांच टीम द्वारा बच्चों में मुख्य रूप से कान, तालु, हृदय दोष, जन्मजात मोतियाबिंद, कान का बहना (ओटाइटिस), बच्चों में विटामिन डी की कमी, आयोडीन की कमी, चर्मरोग तथा कि में टीबी या कुष्ट (लेप्रोसी) का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मोहल्ला जमुन्द आगनबाड़ी केंद्र भाग दो पर डॉ. नीलेश जायसवाल द्वारा खास कर केंद्र पर आई बच्चों की माताओं को साफ सफाई व बच्चों के कान में तेल व आंखों में काजल न लगाने की सलाह दी। जांच के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री नूर बानों मौजूद रही।



# 15 को सूर्यदेव का मकर राशि में होगा प्रवेश

## शुभ लग्न का आगाज

मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। इस दिन ऊर्जा का प्रवाह होता है। स्नान- दान से पुण्य मिलता है। संक्रांति को लोहड़ी खिचड़ी पोंगल जैसे नामों से भी जानते हैं। वाराणसी, हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व मकर संक्रांति 15 जनवरी 2023 मनाया जाएगा। पंचांगों के अनुसार, सूर्य 15 जनवरी की रात्रि 3.02 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार उदयातिथि के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व रविवार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी के साथ खरमास का समापन होगा और हिंदू धर्म के मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा। इस दिन स्नान-दान, पूजा-पाठ और तिल खाने की परंपरा है। खिचड़ी खाने का भी विशेष महत्व है। दूसरी ओर, पौष पूर्णिमा पर शुक्रवार को पुण्य की डुबकी के साथ माघ पर्यंत स्नान-दान समेत अन्य अनुष्ठान शुरू हो गए। गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई।प्रख्यात ज्योतिषाचार्य ऋषि द्विवेदी के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऋतुओं में बदलाव होता है। इस दिन स्थान-दान, पूजा-पाठ आदि करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। देशभर में इस पर्व को धूम-धाम से मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार इसी दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन से ही ऋतु में परिवर्तन होने लगता है। इसके बाद से ही वसंत का आगमन शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति को देशभर में अलग-अलग नामों लोहड़ी, खिचड़ी, पोंगल जैसे नामों से भी जानते हैं।

## खरमास का होगा समापन बजने लगेगी शहनाई



## पंचांग के अनुसार शुभ मुहूर्त

*मकर संक्रांति का पुण्य काल आरंभ : प्रातः 06:42 मिनट से*

*मकर संक्रांति का पुण्य काल समाप्त : सायं 05:18 मिनट तक*

### मकर संक्रांति पर विशेष संयोग

*संपूर्णानंद संस्कृत विवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार शुक्ल बताते हैं कि मकर संक्रांति 2023 में एक विशेष संयोग बनेगा। 15 जनवरी को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, वहीं मकर राशि में पहले से ही शुक्र व शनि ग्रह विराजमान रहेंगे।*





# वाकई तबाह होने वाला है जोशीमठ?

**विशेषज्ञ का मानना है कि इसे धंसने से कोई नहीं रोक सकता**

**सुरंग के चलते रोज छह करोड़ लीटर पानी बहने से खोखला हुआ पहाड़**

**अब से 13-14 साल पहले की बात है जब बड़े शहरों की जमीन के नीचे मेट्रो ट्रेन के लिए चुपचाप सुरंगें खोदी जा रही थी। उसी में एक बड़ी टनल बोरिंग मशीन फंस गई और सामने हजारो लीटर साफ पानी बहने लगा। महीनों बीत गए, लेकिन काबिल से काबिल इंजीनियर न इस पानी को रोक सके और न टीबीएम चालू हुई। दरअसल, इंसान निर्मित इस मशीन ने प्रकृति के बनाए एक बड़े जल भंडार में छेद कर दिया था। लंबे समय तक रोज 6 से 7 करोड़ लीटर पानी बहता रहता है। धीरे-धीरे ये जल भंडार खाली हो गया। यह जल भंडार जोशीमठ के ऊपर पास ही बहने वाली अलकनंदा नदी के बाएं किनारे पर खड़े पहाड़ के तीन किलोमीटर अंदर था। हिंदुओं और सिखों के पवित्र तीर्थ बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब का गेटवे कहा जाने वाला ये वही जोशीमठ नगर है, जिसके धंसने की खबरें इन दिनों में सुर्खियों में हैं। इस नगर के 603 मकानों में दरारें पड़ चुकी हैं। 70 परिवारों को दूसरी जगह भेजा जा चुका है। बाकी लोगों से सरकारी राहत शिविरों में जाने को कहा गया है। जोशीमठ वाले जलभंडार के खाली होने से इलाके के कई छोटे झरने और पानी के स्त्रोत सूख गए हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि बिना पानी जोशीमठ के नीचे के जमीन भी सूख गई है। इसी वजह से दरके हुए पहाड़ों के मलबे पर बसा जोशीमठ धंस रहा है। उनका दावा है कि अब इस नगर को तबाह होने से बचाना मुश्किल है। टीबीएम मशीन से ये सुरंग गढ़वाल के पास जोशीमठ में बन रहे विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए खोदी जा रही थी। यह नेशनल थर्मल पावर कॉपोरेशन का प्रोजेक्ट है। विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट रन ऑफ रिवर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट है, यानी इसमें नदी के पानी को बांध बनाकर स्टोर नहीं किया जाएगा, बल्कि बैराज के जरिए तेज ढलान वाली सुरंगों से गुजरने वाले पानी की ताकत से बिजली बनेगी। प्रोजेक्ट का बैराज 200 मीटर लंबा और 22 मीटर ऊंचा होगा। बैराज में पानी का बहाव कंट्रोल करने के लिए 12मी ऊंचे और 14मीटर चौड़े चार गेट होंगे।**

## पहले भी शिफ्ट हो चुका है जोशीमठ

जूलॉजिस्ट और डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री रानीचौरी में एसपी सती कहते हैं कि जोशीमठ टूटे हुए पहाड़ों के जिस मलबे पर बसा है वह अब तेजी धंस रहा है और अब इसे किसी भी तरह से रोका नहीं जा सकता है। बहुत जल्द ऐसा भी हो सकता है कि एक साथ 50 से 100 घर गिर जाएं। इसलिए सबसे जरूरी काम है यहां से लोगों को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए। ये कड़वा सच है कि जोशीमठ को धंसने से अब कोई नहीं बचा सकता है। माना जाता है कि जोशीमठ शहर मोरेन पर बसा हुआ है, लेकिन यह सच नहीं। जोशीमठ मोरेन पर नहीं बल्कि लैंडस्लाइड मटेरियल पर बसा हुआ है। मोरेन सिर्फ ग्लेशियर से लाए मटेरियल को कहते हैं, जबकि ग्रैविटी के चलते पहाड़ों के टूटने से जमा मटेरियल को लैंडस्लाइड मटेरियल कहते हैं। जोशीमठ शहर ऐसे ही मटेरियल पर बसा हुआ है।

करीब एक हजार साल पहले लैंडस्लाइड हुआ था। तब जोशीमठ कत्युरी राजवंश की राजधानी थी। इतिहासकार शिवप्रसाद डबराल ने अपनी किताब उत्तराखंड का इतिहास में बताया है कि लैंडस्लाइड के चलते जोशीमठ की पूरी आबादी को नई राजधानी कार्तिकेयपुर शिफ्ट किया गया था। यानी जोशीमठ एक बार पहले भी शिफ्ट किया जा चुका है।

1939 में छपी एक किताब के लेखक स्विस एक्सपर्ट और लेखक हैं प्रो. अर्नोल्ड हेम और प्रो. आगस्टो गैंसर। किताब में दोनों ने 84 साल पहले ही लिखा था कि जोशीमठ लैंडस्लाइड के ढेर पर बसा हुआ है। 1976 में भी जोशीमठ में लैंडस्लाइड की कई घटनाएं हुई थीं। उस समय के गढ़वाल कमिश्नर महेश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में सरकार ने एक कमेटी बनाई थी। उन्होंने रिपोर्ट में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाने की सिफारिश की थी। साथ ही कहा था कि बहुत जरूरत हो तो पूरी रिसर्च के बाद ही इसे किया जाना चाहिए।

इरैटिक बोल्डर को डिस्टर्ब नहीं करें यानी तोड़े नहीं। इरैटिक बोल्डर यानी मकान से भी बड़े पत्थर। इस रिपोर्ट में सीधे तौर पर बड़े कंस्ट्रक्शन और ब्लास्टिंग नहीं करने की सलाह दी गई थी। हालांकि, सरकार ने सलाह मानने के बजाय इस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

इसके बाद यहां पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगाए जाते हैं और सड़क का चौड़ीकरण किया जाता है।



## साल 2010 : जमीन धंसने की चेतावनी दी थी

साल 2010 में भी एक रिपोर्ट में जोशीमठ के टाइम बम बनने की बात कही गई थी। यह रिपोर्ट 25 मई 2010 को करेंट साइंस जर्नल में पब्लिश हुई थी। करेंट साइंस जर्नल की स्थापना 1932 में सीवी रमन ने की थी। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि गढ़वाल में जोशीमठ के करीब विष्णुगढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए टनल बोरिंग मशीन यानी लाइट सुरंग की खुदाई कर रही थी। 24 दिसंबर 2009 को टनल बोरिंग मशीन एक जल स्रोत को पंक्चर कर देती है। इसकी वजह से यहां पर 700 से 800 लीटर पानी प्रति सेकेंड निकलने लगा। यानी एक दिन में 6 से 7 करोड़ लीटर पानी निकलने लगा, जो 20 से 30 लाख लोगों पर्याप्त होता है। रिपोर्ट में चेताते हुए लिखा गया था कि प्राकृतिक रूप से जमा पानी के इस तरह बह जाने से बड़ी आपदा का अंदेशा है। सुरंग से निकलने वाले पानी की वजह से आसपास के झरने सूख जाएंगे। जोशीमठ के आसपास की बस्तियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा। कई झरनों के सूखने की भी सूचना है। अचानक और बड़े पैमाने पर पानी बहने से क्षेत्र में जमीने तेजी से धंसना शुरू हो सकती हैं। इससे जोशीमठ का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। जियोलॉजिस्ट और उत्तराखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के निदेशक प्रोफेसर एमपीएस बिष्ट ने यह रिपोर्ट तैयार की थी। उन्होंने इस रिपोर्ट को डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर उत्तराखंड को भेजा था।

# फातमान में है जनाबे फातिमा का रौजा

- फातिमा बीबी हजरत मो. साहब की बेटी व हसन हुसैन की थीं मां
- यहां पर हिंदू-मुस्लिम सभी आकर मानते हैं मन्नतें
- फातमान का नाम फातिमा बीबी के नाम पर पड़ा
- जश्ने विलादत पर अकीदतमंदों ने खिलायी मिठाइयां



जनाबे फातिमा बीबी के रौजे पर दुआख्वानी करते अकीदतमंद



**राधेश्याम कमल**

हजरत मोहम्मद साहब (सं.) की बेटी एवं हसन हुसैन की मां खातून जन्नत बीबी फातिमा का रौजा दरगाहे फातमान में है। फातिमा बीबी का जन्म मक्का में हुआ था। उन्होंने सारी दुनिया की महिलाओं को जीवन यापन का मार्गदर्शन दिया। फातिमा बीबी को खातून जन्नत के नाम से जाना जाता है। दरगाहे फातमान का नाम भी फातिमा बीबी के नाम पर पड़ा है। यहां पर उनके रौजे पर चाहे हिंदू हो या फिर मुसलमान सभी लोग आकर अपनी-अपनी मन्नतें मानते हैं। जनाबे फातिमा का जश्ने विलादत (जयंती) हर साल पूरे देश व दुनिया में पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ मनायी जाती है। इस साल भी 13 जनवरी शुक्रवार को बनारस में मनायी जायेगी। इस दिन से लेकर लगातार तीन दिनों तक शहर भर में जयंती को लेकर विभिन्न आयोजन किये गये हैं। इसको लेकर शहर के कई स्थानों पर महफिलें सजायी जायेगी। बीबी फातिमा की जयंती का जश्न जन्मदिन की पूर्व संध्या यानि गुरुवार को शुरू हो गया। गुरुवार को सुबह फातमान स्थित जनाबे फातिमा बीबी के रौजे पर हाजी सैय्यद फरमान हैदर के नेतृत्व में अकीदतमंदों ने दुआख्वानी की। इस मौके पर हैदर मौलाई ने कलाम पेश किया। तकरीर फरमान हैदर ने किया। इस मौके पर सब्बीर हसन, शेर अली, बच्चा अली, छोटे साहब, डा. रिजवी, हसन अली एडवोकेट, फिरोज हुसैन, शौकत खान, समर बनारसी, आमीर हुसैन समेत काफी अकीदतमंद शामिल थे। पूर्व संध्या पर बजरडीहा मस्जिद हसनैन, दालमंडी स्थित शाहिद अली के आवास, दोषीपुरा, पठानीटोला, प्रहलादघाट, अर्दलीबाजार आदि इलाकों में भी बीबी फातिमा के जश्ने विलादत का आगाज हो गया। लोगों ने जश्ने विलादत पर एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलायी। कदीमी महफिल कालीमहल में 13 जनवरी को अपराह्न तीन बजे आयोजित होगी। यह महफिल सलमान हैदर के संयोजन में होगी। जबकि जेपी टावर में खवातीन की महफिल नुजहत फातमा के संयोजन में होगी। 13 जनवरी को मुकीमगंज स्थित इमामिया अरबी कालेज में कदीमी महफिल का आयोजन सायंकाल सात बजे किया गया है। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हजरत अली समिति के सचिव हाजी सैय्यद फरमान हैदर बताते हैं कि जुम्मा अपने आप में ईद का दिन माना जाता है। मुस्लिम समुदाय में जुम्मे का एक अलग ही महत्व है। इसी दिन बीबी फातिमा की 1451वीं जयंती मनायी जायेगी। बीबी फातिमा का जन्म 1451 साल पहले मक्का में हुआ था। फातमान में फातिमा बीबी का रौजा है जहां पर सभी वर्ग के लोग आकर अपनी-अपनी मन्नतें मानते हैं। मोहर्रम में दो महीना 8 दिन दरगाहे फातमान में जैसी रौनक शहर में कहीं भी नहीं देखने को मिलती है। यह शिया समुदाय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। बीबी फातिमा का एक और रौजा सदर इमामबाड़ा लाट सरैया में भी मौजूद है। बीबी फातिमा का जन्म हर साल हिजरी कैलेण्डर के हिसाब से 20 जमादी उस्सानी को मनाया जाता है।



## जयंती पर कहां-कहां होगा आयोजन

सैयद फरमान हैदर ने बताया कि 13 जनवरी को कालीमहल जेपी टावर और इमाम बारगाह इमदाद और फुरकान काली महल में महफिल का आयोजन होगा। उसके बाद इमाम हसन का दस्तरखान सजेगा। महफिल में शिरकत करने वालों में प्रो. अजीज हैदर, असगर आजमी, इमरान हैदरी, डॉ शफीक हैदर, अतश बनारसी, अतहर बनारसी आदि शायर अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं मौलाना जमीर उल हसन की अध्यक्षता में जव्वादिया अरबी कॉलेज के समस्त छात्र सामूहिक दुआखानी करेंगे।

## फातिमा बीबी के रौजे में पुरुषों का प्रवेश वर्जित



दरगाहे फातमान के मुतवल्ली शफक रिजवी बताते हैं कि फातमान में फातिमा बीबी का जो रौजा है उसमें पुरुषों का प्रवेश वर्जित है। इसमें सिर्फ खवातीन (महिलाएं) ही अंदर प्रवेश कर इबादत करती हैं। यहां पर शेख अली हाजी की मजार है। उनको राजा चेतसिंह ने इस फातमान की जमीन को भेंट किया था। बाद में शेख अली हाजी ने इसको बीबी फातिमा को दे दिया। बाद में उन्होंने फातमान को शिया समुदाय को भेंट कर दिया। दरगाहे फातमान में तीन मस्जिदें हैं जिसमें ईदगाह, मस्जिद रसूले खुदा, मस्जिद मौला अली है। इसमें बीबी फातिमा का रौजा, हजरत अली का रौजा, इमाम हुसैन का रौजा, हजरत अब्बास का रौजा, उम्मुबनीन का रौजा है। इसके साथ ही बीबी फातिमा की बड़ी बेटी बीबी जैनब का रौजा, पोती बीबी शकीना का रौजा भी है।

## दरगाहे फातमान में आकर मिलता है सुकून: अनिल सोनकर



दरगाहे फातमान में फातमान निवासी अनिल सोनकर बचपन से आते हैं। वे यहां आकर अपनी मन्नत मान कर इबादत भी करते हैं। गुरुवार को भी फातिमा बीबी की जयंती की पूर्व संध्या पर अपनी छोटी बच्ची अनन्या के साथ आये हुए थे। बातचीत में बताया कि यहां पर आकर उन्हें एक सुकून सा मिलता है। वे कैंट रेलवे स्टेशन के समीप अपनी प्राइवेट कार्य करते हैं।

## हीरावती फातमान में 18 साल से आ रही हैं



गोलगड्डा निवासिनी महिला हीरावती पिछले 18 सालों से दरगाहे फातमान में आ रही है। उनके साथ उनकी बेटी रिंकी (बड़ी गैबी) भी आती है। मां-बेटी यहां आकर अपनी मन्नत मानती हैं। वह हर गुरुवार को यहां पर हाजिरी लगाती हैं।